CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDJ User: cci Time: 04-09-2026 21:53 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 > चैत्र 20 शक संवत 1948 वैशाख कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 84 > पेज 20* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*वार्षिक खरीद पर ही लागू

सत्ता हथियाने के लिए BJP ने 91 लाख मतदाता हटाए: ममता

▶ देखें अंदर

NBT

नवभारत टाइम्स

बंगाल में सत्ता परिवर्तन होगा, TMC के पाप का घड़ा भरा:PM

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

TM
ARIHANT GROUP
BOND OF QUALITY & COMMITMENT

Arihant Seasons
RERA No. UPRERAPRJ974543/02/2026 | www.up-rera.in/viewprojects
HDFC BANK LTD.
Account No. - 99992804202527 | IFSC Code: HDFC0000088
Branch: Ansal Arcade, Sec. 18, NOIDA
Launch Date: 24-02-2026

ALL SEASONS.
ONE ADDRESS.

SECTOR 22D
YAMUNA EXPRESSWAY

3 & 4 BED RESIDENCES
REVEALING SOON

www.arihantbuildcon.com

80100 00108

Member Of:
CREDAI
NATIONAL CAPITAL REGION (WESTERN UP)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP6 User: devid.sharma@timesofindia.com Time: 04-09-2026 22:44 Color:

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
वन एवं वन्यजीव विभाग

वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार में प्रतिनिधि के आधार पर "वनरेंजर" के पद पर रिक्तियों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

कुल पदः 02

आवेदन की अंतिम तिथिः 15.05.2026

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाइट देखें।

(https://tinyurl.com/2s4xx84e)

DIP/Shabdarth/Classified/0011/26-27

उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इस्टी0-सी-2026-73 | अनुमानित लागत रु : 103873656.85

कार्य का नाम : झाँसी : प्रोविजन ऑफ ग्रेट कस्टमर एमिनिटीज इन एक्सिस्टिंग गुड्स शेड एट पामा रेलवे स्टेशन।

अमानत राशि : 2077500.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 28.04.2026 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह

• निविदा दिनांक 28.04.2026 को 15-00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 765/26 (AS)

CPRONCR | North central railways | cpronrcrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

ई-निविदा सूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लि. पात्र ठेकेदारों से आयआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से सिंगल पैकेट प्रणाली में निम्नलिखित कार्य हेतु विशेष सीमित निविदा आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम:** विस्तृत डिजाइन परामर्श (डिडिसी) एवं साइट सेवाएं/पर्यवेक्षण - (i) मौजूदा 544 मीटर लंबी ओल्ड गोवा सुरंग के समानांतर एक नई सुरंग तथा मौजूदा 1561 मीटर लंबी पेडणे सुरंग के समानांतर दूसरी नई सुरंग के निर्माण हेतु और (ii) कोंकण रेलवे मार्ग पर स्थित मौजूदा ओल्ड गोवा एवं पेडणे सुरंगों के पुनर्वास हेतु, गोवा राज्य, भारत। **निविदा सूचना सं.: केआर/डब्ल्यू/09/2026/02, विज्ञापित कार्य लागत:** रु. 17,13,50,000/- (जीएसटी छोड़कर)। **बंद होने की तिथि/समय:** 30.04.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन प्रस्ताव/बोली जमा करने हेतु। **पूर्णता अवधि:** 38 (अड़तीस) माह। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण/भागीदारी हेतु कृपया www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल इसी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

संध्या

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका नाम **संध्या पुत्री** रामेश्वर, **निवासी** मकान नं0 सी–43/127, अम्बेडकर बस्ती, करोल बाग, दिल्ली, उम्र–20 वर्ष, जो कि अपने घर से दिनांक 01.04.2026 को लगभग रात्रि 09:30 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **DD No. 116A, Dated 03.04.2026,** के तहत **पुलिस स्टेशन देश बन्धु गुप्ता रोड, सैंट्रल जिला, नई दिल्ली–110005,** में पंजीकृत किया गया है। महिला का शारीरिक विवरण इस प्रकार है: **लिंग:** महिला, **कद:** 5'1", **रंग:** साफ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** दुबला, **पहनावा:** बैंगनी रंग की फ्राक सूट व पजामी और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन देश बन्धु गुप्ता रोड,
सैंट्रल जिला, नई दिल्ली–110005
फोनः 8750870429, 9891562960

वेबसाइटः https://cbi.nic.in
DP/4596/CD/2026

उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति	03-SRDEE-G-DLI-2026-27. इसमें संबंधित विद्युत कार्य (i) पुराने ओआरएच के स्थान पर ओआरएच गाजियाबाद में 2 पारिवारिक और 6 व्यक्तिगत सुइट्स का प्रावधान। (ii) एडेन/गाजियाबाद के अंतर्गत भूमिगत टैंक और पंप हाउस, विद्युत उप-स्टेशन का निर्माण, जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार। (iii) ईएलएस/गाजियाबाद की आवास क्षमता को 200 से बढ़ाकर 225 करना। (iv) ईएलएस/गाजियाबाद में शेड और दुकान में उपलब्ध सुविधाओं का पुनर्गठन। (v) ईएलएस/गाजियाबाद में अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का प्रावधान।
निविदा की अनुमानित लागत	रु. 11909661.90/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि	रु0 238200.00/-
निविदा निवेदन की दिनांक व समय	30.04.2026, 15.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय	30.04.2026, 15.00 बजे
वेब साइट व नोटिस बोर्ड	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1178/2026

अब सताएगी गर्मी, 40 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

23 अप्रैल तक नहीं होगी बारिश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

हवाएं चलने की वजह से तापमान बहुत अधिक नहीं बढ़ा। अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.3 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.7 डिग्री कम रहा। पालम में अधिकतम तापमान 29.6, लोदी रोड में 30.6, रिज में 31 और आया नगर में 30.5 डिग्री रहा। 15 दिन का हाल बताने वाली कुछ प्राइवेट वेबसाइट्स के अनुसार 20 अप्रैल के बाद लू का प्रकोप शुरू हो सकता है। गुरुवार को पालम में 16 सालों की सबसे ठंडी सुबह रही। 2010 से 2026 के बीच अप्रैल में पालम का न्यूनतम तापमान कभी 14.6 डिग्री दर्ज नहीं हुआ। यह सामान्य से 5.4 डिग्री कम रहा। इससे पूर्व 2020 में न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री रहा था।

अप्रैल के अब तक के दिन कूल रहे हैं। अब आने वाले दिनों में अप्रैल वाली गर्मी झेलने की तैयारी कर लिजिए। अगले 5-6 दिनों में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। अगले सात दिनों के दौरान बारिश की संभावना भी नहीं है। 15 दिन का मौसम का हाल बताने वाली कुछ प्राइवेट वेबसाइट के अनुसार 22-23 अप्रैल तक अब बारिश नहीं होगी। 20 अप्रैल के बाद तापमान 40 डिग्री से भी ऊपर पहुंच सकता है। वहीं पालम में गुरुवार को 16 सालों की सबसे ठंडी सुबह रही। तापमान महज 14.6 डिग्री रहा।

कुछ दिनों से बूंदाबांदी होने के बाद गुरुवार सुबह निकली धूप

बीते कुछ दिनों से बौछारें और बूंदाबांदी होने के बाद गुरुवार सुबह से धूप निकल गई। इसकी वजह से बीते दो दिनों की तुलना में लोगों को गर्मी लगी। ठंडी

बारिश थमने के बाद बढ़ा प्रदूषण

प्रदूषण का स्तर गुरुवार को एक बार फिर बढ़कर सामान्य स्तर पर पहुंच गया। सुबह करीब 10 बजे प्रदूषण का स्तर संतोषजनक था। धूप खिलने और धूल की वजह से इसमें इजाफा हुआ। शाम 4 बजे तक यह सामान्य स्तर पर पहुंच गया। सीपीसीबी के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 101 रहा। मुख्य प्रदूषक ओजोन और पीएम 2.5 रहा। सुबह 10 बजे इसका स्तर 93 था। फरीदाबाद का एक्यूआई 117, गाजियाबाद का 146, ग्रेटर नोएडा का 133, गुरुग्राम का 101 और नोएडा का 107 रहा।

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नामः मालूम नही, पुत्रः मालूम नही, **निवासः** मालूम नही, **उम्रः** लगभग 50 वर्ष, **कदः** 5'5", **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** स्लेटी रंग की शर्ट एवं ग्रे रंग की पैन्ट पहनी हुई है। **पहचानः** दाहिने हाथ पर 'देवेन्द्र कुमार' लिखा हुआ है। जो एक्स–रे मशीन, प्लेट फार्म नं. 16, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में पाया गया था। इस बावत **DD/FIR No. 44A दिनांक 13.03.2026 थानाः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।**

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थानाः पु0 दिल्ली रेलवे स्टे0, दिल्ली
फोनः 8750871302, 9868916031

DP/4581/RLY/2026 (UIDB)

पहचान की अपील

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 70 साल, **कदः** 5'6", **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम **बालः** छोटे और सफेद, दाढ़ी के साथ **पहनावाः** बैंगनी रंग की शर्ट और काला पजामा **बरामदगी स्थलः** सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली, मृतक के शव को पहचान के लिए सफदरजंग, अस्पताल मोर्चरी नई दिल्ली, मे सुरक्षित रखा गया है

इस सम्बंध में **DD No. 34A** दिनांकः **21.03.2026 पुलिस स्टेशनः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली
फोनः 9970912375, 7065036231

DP/4622/SW/2026

गुमशुदा की तलाश

खुशी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **खुशी, पुत्रीः खुर्शीद आलम, पताः म.नं. ई–5/18, नंद नगरी, दिल्ली–110093 जोकि दिनांक 06.04.2026 को सुबह करीब 09:30 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ मे **FIR No. 199/2026, U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता–2023, दिनांक 08.04.2026** पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली मे रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है:

नामः खुशी, उम्रः 17 वर्ष, कदः 5'6", रंगः गेहुँआ, शरीरः गोल मटोल, चेहराः गोल, पहनावाः नीले रंग का सूट–सलवार और पैरों में नीले रंग की चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे मे कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in

फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली
फोनः 8750870733

DP/4614/NE/2026

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

NOTICE is hereby given to the public at large that the Original Agreement / Title Deed dated 27th March 1980 (Nineteen Hundred Eighty) executed between M/s Haribhai Estates Pvt. Ltd., having its registered office at Maker Bhavan I, Sir V.T. Marg, Mumbai - 400020 (referred as the Builders), and Consulting Engineering Services (India) Pvt. Ltd. (now known as CEE-ES Development Consultants Private Limited) (referred as the Purchasers), in respect of the office premises described herein the Schedule below, has been lost/misplaced. Any person having any claim, right, title or interest in the said agreement and/or the said premises by way of inheritance, sale, mortgage, lease, lien, charge or otherwise, or holding the original document, is hereby required to notify the undersigned in writing within 14 days from the date hereof, failing which it shall be deemed that no such claims exist and the owner shall proceed with obtaining duplicate documents or further do transactions as per law. Schedule: Office No. 41A, admeasuring 1105.65 sq. ft. carpet area, 4th Floor, "Maker Towers E", Cuffe Parade Mumbai 400005, constructed on Plot Nos. 73A, 74, 83, 84 & 85, admeasuring in the aggregate 31,685.34 square meters in Block V in Backbay Reclamation Scheme, District of Bombay. Ankit Pandey Advocate Office: A-81, First Floor, South Ex., Part-II, New Delhi-110049

PUBLIC NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN THAT our Clients intend to purchase Entire property No. 02, POCKET 5-A, SECTOR-25, ROHINI, New Delhi 110085 ("Said Property") from its owner Mrs. SAVITRI GREWAL, W/o RAMESH CHANDER, R/o House No. H-153, Gurudwara Road, Vikas Puri, Tilak Nagar, West Delhi 110018.

Any entity/person having or claiming any right, title, claim, benefit, demand or interest etc. with respect to the said Property or having any objection to the same should inform undersigned at the address mentioned herein below in writing within a period of 15 (Fifteen days) from the date of publication of this Notice, failing which it shall be presumed that no adverse right, title, interest, share, claim or demand of any nature whatsoever exists in or upon or in respect of the said Property.

Aakash Bhat, Advocate
14-C, Pocket-B, Mayur Vihar, Phase-2, Delhi-10091.
Ph. No.: +91-8800798416

सार्वजनिक सूचना

यह सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि **वशिका ग्रीन स्क्वायर,** जिसे M/s Dishita Infra Pvt. Ltd. द्वारा विकसित किया जा रहा है, के संबंध में **अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी–2013 में संशोधन (Memo No. PF-27-Vol-III/2026/11396 दिनांक 08.04.2026)** के अनुसार आवंटन दरों में संशोधन किया गया है।

चूंकि आवेदन आमंत्रित किए गए थे, अतः यह सूचित किया जाता है कि यूनिट का आवंटन अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी–2013 में संशोधन (Memo No. PF-27-Vol-III/2026/11396 दिनांक 08.04.2026) के अनुसार संशोधित लागू दरों पर किया जाएगा।

संशोधित दरें (प्रति वर्ग फुट कारपेट एरिया) :
• गुरुग्राम : ₹ 5,575/–

अतिरिक्त शुल्कः
• बालकनी: ₹ 1,300 प्रति वर्ग फुट (अधिकतम 100 वर्ग फुट तक, कुल ₹ 1.30 लाख प्रति फ्लैट से अधिक नहीं)

जो आवेदक संशोधित दरों को स्वीकार नहीं करते हैं, वे अपना आवेदन वापस ले सकते हैं, और जमा की गई राशि नियमानुसार बिना किसी कटौती के वापस कर दी जाएगी।

किसी भी प्रश्न के लिए कृपया 9990202104 पर संपर्क करें या customercare@yashikagroup.in पर ईमेल करें, इस सूचना की तिथि से 3 दिनों के भीतर। यह सूचना लागू नीति दिशा–निर्देशों के अनुपालन में जारी की जा रही है।

M/s Dishita Infra Pvt. Ltd.
(डेवलपर)

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग, पहला तल,
यूनियन बैंक भवन, 239,
विधान भवन मार्ग,
नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021

ब्रोकरों को सूचीबद्ध करने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने की सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बीमा ब्रोकरों को सूचीबद्ध करने के लिए सीलबंद लिफाफे में अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। ईओआई दस्तावेज़ का संपूर्ण सेट बैंक की वेबसाइट **www.unionbankofindia.bank.in** तथा सरकारी पोर्टल **www.eprocure.gov.in** पर दिनांक **10-04-2026 से 30-04-2026** की अवधि तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक बोलीकर्ता उक्त वेबसाइटों से संबंधित दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं और बैंक को प्रस्तुत कर सकते हैं। ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **30-04-2026 अपराह्न 3.00 बजे** तक है। अधिक जानकारी हेतु कृपया उपरोक्त वेबसाइटों पर जाएं। बैंक किसी भी या सभी ईओआई को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है।

उप महाप्रबंधक

प्रॉपर्टी

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

For Lease / Rent
Prime Location in Jaipur
Above Skoda Cars showroom
Fully Approved, Commercial Floor
SV TOWER, Haldighati Chauraha, Pratap Nagar, Main Tonk Road, Jaipur

Call: 9116699742

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Nitin S/o Ajmer Singh R/o 1032/31 Chottu Ram Colony, Rohtak have changed my name from Nitin to Nitin Bazzad for all future purposes.

I, Vedpal Singh, S/o Late Shri Deep Chand, born on 05-Mar-1970, residing at E-83 Sector - 51 Noida, U.P, have changed my name to Vedpal Chauhan and my father's name to Late Shri Deep Chand Chauhan vide affidavit dated 26-FEB-2026 at Noida, and shall hereafter be known as Vedpal Chauhan, S/o Late Shri Deep Chand Chauhan for all purposes.

I Devakshi Dhawan W/o Shiva Dhawan, R/o Nangal Dewat, Vasant Kunj, South West Delhi, Delhi - 110070 have changed my name from Devakshi Nayar to Devakshi Dhawan for all future purposes.

I Sudhir Dhawan S/o G L Dhawan, R/o Nangal Dewat, Vasant Kunj, South West Delhi, Delhi - 110070 have changed my name from Sudhir Kumar Dhawan to Sudhir Dhawan for all future purposes.

I Yogesh Ambawata S/O PARMINDER Ambawata R/o H.No.4, Main Road, jonapur, Gaon, Mahrauli, South Delhi, Delhi -110047 have changed my name from Yogesh to Yogesh Ambawata for all future purposes.

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

प्रशासन

कार्यालय सहायक

REQD. Office Assistant M/F 12th/Graduate with Basic Computer, Residence nearby Uttam Nagar area. Contact soon: 8750196273, 8506983272.

TIMES interact

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS

• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518

• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

HEALTH & WELLNESS

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स रिलेटेड इशू
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, मुलोवाली गली, नांगलोई, दिल्ली–41
9873144909
9821124909

BOOK YOUR PROPERTY ADS
CALL : 18001205474 (Toll Free)
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com

GALLERIA TIMES interact

Please Come And Visit Us At
CANTON FAIR 2026
139th CANTON FAIR | Date: 15-19 April 2026
Hall 5.1D41-42
ALL STAR IMPORT & EXPORT CO.,LTD
义乌亘查进出口有限公司
Address: Yiwu International business Center (Yiwu Gou Building)
China, Zhejiang Province, Yiwu City, Yihai Road No.399,8F-806
MOB: 0086 13185101470, EMAIL: 1163710569@QQ.COM, WEB SITE: https://allstarbaku.m.en.alibaba.com
Mob./Whats App : +91 6359786786, Website : www.allstar-universe.com

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹135000 Per 10g*
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | RECRUITMENT, EDUCATION | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	9811790649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

500 स्टूडेंट्स को जारी की गई स्कॉलरशिप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः मेयर राजा इकबाल सिंह ने एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले 500 प्रतिभाशाली छात्रों को सीधे उनके बैंक अकाउंट में स्कॉलरशिप ट्रांसफर की गई। इस मौके पर मेयर ने वेब ऐप का भी विमोचन किया। इस अवसर पर अडिशनल कमिश्नर संजीव मित्तल, एजुकेशन डायरेक्टर निखिल तिवारी, एसएआरडी एनजीओ से सुधीर भटनागर, सनग्रो कंपनी से तरुण, निगम के शिक्षा विभाग के कई सीनियर अधिकारी टीचर्स मौजूद रहे। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि निगम का सौभाग्य है कि उसके पास इतने अच्छे टीचर हैं।

इस मौके पर मेयर ने वेब ऐप का भी विमोचन किया

कांग्रेस की मांग किसानों को मुआवजा दे सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य में बेमौसम भारी बारिश और ओला गिरने से दिल्ली देहात में कटी और खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ है। इस पर रेखा गुप्ता सरकार की तरफ से किसी भी तरह के मुआवजे की घोषणा नहीं करना बीजेपी का किसान विरोधी चेहरा सामने लाता है। उन्होंने सरकार से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 50,000 रुपये मुआवजा देने की मांग की। दिल्ली कांग्रेस के सीनियर प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने बीजेपी की पीएम उदय योजना पर हमला करते हुए कहा कि यह योजना दरअसल एक फ्लॉप नीति है, जिसे दोबारा पेश कर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

'भगवान से दूरी केवल अज्ञानता के कारण है'

■ NBT न्यूज, नई दिल्लीः विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर राजधानी के सभी दिगंबर, श्वेतांबर मंदिरों और स्थानकों आदि में गुरुवार को सुबह विश्व कल्याण हेतु नवकार महामंत्र का जाप्यानुष्ठान किया गया। प्राचीन अग्रवाल दि. जैन पंचायत के तत्वावधान में पुनीत जैन व नीरज जैन के संयोजन में मेरू मंदिर चांदनी चौक से लाल मंदिर और लालकिला प्रांगण तक जाप्यानुष्ठान के साथ पद यात्रा निकाली गई। अहिंसा स्थल महरौली में डॉ अनेकांत जैन के संयोजन में जाप किया गया। निर्माण विहार, शकरपुर, लक्ष्मीनगर, भोगल, शकरपुर और सभी मंदिरों में विश्व शांति हेतु जाप किया गया। संतों, विद्वानों ने बताया कि इसी मंत्र से 84 लाख मंत्रों की रचना हुई है, इसीलिए इसे महामंत्र कहा जाता है। पवित्र-अपवित्र कैसी भी स्थिति हो, इसे हर समय जपा जा सकता है।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

संवारा जाएगा ITO ड्रेन, दीवारों पर बनेगी पेंटिंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः आईटीओ से गुजरने वाली ड्रेन नंबर-12 का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। ड्रेन के किनारे अन्ना नगर झुग्गी बस्ती की ओर गार्डन एरिया भी डिवेलप किया जाएगा। ड्रेन के किनारे स्थित करीब 2100 वर्ग मीटर एरिया को गार्डन एरिया डिवेलप करने का प्लान बनाया गया है। गार्डन एरिया में बैम्बू बुद्धा बैली के 70 से 90 सेंटीमीटर ऊंचे पेड़ भी लगाए जाएंगे।

सिंचाई व बाढ़ विभाग अफसरों के अनुसार, आईटीओ जंक्शन के पास से अन्ना नगर झुग्गी बस्ती से ड्रेन नंबर-12 गुजरती है। ड्रेन की लंबाई करीब 1.5 किमी है, जो सीधे यमुना में गिरती है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 04-09-2026 20:06 Color:

Honouring Women Authors

SPOTLIGHT

पहली कतार में (बाएं से दाएं) : नारायणी बसु, लिकला लाल, प्राची दिगंबर भुसारी, सान्वी शशीश ; दूसरी कतार में (बाएं से दाएं) : दीपंकर मुखर्जी, सुबी ताबा, स्वाति पांडेय, आस्था गिल, संगीता मुखर्जी, कावेरी नाम्बिसन, नीना सबनानी, ए.एस. मेहता, एच.पी. सिंघानिया, जया भट्टाचार्जी रोज, कबीर बेदी, सुदीप नागरकर, स्मिता मिश्रा, जाई व्हिटेकर, वेल्ली थेवर, उर्मिला पवार, सुरभि रावत, अमृता शाह, रविकांत किसाना, वासुधेंद्र, प्रीति शेनॉय, किरण मनराल, राधा कुमार और नील डी'सिल्वा

परिवर्तन की प्रेरक ध्वनियां

जेके पेपर द्वारा प्रस्तुत और द टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित ऑथर अवॉर्ड्स के सातवें सीजन में उन आवाजों को मंच मिला, जो रूढ़िवादी सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देती हैं और सार्थक संवाद को आगे बढ़ाती हैं।

बाएं से दाएं : प्रीति शेनॉय, वासुधेंद्र श्रॉफ, सोहा अली खान, सुदीप नागरकर, किरण मनराल, राधा कुमार, रविकांत किसाना, अमृता शाह, जाई व्हिटेकर, नीना सबनानी, पार्था बिस्वास और नील डी'सिल्वा

Himanshi.Duseja.@timesofindia.com

महिलाओं की लेखनी केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पहचान, प्रतिरोध और परिवर्तन की एक सशक्त ताकत के रूप में उभरती है। पितृसत्ता जैसी स्थायी चुनौतियों के बीच यह बेहद जरूरी हो जाता है कि ऐसी कहानियां सामने आएं, जो रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को चुनौती दें, संवाद को प्रेरित करें और महिलाओं के जीवन के विविध अनुभवों को सामने लाएं। इसी उद्देश्य के साथ जेके पेपर ने द टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से ऑथर अवॉर्ड्स के सातवें सीजन का आयोजन किया, जिसमें उन महिला लेखिकाओं को सम्मानित किया गया, जो अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य को उत्कृष्ट स्वर देती हैं।

ऑथर अवॉर्ड्स ऐसे समय में महिलाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, जब इतिहास में उनकी आवाज को अक्सर दबाया गया है। इस वर्ष इस आयोजन में 3,000 से अधिक इंट्रीज प्राप्त हुईं, जो विभिन्न साहित्यिक विधाओं में महिलाओं की आवाजों को पहचानने, सम्मानित करने और उन्हें सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले सात सीजन में इस मंच को 12,000 से अधिक इंट्रीज मिल चुकी हैं।

महिला अभिव्यक्ति की विशिष्टता को उजागर करते हुए ऑथर अवॉर्ड्स की लिटरेरी डायरेक्टर जया भट्टाचार्जी रोज ने उद्घाटन संबोधन में कहा, "पीढ़ियों तक फुसफुसाकर सुनाई जाने वाली मौखिक परंपराओं से लेकर सत्ता संरचनाओं को चुनौती देने वाले उपन्यासों तक, महिला लेखिकाओं ने दुनिया को देखने का हमारा नजरिया गढ़ा है। फिर भी सदियों तक उनकी आवाजों को कमतर आंका गया, हाशिए पर रखा गया या दबा दिया गया। लेकिन इन बाधाओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। वे घरेलू जिम्मेदारियों के बीच, अपने पेशेवर काम से पहले या बाद में, सुबह के शुरुआती घंटों में या रात के चुराए गए समय में छद्म नामों से लिखती रहीं।"

मुख्य अतिथि, अभिनेता और लेखक कबीर बेदी ने भी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐसे मंचों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "मैं ऑथर अवॉर्ड्स को सलाम करता हूं, जिसने एक ऐसा मंच तैयार किया है, जो न केवल कहानी कहने का जश्न मनाता है, बल्कि उन महिलाओं की आवाजों को सम्मान देता है, जिन्हें सुना जाना चाहिए। आज हम सिर्फ उनके काम को नहीं पहचान रहे, बल्कि उनके प्रभाव को भी स्वीकार कर रहे हैं। ऐसे अवॉर्ड्स लेखकों को यह एहसास दिलाते हैं कि उनकी कहानियां मायने रखती हैं, कोई उन्हें सुन रहा है और उनके शब्द प्रेरित करने, सोचने पर मजबूर करने और बदलाव लाने की ताकत रखते हैं।"

जेके पेपर के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर हर्ष पति सिंघानिया ने कहा, "आज की शाम हम उन महिलाओं का जश्न मना रहे हैं, जिनकी कहानियां दिलों को छूती हैं, सोच को चुनौती देती हैं और कई बार समाज की दिशा बदल देती हैं।" उन्होंने आगे कहा, "समय के साथ यह आयोजन पुरस्कार समारोह से कहीं अधिक बन गया है। आज ऑथर अवॉर्ड्स सालभर चलने वाली पहल बन चुका है, जिसमें स्कूलों और कॉलेजों में लेखकों के साथ संवाद और एक बढ़ती हुई पॉडकास्ट श्रृंखला के जरिए साहित्य को विभिन्न मंचों तक पहुंचाया जा रहा है।"

जूरी के समर्पित और सूक्ष्म मूल्यांकन प्रक्रिया ने यह सुनिश्चित किया कि हजारों एंट्रीज में से सबसे योग्य प्रतिभाएं ही उभरकर सामने आएं।

सेल्स और मार्केटिंग प्रमुख पार्था बिस्वास ने कहा, "कागज आज भी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है, और ऑथर अवॉर्ड्स के माध्यम से महिला लेखिकाओं को प्रभावशाली कहानियां साझा करने का अवसर मिलता है, जो बदलाव को प्रेरित करती है।"

इस समारोह में लेखिका वेल्ली थेवर और एस. हुसैन जैदी के बीच एक 'फायरसाइड चैट' भी आयोजित की गई, जिसका संचालन जया भट्टाचार्जी रोज ने किया। इस चर्चा में पिछले वर्ष प्रकाशित नॉन-फिक्शन क्राइम पुस्तक 'माफिया क्वींस ऑफ इंडिया' के सह-लेखन के अनुभवों पर रोचक विचार सामने आए।

गहन अनुभव और सूझबूझ रखने वाले निर्णायकों की कड़ी मेहनत और सूक्ष्म मूल्यांकन ने यह सुनिश्चित किया कि हजारों प्रविष्टियों में से सबसे योग्य आवाज को नवाजा जाए। ऑथर अवॉर्ड्स 2026 की जूरी में साहित्य जगत के कई प्रतिष्ठित नाम शामिल रहे। मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन प्रमुख देबाशीष गांगुली ने कहा, "ऑथर अवॉर्ड्स एक विश्वसनीय मंच बन चुका है और 'मैन्युस्क्रिप्ट' श्रेणी युवा कथाकारों और उनके प्रभाव को उजागर करता है। इस वर्ष 14 वर्षीय विजेता इसका सशक्त उदाहरण है।" विजेता पांडुलिपियों को जेके पेपर, रोडोमेनिया के सहयोग से प्रकाशित करता है।



डेब्यू श्रेणी के लिए जूरी में प्रीति शेनॉय, सोहा अली खान और वासुधेंद्र शामिल रहे। फिक्शन श्रेणी के लिए किरण मनराल, मंजू कपूर और सुदीप नगरकर निर्णायक रहे। नॉन-फिक्शन श्रेणी में डॉ. राधा कुमार, अमृता शाह और रविकांत किसाना शामिल थे। बच्चों के साहित्य की जूरी में जाई व्हिटेकर, नीना सबनानी और नील डी'सिल्वा शामिल रहे। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान सोहा अली खान ने कहा, "साहित्यिक शिल्प महत्वपूर्ण है और कहानी भी प्रभावशाली होनी चाहिए, लेकिन एक अच्छी कहानी किताब के आखिरी पन्ने के बाद भी जारी रहनी चाहिए।"

उर्मिला पवार को साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, "मैं उन सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे प्रेरित किया, खासकर मैत्रेयी पवार, जिन्होंने मेरे मराठी साहित्य का अंग्रेजी में अनुवाद किया और अनीता भारती, जिन्होंने उसे हिंदी में अनुवादित किया। इस अवसर पर मैं यह भी कहना चाहती हूं कि दलित साहित्य के शुरुआती दौर में मेरे साथ बहुत कम महिला लेखक थीं, लेकिन आज उनकी संख्या काफी बढ़ गई है।"

कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष एवं निदेशक ए.एस. मेहता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा, "असंख्य इंट्रीज, उत्कृष्ट पुस्तकें और प्रतिभाशाली लेखकों की रचनाएं, साथ ही जूरी का विचारशील मूल्यांकन और समर्पण, यह सुनिश्चित करते हैं कि ऑथर अवॉर्ड्स साहित्यिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखे।"

बाएं से दाएं : दीपंकर मुखर्जी, संगीता मुखर्जी, सान्वी शशीश, कबीर बेदी, एच.पी. सिंघानिया और ए.एस. मेहता

एस. हुसैन जैदी, जया भट्टाचार्जी रोज और वेल्ली थेवर

ऑथर अवॉर्ड्स का चेहरा रहीं सोहा अली खान।

JK PAPER presents AUTHER awards Enriching lives In association with THE TIMES OF INDIA

SEASON 7

विजेताओं की लिस्ट

लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड
- उर्मिला पवार

सर्वश्रेष्ठ लेखक (फिक्शन)
- कावेरी नाम्बिसन – राइजिंग सन्स (पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया)

सर्वश्रेष्ठ लेखक (नॉन-फिक्शन)
- विद्या राजन – स्वर (वेस्टलैंड बुक्स)
- नारायणी बसु – ए मैन फॉर ऑल सीजन्स (वेस्टलैंड बुक्स)

सर्वश्रेष्ठ डेब्यू लेखक
- स्वाति पांडेय – इनविजिबल इन प्लेन साइट : वॉयसेज फ्रॉम द बाय-लेन्स ऑफ कमाठीपुरा (जगरनॉट बुक्स)
- सुबी ताबा – टेल्स फ्रॉम द डॉन-लिट माउंटेन्स (पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया)

सर्वश्रेष्ठ बाल साहित्य लेखक
- लिकला लाल – गणेश इलोई : कलर्स ऑफ होम (आर्टिस्ट और केएनएमए)

सर्वश्रेष्ठ मैन्युस्क्रिप्ट विजेता
- विजेता : सान्वी शशीश – सिटी ऑफ ड्रम
- उपविजेता : प्राची दिगंबर भुसारे – द अननोन रेस्क्यू

8 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कान बनती है वायरल
मुस्कान लोगों को किसी भी कंटेंट को शेयर करने के लिए प्रेरित करती है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर मुस्कुराते चेहरे वाला कंटेंट ज्यादा वायरल होता है, क्योंकि यह सकारात्मक भावनाओं को तेजी से फैलाता है।

विचार

आपका समय सीमित है, इसलिए इसे किसी और की जिंदगी जीने में बर्बाद मत करो, बल्कि अपने दिल की सुनें और वही करें जो आपको सही लगता है।

- स्टीव जॉब्स (Steve Jobs)

ज़रा हंस लें

पति: आजकल तुम मुझे सिगरेट पीने से रोकती हो, शराब पीने से रोकती हो, क्या सब शिकायतें खत्म हो गईं?
पत्नी: नहीं, LIC वाला पास्से ही सब फायदे बता कर गया है।

कविता : मकसद यही है मेरा लौ जलती रहे...

आज भी मकसद यही है मेरा लौ कोई न कोई जलती रहे। हो लौ वो बेशक दीप की, या हो ज्ञान की, लौ जलती रहे।

मकसद यही है मेरा, कोई न कोई लौ जलती रहे। बेशक हो वो दिवाली की या हो असत्य मिटाने की,

लौ कोई न कोई जलती रहे। राम, द्वेष को मिटा इस जहां में मानवता, प्रेम की लौ जलती रहे।

मकसद यही है मेरा, बस लौ कोई न कोई जलती रहे, हो वो दिवाली की या हो भाई चारे की, लौ जलती रहे।

- विशाखा, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

चीन, अमेरिका जैसी होगी अपनी रेल, एल्युमीनियम कोच से रफ्तार होगी तेज़

AI Image

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** अमेरिका, जापान, चीन और फ्रांस की तरह भारतीय रेलवे में भी ट्रेनों के डिब्बों को स्टेनलेस स्टील और लोहे के बजाय एल्युमीनियम का बनाने पर काम किया जा रहा है। जिससे ट्रेनों की स्पीड तो बढ़ेगी ही साथ ही एल्युमीनियम से बने होने की वजह से इन डिब्बों की उम्र भी अधिक होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि एल्युमीनियम से बने कोच हल्के, कम मेंटिनेंस वाले, टिकाऊ और अधिक स्पीड वाले होंगे। हल्के होने की वजह से ऐसा नहीं है कि यह मजबूत नहीं होंगे, बल्कि यह अधिक मजबूत होंगे।

इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि एक्सट्रूजन तकनीक से बने एल्युमिनियम अलॉय (मिश्र धातु) के यह कोच भारत में खासतौर से वंदे भारत ट्रेनों के लिए बहुत अधिक उपयोगी होंगे। इस तरह के कोच सेमी हाई स्पीड और हाई स्पीड ट्रेनों के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। भारत में भी मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलने वाली जापान की जो शिनकानसेन बुलेट ट्रेन आएगी, वह भी एल्युमिनियम अलॉय से बनी होगी। अधिकारियों का कहना है कि एल्युमीनियम से बने कोच हल्के होते हैं।

मुंबई-अहमदाबाद के लिए जापान की जो शिनकानसेन बुलेट ट्रेन आएगी, वह भी एल्युमिनियम से ही बनी होगी

इससे इनकी स्पीड काफी बढ़ जाती है। यह अधिक स्पीड वाली ट्रेनों के लिए ही बेहतर होते हैं।

इस तरह के कोच बनाने के लिए रायबरेली में रेलवे की मॉडर्न कोच फैक्ट्री (MCF) समेत अन्य फैक्ट्रियों में भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जिसमें भारत में ही विदेशी तकनीक के साथ हाथ मिलाते हुए एल्युमीनियम कोच बनाने पर काम किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अभी यह तो साफ नहीं है कि पहला पैसेंजर एल्युमीनियम कोच कब तक आएगा, लेकिन इसे बनाने को लेकर रेलवे बहुत गंभीर है। खासतौर से जिस तरह से अब देश में मुंबई-अहमदाबाद के बाद सात नए बुलेट ट्रेन कॉरिडोर बनाने का ऐलान करने और लगातार ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने पर काम किया जा रहा है।

वंदे भारत और बुलेट ट्रेन के लिए एल्युमिनियम तकनीक भारत को दुनिया के बराबर खड़ा करेगी

220 km प्रति घंटे से दौड़ने वाली ट्रेन की तैयारी

रेलवे अपने बेड़े में सेमी हाई स्पीड ट्रेनों को और जोड़ने की योजना बना रहा है। इसके लिए हाल ही में चेन्नै रेल कोच फैक्ट्री को 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ने वाली दो ट्रेन बनाने के लिए कहा गया है। वर्तमान समय में रेलवे के पास वंदे भारत ट्रेन सबसे तेज चलने वाली ट्रेन है। जिसकी स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटे की है। लेकिन अब इससे एक कदम और आगे चलते हुए रेलवे 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन बनाने पर काम कर रहा है। जिसकी ऑपरेशन स्पीड 200 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। शुरुआत में दो ट्रेन बनाने की बात की जा रही है।

जुनून के आगे बौनी हुई मुफलिसी | **कर्ज के बोझ तले जन्म लेती चैंपियन लड़कियां और टूटी व्हीलचेयर से पैरा-रग्बी मेडल तक की दो कहानियां**

कर्ज़ लेकर कोच ने नैशनल फुटबॉल लीग तक पहुंचाया

Ramendra.Singh
@timesofindia.com

■ **भोपाल:** जहां एक तरफ खेल में संसाधनों की कमी बड़ी बाधा बनती है, वहीं मध्य प्रदेश के रायसेन से आई एक कहानी इस सोच को बदल देती है। यहां के फुटबॉल कोच परम अख्तर ने कर्ज लेकर गांव की बेटियों का सपना पूरा करने की ठानी और उन्हीं बेटियों ने मैदान में इतिहास रच दिया। 36 साल के NIS-प्रमाणित कोच परम अख्तर आजकल बैंक के लोन रिमाइंडर के आदी हो चुके हैं। वजह है उनका वो बड़ा फैसला, जिसमें उन्होंने करीब 10 लाख रुपये का कर्ज लेकर रायसेन की गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि की लड़कियों की टीम तैयार की। इस टीम का नाम है जिला रायसेन फुटबॉल क्लब (DRFC)।

परम ने यह पैसा खिलाड़ियों की ट्रेनिंग किट, यात्रा और कैंप के खर्च पर लगाया। उनका मानना था कि इन लड़कियों में प्रतिभा तो है, बस मौके की कमी है। उनकी मेहनत रंग लाई। DRFC (District Raisen Football Club) ने पिछले महीने इंडियन वीमेंस लीग (IWL) क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया और एलीट लीग के टियर-2 तक पहुंचने वाली पहली टीम बनी। टीम ने अपने पहले ही अभियान में चार अंक जुटाए, जिसमें एक जीत और एक ड्रॉ शामिल रहा। सबसे बड़ी जीत रही ओडिशा FC के खिलाफ, जहां टीम ने 1-0 से मुकाबला अपने नाम किया।

रायसेन के खिलाड़ी

DRFC की सफलता का सफर:
2024-25 में स्टेट चैंपियनशिप जीती।
मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में 3rd
ऑल इंडिया फुटबॉल चैंपियनशिप में 3rd

कोच परम कहते हैं, 'इन लड़कियों में जुनून था, लेकिन संसाधन नहीं थे। मैं उनकी प्रतिभा को यूं ही खत्म होते नहीं देख सकता था। उनके लिए लिया गया कर्ज मेरे लिए छोटी कीमत है।' एक खिलाड़ी ने कहा, 'कोच परम हमारे लिए हीरो हैं। हम उनकी मेहनत कभी नहीं भूलेंगे। अगली बार ट्रॉफी जीतकर उन्हें समर्पित करेंगे।'

जुनून से जीता भारत का पहला पैरा-रग्बी मेडल

■ **भोपाल:** टूटी-फूटी और मरम्मत की गई व्हीलचेयर पर पसीने बहाने वाला एक खिलाड़ी दर्द को नजरअंदाज कर सिर्फ एक सपना देखता रहा... देश के लिए कुछ बड़ा करने का। जब मौका मिला, तो उसी जिद और जुनून ने भारत को पैरा-रग्बी में पहला इंटरनैशनल मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ये कहानी है अजीत प्रजापति की, जिन्होंने हर कमी को ताकत बनाकर इतिहास लिख दिया।

1 अप्रैल 2026 को इंडोनेशिया में हुए व्हीलचेयर रग्बी एशियन रीजनल चैंपियनशिप 2026 में भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। अजीत भी टीम का हिस्सा रहे। इस जीत के पीछे की कहानी और भी ज्यादा दिल छू लेने वाली है।

7 सदस्यों वाली भारतीय टीम के पास वो जरूरी स्पेशलाइज्ड व्हीलचेयर तक नहीं थीं, जिनके बिना इंटरनैशनल लेवल पर खेलना लगभग नामुमकिन होता है। ये खास चेयर करीब 2.5 लाख रुपये की आती है। पिछले साल थाईलैंड में होने वाली चैंपियनशिप में भारत हिस्सा ही नहीं ले पाया, क्योंकि टीम के पास खेलने लायक व्हीलचेयर नहीं थीं।

भारतीय पैरा रग्बी टीम

इस बार भी टीम अपने खुद के संसाधनों के बिना उतरी और मेजबान देश से व्हीलचेयर उधार लेकर मैदान में उतरी। अजीत प्रजापति ने कहा कि हमारे पास कोई विकल्प नहीं था जो मिला, उसी में खेलना पड़ा। टीम के कप्तान निखिल गुप्ता कहते हैं कि हम पैच-अप चेयर पर ट्रेनिंग करते हैं ऐसे में दुनिया के बेस्ट से कैसे मुकाबला करें? इसके बावजूद, हर मैच में उन्होंने अपने से मजबूत टीमों को टक्कर दी, गिरकर उठे और आखिरकार पोडियम तक पहुंचे।

अजीत प्रजापति

अपने Pets की यादों को प्यार से सजा रहे लोग

समंदर किनारे बनाए जा रहे हैं डॉगी के लिए मेमोरियल

■ उमामहेश्वर राव, विशाखापट्टनम

इंसान और कुत्ते का रिश्ता आज का नहीं, बल्कि हजारों साल पुराना है। इसका सबसे पुराना सबूत इजराइल में मिली 12,000 साल पुरानी एक कब्र है, जहां एक महिला को उसके पिल्ले के साथ दफनाया गया था। प्यार की यही गहराई आज विशाखापट्टनम के 'अप्पूघर' समुद्र तट पर दिखाई देती है। यहां लोग अपने मृत पालतू जानवरों की याद में पत्थरों के सुंदर स्मारक बना रहे हैं। इन स्मारकों पर लिखे संदेश किसी की भी आंखें नम कर सकते हैं। कोई अपने कुत्ते को 'बेटा' कह रहा है, तो कोई उसे 'अपनी आत्मा का भाई'। पत्थरों पर लिखा है, 'तुम फिर से जन्म लेना' और 'तुमने हमारे दिलों पर अपने पंजों के निशान छोड़ दिए।'

अपने डॉगी से प्यार की निशानियां विशाखापट्टनम के 'अप्पूघर' समुद्र तट पर दिखाई देती है

समुद्र किनारे सजी दुनिया छोड़ चुके दोस्तों की यादें

शहर के लोग इन स्मारकों को बनवाने के लिए 20,000 से 50,000 रुपये तक खर्च कर रहे हैं। वे खास मौकों पर यहां आकर सफाई करते हैं और अपने प्यारे दोस्त को याद करते हैं। यह समुद्री तट अब सिर्फ रेत और लहरों की जगह नहीं, बल्कि उस निस्वार्थ प्यार का गवाह बन गया है जो मौत के बाद भी खत्म नहीं होता।

बॉन में बहार है

जर्मनी के बॉन में चेरी ब्लॉसम की रौनक छाई है। यहां के मशहूर हीरस्ट्रासे में चेरी के पेड़ों की कतार है जो इन दिनों गुलाबी फूलों से लदे हैं। इन्हें देखने के लिए दुनिया भर से सैलानी इन दिनों बॉन पहुंच रहे हैं।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

विदेश से पैसा मंगाना आसान

■ **पीटीआई, मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने गुरुवार को एक नोटिफिकेशन जारी कर बैंकों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि जैसे ही ग्राहक के खाते में विदेश से कोई पेमेंट आए, उन्हें इसकी जानकारी तुरंत दी जाए। अगर विदेशी मुद्रा बाजार बंद हो चुका है, तो बैंक को अगले दिन हर हाल में ग्राहक को इसकी सूचना देनी होगी। इसके अलावा, विदेशी खातों के मिलान के लिए बैंकों को अब सिर्फ एक घंटा मिलेगा। यह नियम 6 महीने बाद पूरी तरह लागू हो जाएंगे।

मज़बूती से टिका है भारत: सिंधिया

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि भारत ने अपनी मजबूत कूटनीति, लोकतंत्र और सही समय पर लिए गए फैसलों की वजह से मौजूदा वैश्विक चुनौतियों का बखूबी सामना किया है। AIMA इवेंट को संबोधित करते हुए सिंधिया ने बताया कि भारतीय जहाज सुरक्षित तरीके से होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारतीय तटों तक पहुंच रहे हैं।

Amazon कसेगा 'नकली' पर नकेल

■ **वि, नई दिल्ली :** ई-कॉमर्स कंपनी Amazon ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह अपनी काउंटरफीट क्राइम्स यूनिट (CCU) का विस्तार अब भारत में कर रही है। इसका मुख्य मकसद ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाना और बाजार में नकली सामान बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करना है।

'ग्राहकों को 21500 रु. तक की बचत'

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेजिडेंट (प्रोबाइकिंग) माणिक नांगिया ने गुरुवार को बताया कि ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स ने 350 सीसी रेंज की बाइक लॉन्च की है। पहले कंपनी 400सीसी से ऊपर की बाइक ज्यादा बनाती थी। नए बदलाव से ग्राहकों को 21500 रुपये तक की बचत हो रही है।

सीज़फायर पर संशय से डरा बाज़ार

शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक: सेंसेक्स 900 अंक से ज्यादा टूटा, मुनाफावसूली

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और सीजफायर की धुंधली होती उम्मीदों ने शेयर बाजार की चमक फीकी कर दी है। शेयर बाजार में पिछले 5 दिनों से चली आ रही तेजी पर गुरुवार को ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 931 अंक टूटकर बंद हुआ। बैंकिंग और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। बुधवार को सेंसेक्स करीब 3,000 अंक उछला था।

दरअसल, इसराइल द्वारा लेबनान पर किए गए हमलों के जवाब में ईरान ने एक बार फिर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को बंद कर दिया है। इससे सीजफायर की उम्मीदों को झटका लगा। 30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 931.25 अंक (1.20%) गिरकर 76,631.65 पर बंद हुआ। एक समय तो यह 1,215 अंक तक गोता लगाकर 76,347.90 पर पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों वाला NSE निफ्टी 222.25 अंक (0.93%) गिरकर 23,775.10 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल IndiGo, L&T, इटरनल, HDFC बैंक, गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे।

दिसंबर में सेंसेक्स @ 95,000 : मॉर्गन

मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में दिसंबर 2026 के लिए सेंसेक्स का टारगेट 95,000 रखा है। इसका मतलब है कि यह अभी के स्तर से लगभग 23% ऊपर जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार दिख रहा है। फर्म के रिधम देसाई का मानना है कि दशकों में भारतीय शेयरों के सबसे खराब प्रदर्शन के दौर से गुजरने के बाद अब एक नए 'बुल मार्केट' (तेजी का दौर) की शुरुआत हो रही है।

- 931.25 अंक: सेंसेक्स गिरा
- 222.25 अंक: निफ्टी गिरावट
- 97.85 डॉलर: ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत (प्रति बैरल)

AI Image

चांदी 7,800, सोना 1,500 रुपये सस्ता

दिल्ली में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। ऑल इंडिया ज्वेलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमत 7,800 रुपये (3.10%) टूटकर 2,43,200 रुपये प्रति किलो (टैक्स सहित) रह गई। 99.9% शुद्धता वाला सोना भी करीब 1,500 रुपये (1%) गिरकर 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

डॉलर के मुकाबले रुपये में रही बढ़त

डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया 3 पैसे की बढ़त के साथ 92.51 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले 92.63 पर खुला और गिरकर 92.92 के निचले स्तर तक चला गया। लेकिन दिन के अंत में यह पिछले बंद स्तर (92.54) के मुकाबले 3 पैसे की मजबूती दिखाते हुए 92.51 पर बंद हुआ।

NBT Lens (खबरों के अंदर की बात): खरीदारी का मौका या फंसने का डर?

निवेशक उन शेयरों में पैसा लगाने की सोच रहे हैं जो पश्चिम एशिया के तनाव के कारण सबसे ज्यादा गिरे हैं। लेकिन जानकारों का मानना है कि सिर्फ इस उम्मीद में बुरी तरह से गिर चुके शेयरों में पैसा लगाना कि वे अब सबसे ज्यादा उछलेंगे, निवेश का सही तरीका नहीं है। बाजार में अभी थोड़ी सावधानी है। वजह ये है कि कच्चे तेल की कीमतें अभी भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। जब तक तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे नहीं आती, तब तक गिर चुके शेयरों या सेक्टरों में बड़े पैमाने पर निवेशकों का भरोसा नहीं लौटेगा।

तेल संकट, युद्ध के बीच भी भारत की इकॉनमी मज़बूत : वर्ल्ड बैंक

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** दुनिया भर में चल रहे युद्ध और आर्थिक चुनौतियों के बीच वर्ल्ड बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा जताया है। वर्ल्ड बैंक ने गुरुवार को कहा कि ग्लोबल एनर्जी संकट और दुनिया भर में चल रही उथल-पुथल के बावजूद भारत की स्थिति काफी मजबूत है। बैंक के मुताबिक, भारत के पास विदेशी मुद्रा का बड़ा भंडार, सरकारी खर्च की गुंजाइश और कम महंगाई जैसे ऐसे सुरक्षा कवच मौजूद हैं, जो वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की तरक्की की रफ्तार को थमने नहीं देंगे।

AI Image

वर्ल्ड बैंक में दक्षिण एशिया के डायरेक्टर सेबेस्टियन एकहार्ट ने कहा, भारत के पास पॉलिसी और डॉलर का तगड़ा भंडार है। साथ ही यहां महंगाई कम है और विकास की रफ्तार तेजी पर है। दुनिया के बाकी उभरते बाजारों के मुकाबले भारत काफी शानदार प्रदर्शन कर रहा है। वर्ल्ड बैंक के इकॉनमिस्ट ऑरेलियन क्रूस ने कहा कि ऊंचे टैरिफ होने के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

वर्ल्ड बैंक ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि भारत की विकास दर FY24-25 के 7.1% से बढ़कर वित्त वर्ष FY25-26 में 7.6% रहने का अनुमान है। FY26-27 में इसके थोड़े धीमे होकर 6.6% रहने की बात कही गई है, लेकिन यह भी जनवरी में लगाए गए 6.5% के पिछले अनुमान से बेहतर है।

> भारत की कहानी सिर्फ मुश्किलों को झेलने की नहीं है। भारत ने सिर्फ उथल-पुथल का दौर सहन नहीं किया, बल्कि इस दौरान खुद को पूरी तरह बदल लिया।
> *– शक्तिकांत दास, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव*

निर्यात 8% तक घटने का अनुमान : FIEO



■ **NBT रिपोर्ट, लुधियाना :** निर्यातकों के संगठन FIEO ने कहा कि ईरान और अमेरिका की लड़ाई के चलते मार्च में भारत से गुड्स एक्सपोर्ट को सालभर पहले के मुकाबले 7-8% चपत लगने का अनुमान है। FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने NBT से कहा, 'युद्ध के चलते फ्यूल की उपलब्धता पर असर पड़ा। साथ ही, उस इलाके से शिपिंग बंद हो गई। ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम बढ़ गया। गुड्स एक्सपोर्ट 7-8% कम रहने का अनुमान है। ओवर ऑल टैरिफ सहित तमाम दिक्कतों के चलते पूरे वित्त वर्ष 2026 में गुड्स एक्सपोर्ट पिछले साल से 2-3% कम रह सकता है। लेकिन सर्विसेज को मिलाकर टोटल एक्सपोर्ट 5-6% ज्यादा रहेगा।' वित्त वर्ष 2025 में 437 बिलियन डॉलर का गुड्स 388 बिलियन डॉलर का सर्विसेज एक्सपोर्ट हुआ था।

AI की चिंताओं के बीच 12% उछला TCS का मुनाफा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** देश की सबसे बड़ी आईटी (IT) कंपनी TCS ने गुरुवार को अपने चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए। दुनिया भर में AI से जुड़ी चुनौतियों के बीच कंपनी का शुद्ध मुनाफा मार्च तिमाही में 12.22 प्रतिशत बढ़कर 13,718 करोड़ रुपये रहा। टाटा ग्रुप की इस कंपनी को पिछले साल इसी दौरान (जनवरी-मार्च) 12,224 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था, जबकि पिछली तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में यह 10,657 करोड़ रुपये था। बता दें कि यह साल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की बढ़ती ताकत और इस सेक्टर में नौकरियों के भविष्य को लेकर चिंताओं के बीच गुजरा है।

कंपनी ने चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए

AI Image

कंपनी 1 अप्रैल से पूरे संगठन में कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाने जा रही है। कंपनी के बोर्ड ने हर शेयर पर 31 रुपये का फाइनल डिविडेंड देने का प्रस्ताव रखा है। बाजार में गिरावट के बावजूद गुरुवार को BSE पर कंपनी का शेयर 1.09 प्रतिशत बढ़कर 2,587.75 रुपये पर बंद हुआ।

वहीं, आनंद राठी वेल्थ का मार्च 2026 को खत्म हुई तिमाही में शुद्ध मुनाफा 25 प्रतिशत बढ़कर 92 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के बोर्ड ने निवेशकों के लिए बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी दी है। जिनके पास कंपनी का एक शेयर है, उन्हें बदले में एक शेयर मुफ्त मिलेगा। हर शेयर पर 7 रुपये का फाइनल डिविडेंड देने का भी फैसला किया गया है।

'कर साथी' से ITR भरना कितना आसान?

24/7 काम करने वाला AI चैटबॉट देगा हर सवाल का जवाब

■ **NBT रिपोर्ट :** इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) भरना अब सिरदर्द नहीं रहेगा। इनकम टैक्स विभाग ने टैक्सपेयर्स की मदद के लिए 'कर साथी' (Kar Saathi) नाम का एक AI चैटबॉट लॉन्च किया है। यह चैटबॉट 24 घंटे उपलब्ध रहेगा और टैक्स से जुड़े मुश्किल नियमों, फॉर्म और फाइलिंग की प्रक्रिया को आसान भाषा में समझाएगा।

■ **क्या है 'कर साथी'? :** ET के मुताबिक, 'कर साथी' इनकम टैक्स के नए पोर्टल का एक हिस्सा है। इसे टैक्स से जुड़े सवालों के तुरंत जवाब देने और ITR भरने के अनुभव को आसान बनाने के लिए बनाया गया है। यह पहल टैक्स सिस्टम की उस पुरानी समस्या को दूर करती है, जिसमें टैक्सपेयर्स को अधूरी या अस्पष्ट जानकारी के कारण परेशान होना पड़ता था।

■ **क्यों है जरूरी? :** टैक्सलीज रेगटेक के CEO और को-फाउंडर ऋषि अग्रवाल कहते हैं कि 'कर साथी' यूजर्स को उनकी जिम्मेदारियों को साफ तौर पर समझाने में मदद कर सकता है। जैसे, उन्हें क्या करना है, कब करना है और कैसे करना है। यह विभाग और टैक्सपेयर्स के बीच जानकारी के बहाव को आसान बनाता है। यह पुराने रिटर्न्स, जरूरी अपडेट्स और सही सलाह तक आसान पहुंच देता है, जिससे टैक्स नियमों का पालन करना बोझिल नहीं लगता।

■ **क्या है फायदा? :** Tax2win के CEO और को-फाउंडर CA अभिषेक सोनी कहते हैं कि अलग-अलग पेजों या दस्तावेजों में जानकारी खोजने के बजाय, टैक्सपेयर्स बस अपना सवाल पूछ सकते हैं और साफ जवाब पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि नए इनकम टैक्स कानून के साथ कई बदलाव हो रहे हैं और सरकार चाहती है कि लोग इस बदलाव को आसानी से अपना सकें।

■ **क्या है खूबियां? : 24/7 AI मदद:** यह टैक्स फाइलिंग, नोटिस, रिफंड और नियमों से जुड़े सवालों के जवाब रियल-टाइम में कभी भी देता है। इससे छोटे-मोटे सवालों के लिए बाहर के सलाहकारों पर निर्भर रहने की जरूरत कम हो जाएगी।

AI Image

NBT Explainer

सारी सुविधा: यह नई वेबसाइट के साथ मिलकर काम करता है। जहां फॉर्म, चालान, ई-पेमेंट और ई-वेरिफिकेशन जैसी सभी जरूरी सेवाएं एक ही जगह मौजूद हैं। अलग-अलग पेजों पर भटकने की जरूरत नहीं है।

आसान भाषा: यह AI चैटबॉट टैक्स के मुश्किल शब्दों, नए टैक्स स्लैब और डिडक्शन को बेहद सरल और समझ आने वाली भाषा में समझाता है।

कैसे मिलेगी मदद?

- 'कर साथी' टैक्स भरने में लगने वाले समय, खर्च और मुश्किलों को कम कर देता है। एक्सपर्ट के अनुसार, यह यूजर्स को फाइलिंग के दौरान स्टेप-बाय-स्टेप गाइड करके और संभावित गलतियों को पहचान कर गलत रिटर्न भरने और जुर्माने के जोखिम को कम करता है।
- यह आम लोगों और छोटे बिजनेस के लिए टैक्स भरना आसान बनाता है। यह टैक्स विभाग के नजरिए में बदलाव को दिखाता है। अब विभाग का जोर सिर्फ जुर्माना लगाने पर नहीं, बल्कि टैक्सपेयर्स को गलती करने से रोकने पर है, ताकि समस्या बढ़ने से पहले ही उसका समाधान हो जाए।

NPS स्वास्थ्य स्कीम में बीमा हुआ ज़रूरी

■ **NBT रिपोर्ट :** पेंशन रेगुलेटर PFRDA ने NPS स्वास्थ्य (Swasthya) पेंशन योजना के दूसरे चरण (PoC 2) के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। 7 अप्रैल को जारी एक सर्कुलर में PFRDA ने कहा है कि इस स्कीम के तहत मिलने वाला हेल्थ इंश्योरेंस अब अनिवार्य होगा। यह इंश्योरेंस कंपनियों की शर्तों और IRDAI के नियमों के दायरे में आएगा। ET के मुताबिक, NPS स्वास्थ्य पेंशन योजना को जनवरी 2026 में एक प्रायोगिक प्रोजेक्ट के तौर पर लॉन्च किया गया था। अब PFRDA ने इसके लिए कुछ नए प्रावधान जारी किए हैं।

सर्कुलर के मुताबिक, बीमा पॉलिसी की शर्तें जैसे- क्या कवर होगा, क्या नहीं, क्लेम कैसे करना है और शिकायत कहां करनी है, इसकी पूरी और साफ जानकारी ग्राहकों को दी जाएगी। इस इंश्योरेंस का प्रीमियम, ग्राहक के NPS स्वास्थ्य अकाउंट से आंशिक निकासी के तौर पर काट लिया जाएगा।

मोदी ने रैली में कहा, बंगाल की जनता अब सत्ता परिवर्तन चाहती है

मोदी ने आसनसोल में कहा, तृणमूल कांग्रेस के पाप का घड़ा भर चुका है।

मोदी ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम में भी चुनावी रैली की।

■ **भाषा, आसनसोल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जोर दिया कि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के पाप का घड़ा भर गया है। उन्होंने राज्य के कथित आर्थिक पतन का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में बंगाल का योगदान पहले के 12 प्रतिशत से घटकर मात्र पांच प्रतिशत रह गया है।

> **बंगाल में BJP की जीत के बाद घुसपैठ में मदद करने वालों के खिलाफ विशेष जांच होगी।** *– नरेंद्र मोदी, बंगाल के बीरभूम रैली में।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में सत्ता परिवर्तन अब अपरिहार्य है और बंगाल की जनता यही चाहती है। तृणमूल के पाप का घड़ा भर चुका है। आसनसोल पर सिंडिकेट राज, कोयला और रेत माफिया का राज है। उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद पश्चिम बंगाल नयी ऊंचाइयों को छुएगा।
मोदी ने कहा कि कभी समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र रहे आसनसोल से निवेश खत्म हो चुका है। केवल बीजेपी की डबल इंजन सरकार ही इसे सुधार सकती है। मोदी ने कहा कि केंद्र ने आसनसोल में उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए 45,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।
प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने बंगाल पर क्रूरता की है, जबकि बीजेपी ने सत्ताधारी दल द्वारा खड़ी की गई बाधाओं के बावजूद आसनसोल का विकास किया। उन्होंने दावा किया कि एसिड अटैक के मामले में बंगाल सबसे आगे है। तृणमूल महिलाओं को प्रताड़ित करने वालों के साथ खड़ी है। केवल बीजेपी ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।

'BJP ने 90 लाख से अधिक नाम हटाए'

ममता

■ **भाषा, कोलकाता :** बंगाल की CM ममता बनर्जी ने बीजेपी पर राज्य में सत्ता हथियाने के लिए मतदाता सूचियों से 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटाने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखान में आयोजित एक जनसभा में ममता ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम शामिल कराने के लिए कोर्ट जाएगी।

Office Space | Conference Halls | Open Area | G + 3 floors | Double basement
Plot No. 50, Sector 44, Gurugram

PRIME LOCATION | AMPLE PARKING SPACE
Close proximity to the Major Commercial & Residential avenues of Gurugram
40,000 sq.ft. Area available on long term lease
Apparel Export Promotion Council
Apparel House, Sector 44, Gurugram inviting EOIs from institutions and corporate companies for leasing of office space.
For more details & to download Tender Document, visit https://www.aepcindia.com/

क्या आप पेट की गैस, कब्ज एसिडिटी से परेशान हैं?

TASTY Digestive
बादल® स्पैशल चूर्ण
"रखे देश का हाजमा दुरुस्त"
पहली बार खाने से ही आराम शुरू
www.badalchuran.in
7838467523

pmbi
फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया
बी–500, टावर–बी, 5वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर नई दिल्ली–110029
टेलीफोन: 011–49431800 | वेबसाइट: janaushadhi.gov.in

आवेदन की अंतिम तिथि के विस्तार के संबंध में सूचना

फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई), जो कि औषध विभाग, भारत सरकार के अधीन एक संस्था है, द्वारा **मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)** के पद को भरने हेतु जारी पूर्व अधिसूचना के क्रम में यह सूचित किया जाता है कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर **25.04.2026** कर दिया गया है।

उक्त पद का वेतनमान वेतन मैट्रिक्स के स्तर–13 (₹1,23,100 – 2,15,900) के अंतर्गत है।

पद से संबंधित विस्तृत जानकारी, प्रतिनियुक्ति की शर्तें तथा आवेदन प्रक्रिया सहित अन्य विवरण वेबसाइट: **https://janaushadhi.gov.in/** पर उपलब्ध है।

इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन प्रक्रिया के अनुसार, उचित माध्यम से अपना आवेदन **महाप्रबंधक (वित्त एवं प्रशासन), फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया, बी–500, टावर–बी, 5वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029** को भेज सकते हैं। आवेदन की प्रति **recruitment@janaushadhi.gov.in** पर भी भेजी जा सकती है।

महाप्रबंधक (वित्त एवं प्रशासन)

आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : दूसरी मंजिल, ब्लॉक बी और सी, ई विंग, ट्रेड लिंक, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, डिलाइल रोड, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, ४०००१३
सीआईएन : L67120MH1995PLC086696, **वेबसाइट :** www.anandrathiwealth.in

१४०% ₹७ प्रति शेयर
अंतिम लाभांश

१:१
बोनस इश्यू की घोषणा

३१ मार्च, २०२६ को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण का सारांश

(प्रति शेयर आय (ईपीएस) को छोड़कर, रुपये लाख में)

क्रम संख्या	विवरण	तिमाही समाप्त होने की तिथि			समाप्त वर्ष	
		३१.०३.२०२६ (लेखापरीक्षित)	३१.१२.२०२५ (लेखापरीक्षित नहीं)	३१.०३.२०२५ (लेखापरीक्षित)	३१.०३.२०२६ (लेखापरीक्षित)	३१.०३.२०२५ (लेखापरीक्षित)
I	परिचालन से राजस्व	२८,७८९.८२	२८,९६२.३९	२२,९९५.१७	११४,८८२.५०	९३,९०९.५६
II	कर पूर्व लाभ	१४,०२६.७८	१३,५३२.७४	९,९३४.५८	५३,५८४.३४	४०,४४३.६०
III	कर पश्चात लाभ	१०,३४४.७७	१०,०१०.३१	७,३६६.७४	३९,७१६.५४	३०,०५०.११
IV	अवधि/वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (इसमें कर पश्चात अवधि/वर्ष का लाभ और कर पश्चात अन्य व्यापक आय शामिल है)	१०,३०९.६४	१०,०४३.८४	७,३९६.८४	३९,७०१.७३	२९,७३७.९५
V	भुगतानित पूंजी (प्रत्येक शेयर का मूल्य ५ रुपये, पूर्णतः भुगतान किया गया)	४,१५५.०३	४,१५५.०३	४,१५५.०३	४,१५५.०३	४,१५५.०३
VI	अन्य इक्विटी	-	-	-	९५,६६४.३९	६३,२४६.४८
VII	प्रति शेयर आय (प्रत्येक शेयर का सममूल्य ५ रुपये)*					
	१. मूल (रु)	१२.४६	१२.०७	८.८७	४७.८७	३६.१७
	२. तनुकृत (रु)	१२.२८	१२.०७	८.८७	४७.१७	३६.१७

* तिमाही समाप्त अवधि के लिए EPS का वार्षिकीकरण नहीं किया गया है।

टिप्पणी

१. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा ९ अप्रैल, २०२६ को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में इन्हें अनुमोदित किया गया तथा कंपनी के वैधानिक लेखापरीक्षकों द्वारा इनका लेखापरीक्षा किया गया है।
२. उपरोक्त, ३१ मार्च, २०२६ को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त रूप है, जिसे सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, २०१५ के विनियम ३३ के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दाखिल किया गया है। ३१ मार्च, २०२६ को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए समेकित वित्तीय परिणामों (समेकित और स्वतंत्र) का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (bseindia.com), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.anandrathiwealth.in) पर उपलब्ध है।
३. निदेशक मंडल ने ३१ मार्च, २०२६ को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रति इक्विटी शेयर ₹७/- का अंतिम लाभांश प्रस्तावित किया है, जो आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन है।
४. निदेशक मंडल ने अप्रैल ९, २०२६ को आयोजित अपनी बैठक में १:१ के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दी; यानी, रिकॉर्ड तिथि तक धारित प्रत्येक पूर्णतः चुकता इक्विटी शेयर के बदले ५/- रुपये का एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा। यह मंजूरी कंपनी के सदस्यों द्वारा वार्षिक आम बैठक में दिए जाने वाले अनुमोदन के अधीन होगी।
५. लेखापरीक्षित स्वतंत्र वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़ों का सारांश

(रुपये लाख में)

क्रम संख्या	विवरण	तिमाही समाप्त होने की तिथि			समाप्त वर्ष	
		३१.०३.२०२६ (लेखापरीक्षित)	३१.१२.२०२५ (लेखापरीक्षित नहीं)	३१.०३.२०२५ (लेखापरीक्षित)	३१.०३.२०२६ (लेखापरीक्षित)	३१.०३.२०२५ (लेखापरीक्षित)
I	परिचालन से राजस्व	२७,७२४.२२	२७,१४२.५४	२१,३२१.३१	११०,७४८.११	९०,५०६.११
II	कर पूर्व लाभ	१४,८३४.६१	१३,४४१.२२	९,७६०.२७	५२,७३५.५७	३९,७५२.७५
III	कर पश्चात लाभ	१०,२२२.७७	९,९८१.२६	७,२४२.७८	३९,१४३.०१	२९,५४२.११

दिनांक: ९ अप्रैल, २०२६
स्थान: मुंबई

हस्ताक्षर/-
आनंद राठी
अध्यक्ष एवं गैर-कार्यकारी निदेशक

धन्यवाद! आज हम इस अवसर पर अपने सभी ग्राहकों, निवेशकों और कर्मचारियों को हमारी सफलता की यात्रा हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद देते हैं।

www.anandrathiwealth.in
ANANDRATHI
Private Wealth. uncomplicated

त्रिभोवनदास भीमजी झवेरी

अक्षय्य तृतिया ऑफर्स

फ्लैट 6% प्लेन गोल्ड ज्वैलरी की बनवाई
फ्लैट 12% स्टडेड गोल्ड ज्वैलरी की बनवाई
डायमंड ज्वैलरी पर कोई बनवाई नही
और
मुफ्त गोल्ड काइन डायमंड ज्वैलरी की खरीद पर
गोल्ड रेट प्रोटेक्शन
आपकी ज्वेलरी बुक करें और बुकिंग रेट या मौजूदा रेट जो भी कम हो, वो पाएं
100% वॅल्यू किसी भी पुराने सोने के एक्सचेंज पर
शर्तें लागू

जी 31 और 32, एचडीएफसी बैन्क के पास, सेक्टर 18, नोएडा
वैले पार्किंग उपलब्ध है

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली/एनसीआर | शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

> कुछ लड़ाइयों का कोई विजेता नहीं होता। कभी-कभी एक अच्छे सेनापति के लिए सबसे बेहतर परिणाम केवल युद्धविराम ही होता है।
> – एमा, चेज, अमेरिकी लेखिका

समझदारी की ज़रूरत

अमेरिका और ईरान ने जब दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति जताई थी, तभी जाहिर था कि इस पर टिके रहना आसान नहीं होगा। इसके लिए दोनों पक्षों से जिस संयम और समझदारी की उम्मीद थी, वह अभी तक नदारद है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शनिवार से ईरान के साथ बातचीत शुरू होगी, लेकिन इसके लिए पहले जरूरी है कि सीजफायर का कड़ाई से पालन किया जाए।

सीजफायर का सम्मान हो

सबसे बड़ा हमला । संघर्ष विराम का पूरी दुनिया ने स्वागत किया था, लेकिन कुछ घंटों के भीतर ही इस्राइल ने लेबनान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला कर दिया। एक ही दिन में दो सौ से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। हिजबुल्लाह के लेबनान को भी इस संघर्ष में घसीट लेने का नतीजा है कि अभी तक करीब 12 लाख लेबनानी विस्थापित हो चुके हैं और 1700 से अधिक मौतें हुई हैं।

लेबनान का असर । लेबनान में इस्राइली हमलों की वजह से मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है और चिंता की बात है कि इसकी वजह से अमेरिका-ईरान सीजफायर भी दांव पर लग चुका है। इस्राइल का कहना है कि सीजफायर में लेबनान शामिल नहीं और ईरान इसके बिना बातचीत को तैयार नहीं। तेहरान की मांगों को लेकर भी अमेरिका खुश नहीं लगता, खासकर यूरेनियम संवर्धन को लेकर दोनों पक्ष अड़े दिख रहे हैं।

बयानों पर काबू । इन सबके बावजूद पाकिस्तान में प्रस्तावित शांति वार्ता से फिलहाल उम्मीद की सबसे बड़ी किरण है। लेकिन, अगर इस्राइल के लेबनान पर हमले जारी रहते हैं और बदले में ईरान की मिसाइलें खाड़ी देशों पर गिरती हैं, तो सीजफायर का कोई मतलब नहीं रह जाएगा, और युद्ध के दोबारा भड़कने की आशंका बनी रहेगी। दोनों पक्षों को अपने बयानों को भी संयत रखने की जरूरत है। ट्रंप की धमकी, कि अगर समझौता नहीं हुआ तो पहले से ज्यादा बड़े हमले होंगे, कूटनीतिक समझदारी नहीं है। शांति वार्ता धमकियों की बुनियाद पर नहीं हो सकती।

दांव पर भविष्य । इस संघर्ष ने इतना साबित कर दिया है कि डेडलाइन या धमकियां बेअसर हैं। अमेरिका अपने लक्ष्य को ताकत के जोर से नहीं पा सका। लड़ाई ने खाड़ी देशों की सुरक्षा देने की उसकी क्षमता और साथी के रूप में भरोसे को चोट पहुंचाई है। अगर वह बातचीत में स्थायी समाधान तक पहुंचता है, तो नुकसान की कुछ भरपाई हो सकती है। इससे ईरान को भी पड़ोसियों के बीच अपनी छवि सुधारने और घरेलू हालात बेहतर करने का मौका मिलेगा। दोनों ध्यान रखें कि इस वार्ता पर पूरे पश्चिम एशिया का भविष्य टिका है।

तिराहा

पाषाण काल

'**इतिहास की** विशेषता है कि वह सफाई नहीं, सबक देता है। इतिहास पाषाण कालीन है तो उसकी छाप व प्रतीक इतने गहरे हैं कि मिटना नामुमकिन-सा है। क्योंकि, ये धूप की तपिश, बारिश की मार, सागर के थपेड़ों से लिखे हैं। अब सुविधा की रेत पर इतिहास लिखने का चलन है। सत्ता की लहरों के हिसाब से ये बनते-बिगड़ते रहते हैं। ऐसे में यदि कोई पाषाण काल की स्थापना की बात कर रहा है तो उसके लिए पत्थर जैसा कलेजा भी चाहिए।'

प्रेम शंकर मिश्र

'पाषाण काल तक मनुष्य के भीतर बंदर लुप्त हो रहा था। भाषा संकेतों की थी, लेकिन इशारों पर नाचने की रवायत नहीं थी। नाचता भी था तो अपनी खुशी के लिए। फिर, हम सभ्य हो गए और अपनी डोर मदारियों के हाथ में सौंप दी। मनुष्यता गुफा में रहने चली गई, बंदर नाच रहा है। इस दौर में पत्थरों की दीवारें बनीं। हमने विकास के नए आयाम गढ़े, दीवारों के कान बनाए। हमारी सुनने की क्षमता का विस्तार हुआ, लेकिन उसी अनुपात में समझने की क्षमता का त्याग करना पड़ा।'

'पाषाण युगीनों ने दीवारों पर संभावनाओं के चित्र खींचे, पत्थरों से मीठे पानी के झरने फूटे। हमने दीवारों में दरारें खींच दीं, जिसके साथ हम भी दरक रहे हैं। पत्थर से पत्थर टकराए, चिंगारी फूटी। उन्होंने आग जलाना सीखा। प्रगति पथी के रूप में हमने आग लगाना सीखा। इस यात्रा को 'घर को आग लग गई घर के ही चिराग से' तक के सोपान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने मशाल जला सामूहिकता को जन्म दिया। हमने मिसाइल बनाई है और सामूहिकता की कब्र बना रहे हैं।' सुखनंदन ने पाषाण युग की प्रासंगिकता पर अपना भाषण खत्म किया।

'पाषाण युग इतना प्रेरक है तो इसके नवप्रणेता इसके निर्माण से पीछे क्यों हट गए?' सुधर्मा ने पूछा। 'इसके दो संभावित उत्तर हैं। पहला, बंदर कभी एक डाल पर नहीं टिकते। दूसरा, जिनके खुद के घर शीशे के हों, वे दूसरों पर पत्थर नहीं फेंका करते।' सुखनंदन ने जवाब दिया।

एकदा

संकलन : रेनू सैनी

बुद्धू भगत की बहादुरी

बुद्धू भगत का जन्म 17 जनवरी 1792 को रांची के सिलाई गांव में हुआ था। बचपन से ही वह साहसी और चतुर थे। तीर-धनुष से सटीक निशाना लगाना उनकी पहचान बन चुका था।

उस समय अंग्रेज आदिवासियों पर अत्याचार कर रहे थे। युवा बुद्धू ने स्थिति को समझा और अपने साथियों से कहा- 'जंगल हमारा साथी है, हम पेड़ों की आड़ लेकर अंग्रेजों पर हमला कर सकते हैं।' उनकी रणनीति सफल रही। साथी निगरानी करते और संकेत मिलते ही अचानक हमले होते। धीरे-धीरे बुद्धू भगत अंग्रेजों के लिए चुनौती बन गए। उन्होंने आसपास के गांवों को संगठित कर पत्थर, तीर, तलवार और गुलेल इकट्ठा किए। 1832 में उन्होंने अपने साथियों के साथ अंग्रेजों पर तीरों और पत्थरों की वर्षा कर दी, जिससे अंग्रेज घबरा उठे। उन्हें पकड़ने के कई प्रयास असफल रहे। अंततः अंग्रेज कप्तान इम्पे बड़ी ताकत के साथ पहुंचा। सीमित संसाधनों के बावजूद बुद्धू और उनके साथी डटे रहे। लेकिन गोला-बारूद के सामने उनके हथियार टिक न सके। 14 अप्रैल 1832 को वे अपने लगभग डेढ़ सौ साथियों के साथ वीरगति को प्राप्त हुए।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान में बड़े लक्ष्य तय किए थे, आख़िर सीजफायर पर आना पड़ा

जंग में ट्रंप ने अमेरिका को हराया

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जब धमकी दी कि आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, तो पूरी दुनिया हिल गई। अगर यह धमकी सच में पूरी होती, तो ट्रंप का नाम इतिहास में 13वीं सदी के मंगोल शासक ओगेदेई खान के साथ लिखा जाता। ओगेदेई के हमलों ने फारसी सभ्यता को मिटा देने के कगार पर ला दिया था।

मनोज जोशी

हमले जारी । ट्रंप हालांकि अपनी ही तय की हुई डेडलाइन से पीछे हट गए और ईरान के साथ दो हफ्ते के संघर्ष विराम का ऐलान किया। वैसे सच यह भी है कि सीजफायर घोषित होने के बावजूद धमकियां और हमले जारी हैं। इस्राइल अब लेबनान पर पहले से ज्यादा बम बरसा रहा है और ट्रंप ने कह दिया है कि अमेरिकी सेना क्षेत्र में तैनात रहेगी।

लक्ष्य अधूरे । इस पूरे घटनाक्रम से अमेरिकी सैन्य क्षमता की विश्वसनीयता को जबरदस्त धक्का लगा है। ईरान में ट्रंप बहुत बड़े लक्ष्य लेकर उतरे थे - इस्लामिक शासन को गिराना, मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना और होर्मुज स्ट्रेट पर मंडरा रहे खतरे को हटाना। 40 दिनों की बमबारी के बाद तस्वीर यह है कि तेहरान में अब भी इस्लामिक रेजीम है, ईरान की मिसाइल क्षमता को नुकसान जरूर पहुंचा पर वह कायम है और उसके पास 60% तक एनरिच किया हुआ 440 किलो यूरेनियम मौजूद है।

होर्मुज का सच । इस संघर्ष में होर्मुज एक बड़ा मुद्दा रहा, पर हकीकत यह है कि वह रास्ता तो कभी पूरी तरह बंद नहीं रहा। ईरान ने केवल अमेरिका-इस्राइल और उनके सहयोगियों के जहाजों की आवाजाही पर पाबंदी लगाई थी। अब इस के खुलने को बहुत बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो महंगे सैन्य अभियान के बाद मिली है।

AI Image

अमेरिकी दबदबे को चुनौती

- लगातार धमकियों के बाद भी तेहरान डटा रहा
- ईरान की ताकत और जवाब देने की क्षमता कायम
- नैटो से मनमुटाव, US की साख को लगा धक्का

वार्ता की चुनौती । जंग शुरू होने के पहले ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता चल रही थी। जिनेवा में हुई बातचीत में दोनों पक्षों ने एक व्यावहारिक ढांचा तैयार कर लिया था। इसके मुताबिक, ईरान ने संवर्धित यूरेनियम का भंडार नहीं बढ़ाने, मौजूदा स्टॉक को फ्यूल ग्रेड लेवल तक लाने और IAEA के वेरिफिकेशन की बात मान ली थी। लेकिन, जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर बमबारी शुरू की, तो यह समझौता भी खत्म हो गया। अब जब इस्लामाबाद में फिर से बातचीत शुरू होगी, तो उस पुरानी सहमति तक पहुंचना बहुत बड़ी चुनौती होगी।

अधूरा नैरेटिव । लगातार धमकियों और आखिरी वक्त पर पीछे हटने से इस सीजफायर के लिए रास्ता बना। ट्रंप डेडलाइन बदलते रहे और इससे चेतावनियों का असर धीरे-धीरे कम हो गया। अमेरिका दावा करता रहा कि ईरान की ताकत कम हो गई है, जबकि वह जिद के साथ अड़ा रहा। आखिर में यह साफ हो गया कि ईरान की क्षमता और प्रतिरोध की ताकत, दोनों कायम हैं। अमेरिका के पूर्ण प्रभुत्व का नैरेटिव अधूरा है।

पाकिस्तान का फायदा । सीजफायर की कहानी में पाकिस्तान को एक ईमानदार मध्यस्थ के रूप में दिखाया गया, लेकिन ऐसे संकेत मिलते हैं कि शहबाज शरीफ की अपील को व्हाइट हाउस में तैयार किया गया था। इसका मतलब है कि पाकिस्तान ने उतनी मध्यस्थता नहीं की, जितना अमेरिका को बच निकलने का रास्ता दिया। छह हफ्ते लंबे संघर्ष में अगर कोई स्पष्ट विजेता है, तो पाकिस्तान।

इस्राइल फैक्टर । इस्राइल ने सार्वजनिक रूप से सीजफायर का समर्थन किया है, लेकिन उसकी रणनीतिक प्राथमिकता अब अमेरिका से अलग हो सकती है। कई जानकारों का मानना है कि अमेरिका ने इस्राइली हितों के लिए हमले शुरू किए थे। अब आगे इस्राइल समझौते को मानता है या नहीं - इससे ही भविष्य तय होगा।

चीन की भूमिका । अमेरिका को मिली चोट युद्ध की लागत से कहीं ज्यादा है। यूरोपीय देशों का मदद के लिए आगे न आना NATO पर असर डालेगा, इंडो-पैसिफिक रीजन में वॉशिंगटन कमजोर पड़ सकता है। चीन पर बात करना भी बनता है, जिसकी भूमिका काफी हद तक पर्दे के पीछे रही। शांति पहल पर चर्चा के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार चीन गए थे। असीम मुनीर भी वहां जा सकते हैं। चीन ने पीछे रहकर इस्लामाबाद का समर्थन किया।

आगे क्या । अब बातचीत बदले हुए माहौल में होगी। अमेरिका अब भी सैन्य रूप से मजबूत है, पर जाहिर हो चुका है कि ताकत के बल पर वह राजनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। बिना शर्त जीत की भाषा बोलने वाले ट्रंप को अब वास्तविक समझौते के तर्क को समझना पड़ सकता है।

(लेखक ने Understanding the India-China Border नाम से किताब लिखी है)

लंबी फिल्मों के साथ माइक्रो सीरीज का भी ट्रेंड

कोविड महामारी के समय ऑनलाइन विडियो देखने की आदत लोगों में तेजी से बढ़ी। तब यह कहा जा रहा था कि भविष्य में दर्शकों को कम समय में पूरी होने वाली वेब सीरीज और फिल्में पसंद आएंगी। मगर, भारत में ऐसा नहीं हुआ।

प्रशांत जैन

कॉन्टेंट का खेल । आज दुनिया में 1-2 मिनट के एपिसोड वाले माइक्रो सीरीज का चलन बढ़ा है। लेकिन हमारे यहां फिल्में और वेब सीरीज की लंबाई बढ़ रही है। अब तो चार-चार घंटे की फिल्में बन रही हैं और दर्शक उन्हें देखने के लिए सिनेमाघरों में जा रहे हैं। कई लोग तो ऐसे हैं जो पांच-छह घंटे की वेबसीरीज को एक बार में पूरा देख लेते हैं। इससे पता चलता है कि दर्शक को अगर कॉन्टेंट पसंद आ गया तो वह उसे घंटों बैठकर देख सकते हैं। मगर कॉन्टेंट खराब रहा तो वह अपना थोड़ा वक्त भी जाया करना पसंद नहीं करते हैं।

अजीब ट्रेंड । भारत के मनोरंजन जगत में अजीब ट्रेंड दिख रहा है। कुछ ओवर द टॉप (OTT) प्लेटफॉर्म माइक्रो सीरीज पेश करने की योजना बना रहे हैं। अब टीवी उद्योग भी सैकड़ों एपिसोड के बजाय 40-50 एपिसोड वाले धारावाहिकों पर जोर दे रहा है। मगर, फिल्मों को इससे मतलब नहीं है। रणवीर सिंह की धुरंधर, पुष्पा-2, बॉर्डर-2 जैसी फिल्में इसका उदाहरण हैं। ये सभी फिल्में 3 घंटे से ज्यादा की थीं। इंटरवल और फिल्म शुरू होने से पहले आने वाले विज्ञापनों का समय भी जोड़ दें तो वक्त 4 घंटे से भी ज्यादा का हो जाता है। लेकिन, दर्शकों ने फिर भी इन फिल्मों को अपना वक्त दिया। दर्शकों की पसंद के कारण इन फिल्मों ने बंपर कमाई की।

कॉमन रूम

AI Image

शो की संख्या घटी । कोविड के बाद प्रचलन बदला है। पहले फिल्में दो-ढाई घंटे की होती थीं। अब सिनेमा लंबा होने के साथ टिकट के दाम भी बढ़ गए हैं। फिल्में लंबी होने से सिनेमाघरों में शो की संख्या भी कम हो गई है। इस कारण बिंज वॉच में बढ़ोतरी हुई है। अब OTT पर आने वाले वेबसीरीज को लोग वीकेंड में पूरी रात जागकर देख लेते हैं। कई बार लोग किसी वेबसीरीज के नए सीजन से ऐन पहले पुराने सीजन निपटा देते हैं। दर्शक अपने ऐसे अनुभव सोशल मीडिया पर भी साझा करते हैं। अब महिलाएं भी अपने पसंदीदा धारावाहिक के कई शो एक बार में OTT प्लेटफॉर्म पर देख लेती हैं।

भारत में कोशिश । दुनिया में माइक्रो सीरीज देखने वालों की तादाद भी अच्छी-खासी है। आज अमेरिका और चीन में लोकप्रिय माइक्रो सीरीज के कई एपिसोड एक से डेढ़ मिनट के हैं और देखने वाले इन्हें खूब पसंद कर रहे हैं। विदेश में पॉपुलर होते इस ट्रेंड को अब भारत में भी लाने की कोशिश की जा रही है। भारत में भी कई OTT प्लेटफॉर्म माइक्रो सीरीज पेश कर रहे हैं। कई अन्य बड़े प्लेटफॉर्म भी ऐसे कॉन्टेंट लाने की योजना बना रहे हैं। इनका लक्ष्य वे लोग हैं, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील देखने में घंटों समय बिताते हैं।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

भागवत से पुरखों का, तो पेड़-पौधों से धरती का मोक्ष होगा

रमेश भाई ओझा

ऋग्वेद का पुरुष सूक्त ईश्वर, ब्रह्मांड और मनुष्य के बीच के संबंध को परिभाषित करता है। यह सृष्टि विज्ञान और अध्यात्म का संगम है। इस प्राचीन सूक्त में परमात्मा को एक विराट स्वरूप के रूप में बताया गया है। इसका अर्थ है कि यह पूरा संसार उसी परमात्मा का विस्तार है।

आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वार्मिंग है। वह सुरसा की भांति मुंह बाए खड़ी है, जिसका एकमात्र उपाय है प्रकृति से प्रेम। विराट स्वरूप के साथ खिलवाड़ की वजह से आज हमें प्राकृतिक विपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। नदियों को दूषित किया जा रहा है, पेड़ काटे जा रहे हैं, वायु प्रदूषित की जा रही है। फिर प्राकृतिक विपदा आने पर कहते हैं कि परमात्मा हमसे नाराज है।

संगमरमर के मंदिर, धर्मशालाएं करोड़ों रुपये की लागत से बनते हैं। इन्हें हर कोई बनवा नहीं सकता, लेकिन कम से कम एक पेड़ तो कोई भी लगा सकता है। आपने एक पेड़ लगाया, समझो आपने एक मंदिर बनाया।

AI Image

आपने एक पेड़ लगा दिया, तो समझिए कि औषधालय खोल दिया। कहा गया है कि नास्ति मूलम् अनौषधम् । आपने एक पेड़ लगाया तो समझो आपने धर्मशाला खोल दी। कई थके मुसाफिर वहां आकर उस पेड़ की छाया में बैठेंगे। आराम करेंगे, भोजन करेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि भागवत से पितृओं का मोक्ष होता है, लेकिन हमारी पृथ्वी का मोक्ष हो इसलिए यह जरूरी है कि कथा का भी रूप, रंग और ढंग बदले। तो वृक्ष की दक्षिणा, वृक्ष उगाने का संकल्प और व्यसन छोड़ने का संकल्प - इससे सबका कल्याण होगा। इस रूप में माता प्रकृति की पूजा होगी। देखने में आ रहा है कि लोग पौधरोपण तो करते हैं, लेकिन फिर पलट कर उसे देखने भी नहीं जाते। बताते हैं कि देश में हर साल करोड़ों की संख्या में पेड़ लगाए जाते हैं। उनमें से कितने बड़े होते हैं, यह देखने वाला कोई नहीं। ध्यान रखना खुद को और आने वाली अपनी पीढ़ी को प्राकृतिक अपदाओं से बचाना है तो विराट स्वरूप की पूजा करो, यानी नदियों को दूषित मत करो, पेड़ों की पुत्रवत रक्षा और देखभाल करो। यही पूजा है।

प्रस्तुति : सुभाष चंद्र शर्मा

कांटे की बात

> बंगाल में लगभग 90 लाख वोटरों के नाम काट दिए गए हैं। SIR में वोटरों को संदिग्ध की तरह देखा गया। इस प्रक्रिया में उनसे साबित करने को कहा जा रहा है कि उसे वोट देने का हक है, जबकि यह जिम्मेदारी प्रशासन की होनी चाहिए थी।

एम ए बेबी, *CPM महासचिव*

सप्ताह की शख्सियत

शहबाज़ की कश्कोल से कूटनीति वाली राजनीति

IMF के सामने कश्कोल (भीख का कटोरा) लेकर जाने की बात कहने के लिए आलोचना झेलने वाले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ अमेरिका-ईरान सीजफायर में महत्वपूर्ण नेता बनकर उभरे हैं। उनका सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है।

सेना के विश्वासपात्र

2017 में अपने भाई और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के लंदन भागने के बाद शहबाज ने ही मुश्किल हालात में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (PML-N) की कमान संभाली। इस दौरान वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री भी रहे। 2022 में इमरान खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दौरान तत्कालीन ISI प्रमुख संग बातचीत ने उन्हें सेना का विश्वासपात्र बनाया।

मुनीर के मुरीद

प्रधानमंत्री के तौर पर आर्थिक संकट और राजनीतिक चुनौतियां झेलने वाले शहबाज शुरू से सेना को तवज्जो देते रहे हैं। उनका मानना है कि पाकिस्तान में सेना और नागरिक नेतृत्व मिलकर शासन चला रहे हैं। पिछले साल उन्होंने सेना प्रमुख असीम मुनीर को प्रमोशन देने के लिए संविधान में भी संशोधन कर दिया। इस युद्ध विराम का श्रेय भी उन्होंने मुनीर को दिया है।

प्रस्तुति : अभिषेक मिश्र

जनता जंक्शन

इरफान

टिकट नहीं चाहिए, पार्टी कहेगी तो घर बैठ जाऊंगा

*उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री **हरीश रावत** को कांग्रेस से अलग-थलग करने की कोशिश की जा रही है। **महेश पांडे** के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि कैसे उनके आग्रह पर भी संजय नेगी को पार्टी में शामिल नहीं कराया गया, जिससे वह आहत हुए। पेश है बातचीत के मुख्य अंश :*

विशुद्ध राजनीति
इंटरव्यू

■ **उत्तराखंड कांग्रेस में क्या चल रहा है। अंदरूनी कलह की वजह से क्या चुनाव पर असर पड़ेगा?**

हम लोकतांत्रिक पार्टी हैं। हमें अपनी बात रखने की आजादी है। लेकिन, कभी-कभार विवाद हो जाते हैं। जहां तक चुनाव की बात है तो हम एकजुट होकर काम करेंगे और पार्टी को जिताएंगे।

■ **चुनाव समिति में न रखने से आपकी उपेक्षा हुई?**

मुझे उन समितियों में रहना ही नहीं था। मैं यह जरूर चाहता था कि मेरे कुछ लोग उसमें रहें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे अब भी लगता है कि कुछ लोगों को शामिल किया जाएगा।

■ **धारचूला के विधायक हरीश धामी ने आपके समर्थन के लिए विधायकों से पार्टी छोड़ने तक को कह दिया। क्या इससे पार्टी कमजोर नहीं होगी?**

ऐसा कुछ नहीं है। उनकी बातों को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया। उन्होंने पार्टी छोड़ने की नहीं, बल्कि समर्थन जुटाने की बात कही थी। चूंकि वह मेरे साथ रहे हैं और काफी करीब से मेरा कामकाज देखा है, इसलिए उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

■ **पूर्व स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल और पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा भी आपकी उपेक्षा का दावा कर रहे हैं?**

मैं रामनगर के संजय नेगी को शामिल कराना चाहता था। इसके लिए मैंने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों सहित अपनी बहन व प्रदेश की केंद्रीय प्रभारी कुमारी शैलजा तक से भेंट की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जिसका मुझे दुख है।

■ **कांग्रेस में जो 6 नेता आए हैं, उनसे आपकी कोई नाराजगी?**

सवाल ही नहीं है। उनमें से 3 को तो मैंने ही कांग्रेस में आने के लिए प्रेरित किया था। पार्टी में आने के बाद वे मुझसे मिलने भी आए।

■ **पार्टी ने आपको केंद्र में मंत्री बनाया, प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। अब उपेक्षा की बातें क्यों हो रहीं?**

मैंने भी पार्टी की सेवा की है। मैं आज भी पार्टी के हर फैसले में साथ हूं। मैं कह चुका हूं कि अब नए लोगों को मौका मिलना चाहिए। मुझे अब न तो कोई पद और न ही टिकट चाहिए। लेकिन, मैं पार्टी को सत्ता में लाने के लिए दिन-रात काम करूंगा। अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मुझे सम्मानपूर्वक विदाई दे दी जानी चाहिए। पार्टी कहेगी तो मैं घर बैठ जाऊंगा।

■ **क्या डॉ. हरक सिंह रावत के आने से आप असहज हैं?**

सभी जानते हैं कि उन्होंने पार्टी और सरकार के साथ क्या किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने उन्हें दोबारा लाने के लिए मुझसे काफी आग्रह किया। उनके कहने पर ही मैंने पुरानी बातें भुला दीं। पार्टी की जीत के लिए मैं अब भी उनके साथ हूं, लेकिन उनके बयान से विवाद हो रहा है। वह अब मुझ पर ही निशाना साध रहे हैं।

■ **क्या अंदरूनी कलह की वजह से आप लोग पिछला चुनाव हार गए। पार्टी ने इससे सबक नहीं सीखा?**

मुझ पर तो आरोप है कि 2017 और 2022 के चुनाव में मेरी अगुवाई में हार हुई। मैंने इसकी जिम्मेदारी भी ले ली। लेकिन, किसी ने यह नहीं देखा कि हार के बावजूद वोट शेयर बढ़ा। हम भले चुनाव नहीं जीते, लेकिन हमारा जनाधार कमजोर नहीं हुआ।

रीडर्स मेल

उकसावे से बचना होगा

पत्र 9 अप्रैल के संपादकीय स्थायी समाधान चाहिए पर है। अमेरिका, ईरान और इस्राइल के बीच युद्धविराम निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। 40 दिनों तक चले संघर्ष के बाद यह राहत भरी खबर वैश्विक शांति के लिए उम्मीद जगाती है। यह शांति अभी अस्थायी है और स्थायी समाधान के लिए सभी पक्षों को गंभीरता से बातचीत करनी होगी। पश्चिम एशिया की अस्थिरता का प्रभाव पूरी दुनिया, खासकर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। होर्मुज स्ट्रेट में सामान्य स्थिति लौटना एक राहत है। जरूरी है कि सभी पक्ष संयम बरतें, उकसावे से बचें और कूटनीतिक प्रयासों को प्राथमिकता दें।

राजेश कुमार, नोएडा

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP11 User: cci Time: 04-09-2026 22:17 Color:

AI Images

NBT आज का इतिहास

आज ही मिला था सेफ्टी पिन का पेटेंट

आज ही के दिन 1849 में अमेरिकी मैकेनिक वॉल्टर हट (Walter Hunt) को सेफ्टी पिन का पेटेंट मिला था। उन्होंने 15 डॉलर का कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ तीन घंटे में पीतल के तार से इसे बनाया था। इसमें पहली बार स्प्रिंग और नुकीले हिस्से को ढकने वाला सुरक्षित कवर लगा था। आज भी साड़ी पहनने से लेकर फटे कपड़ों के जुगाड़ तक, सेफ्टी पिन हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा है।

NBT वायरल फोटो

9 हजार की स्कूली किताबें!



चंडीगढ़ के शख्स का विडियो वायरल है। दूसरी क्लास की किताबों का 9,000 रुपये का बिल दिखा रहे हैं। इससे प्राइवेट स्कूलों की लूट पर हंगामा मच गया है।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 ब्रिटेन के रक्षा मंत्री का क्या नाम है, जिन्होंने इस्राइल को लेबनान पर हमले रोकने को कहा?
A. डेविड कैमरन B. जॉन हीली C. रिशि सुनक

2 हिज्बुल्लाह नाम का सशस्त्र गुट इनमें से किस देश में सक्रिय है?
A. सीरिया B. लेबनान C. इराक

3 चंबल सैंक्चुअरी किस राज्य में है, जहां अवैध खनन चर्चा में है?
A. UP B. राजस्थान C. मध्य प्रदेश

4 राज्यसभा के सभापति का क्या नाम है, जो नीतीश कुमार को सदस्य के रूप में शपथ दिलाएंगे?
A. जगदीप धनखड़ B. सी. पी. राधाकृष्णन C. ओम बिरला

5 अजित पवार के बेटे का क्या नाम है, जिन्होंने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली?
A. पार्थ पवार B. रोहित पवार C. सुजय पवार

कल के जवाब
A1 C. गौतम अडाणी
A2 A. विक्टर ऑर्बन A3 B. अमेरिका
A4 A. संजय मल्होत्रा A5 A. कांग्रेस

लकी विनर्स

1. नरेश कुमार, फरीदाबाद
2. दीपक कुमार गुप्ता, दिल्ली
3. गीता यादव, दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

'मंदिर में किसी की एंट्री रोकी तो समाज बंटेगा'

सबरीमला केस में SC ने कहा- हर मंदिर तक सबकी पहुंच होनी चाहिए | केंद्र बोला, 2018 का फैसला 'पुरुष श्रेष्ठ' की धारणा पर दिया गया था

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सबरीमला केस में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हर व्यक्ति को सभी मंदिरों और मठों तक पहुंच मिलनी चाहिए। किसी एक वर्ग के नाम पर दूसरों को जाने से रोका, तो नकारात्मक असर हिंदू धर्म पर पड़ेगा और समाज में विभाजन बढ़ेगा। केंद्र ने सबरीमला मंदिर में विशेष आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर रोक का समर्थन किया। कहा, 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित था कि पुरुष श्रेष्ठ है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह पुरुष-केंद्रित या महिला-केंद्रित धार्मिक मान्यताओं का सवाल नहीं है। सीनियर वकील सीएस वैद्यनाथन ने कहा, श्री वेंकटरमणा देवैरू बनाम मैसूर राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट का पुराना फैसला सही नहीं था। उस फैसले में कोर्ट ने माना था कि सार्वजनिक प्रकृति के मंदिरों में सभी वर्गों के हिंदुओं को प्रवेश मिलना चाहिए, भले ही मंदिर किसी विशेष संप्रदाय से जुड़ा हो।

FILE
9 जजों की बेंच सबरीमला में महिलाओं की एंट्री से जुड़े केस सुन रही है।

'दूसरे धर्मों के लोगों की एंट्री पर पूरी रोक नहीं'

वैद्यनाथन ने कहा, सबरीमला मंदिर में दूसरे धर्मों के लोगों के प्रवेश पर पूरी रोक नहीं है। अगर कोई ईसाई या मुस्लिम भगवान अयप्पा में आस्था रखता है तो उसके प्रवेश पर रोक नहीं है। धार्मिक संप्रदाय की अवधारणा को सिर्फ एक धर्म में सीमित करके नहीं देखा जा सकता।

जजों ने दिए अलग-अलग उदाहरण

जस्टिस सुंदरेश ने कहा, केरल के कुछ मंदिरों में शर्ट पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं होती। ऐसे में कोई यह नहीं कह सकता कि वह अपनी इच्छा से शर्ट पहनकर ही मंदिर जाएगा। CJI सूर्यकांत बोले, गुरुवायूर मंदिर में पुरुषों को शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट सख्त

बाल तस्करी गंभीर मामला, राज्य कदम उठाएं: SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश में बढ़ते बाल तस्करी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गहरी चिंता जताई। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को साफ संदेश दिया कि इस समस्या को बेहद गंभीरता से लिया जाए। कहा कि बाल तस्करी के गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्यों ने तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर जा सकती है।

पीठ ने राज्यों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कई जगहों पर अपेक्षित राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति दिखाई नहीं दे रही है। अदालत ने विशेष रूप से उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ढीले रवैये पर असंतोष जताया, जिन्होंने 2025 के फैसले के अनुपालन में उम्मीद के मुताबिक कदम नहीं उठाए। अदालत ने याद दिलाया कि 15 अप्रैल 2025 को दिए गए फैसले में बाल तस्करी के संगठित नेटवर्क को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों का निर्देश दिया गया था।

10 साल से दंपती अलग, 80 केस, SC ने 'महाभारत जैसी' वैवाहिक लड़ाई खत्म की

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक ऐसे वैवाहिक विवाद का अंत कर दिया, जो पिछले एक दशक से चल रहा था। कोर्ट ने 10 साल से अलग रह रहे दंपती का विवाह खत्म करते हुए कहा कि दोनों पक्षों, उनके रिश्तेदारों और वकीलों के खिलाफ 80 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। शीर्ष अदालत ने इस पूरे विवाद को वैवाहिक झगड़े का महाभारत करार दिया। कोर्ट ने खास तौर पर पति के आचरण पर कड़ी नाराजगी जताई। पेशे से वकील पति पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि उसने अपनी कानूनी जानकारी का इस्तेमाल मुकदमे को लंबा खींचने, कार्यवाही को बाधित करने और पत्नी की ओर से पेश हो रहे वकीलों को डराने-धमकाने के लिए किया।

कोर्ट ने पति की उस दलील को भी खारिज कर दिया, जिसमें उसने खुद को गुजारा भत्ता देने में असमर्थ बताया था। अदालत ने कहा, बेटे की परवरिश और बढ़ती जीवन-यापन लागत को देखते हुए पर्याप्त आर्थिक संसाधनों की जरूरत है। कोर्ट ने पति को निर्देश दिया कि वह पत्नी को 5 करोड़ रुपये स्थायी गुजारा भत्ता दे।

AI Image

मेंटिनेंस पर कोई बहाना नहीं चलेगा

विवाह पूरी तरह टूट जाए और मुकदमेबाजी उत्पीड़न का रूप ले ले, तो सुप्रीम कोर्ट आर्टिकल 142 के तहत निर्णायक दखल कर सकता है। इस केस में पत्नी और बच्चे की आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देकर कोर्ट ने साफ किया कि पति द्वारा चालाकी या पत्नी की योग्यता का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से नहीं बच सकता।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। तीन दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। आचार्य कौशल कुमार के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। इस शुल्क में स्वस्थ और एकांत जीवन शैली के दिव्य-ज्ञान के साथ आवास और तीन समय का भोजन सम्मिलित है

आचार्य कौशल कुमार के सानिध्य में



स्थान पुरवार आश्रम, प्रयागराज

तिथि 17 से 19 अप्रैल 2026

शुल्क मात्र ₹9999-/ प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें!

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नीचे दिए गए नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल व्हाट्सऐप पर भेजें।

7003890071

NBT नवभारत टाइम्स

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है। IRA 2026 बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां। **सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।** हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। **आज ही रजिस्टर करें।**
व्हॉट्सऐप नंबर -7003890071

US में सिखों के खिलाफ हेट क्राइम रेकॉर्ड स्तर पर

■ NBT रिपोर्ट

अमेरिका में 2025 के दौरान कुल हेट क्राइम के मामलों में करीब 11% की कमी आई है, लेकिन सिख समुदाय के खिलाफ बढ़ती हिंसा ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, सिखों के खिलाफ हेट क्राइम रेकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए हैं।

अमेरिका में 2025 के दौरान कुल हेट क्राइम के मामलों में करीब 11% की कमी आई है

विशेषज्ञों का कहना है कि सिख समुदाय पहले से ही संवेदनशील समूहों में शामिल रहा है, लेकिन अब उनके खिलाफ हमलों में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसी के साथ, लैटिनो समुदाय के खिलाफ भी अपराध बढ़े हैं और 34 साल में पहली बार वे सबसे ज्यादा निशाने पर रहने वाले शीर्ष तीन समूहों में शामिल हो गए हैं। हालांकि, यहूदी समुदाय के खिलाफ हेट क्राइम में करीब 29% की कमी दर्ज हुई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि चुनाव, युद्ध या आतंकी घटनाओं जैसे कारण हेट क्राइम को बढ़ाते हैं और इसका असर लंबे समय तक बना रहता है।

आधार पाने के नियम कड़े हों, SC में PIL

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर किशोरों और वयस्कों को आधार कार्ड जारी करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश बनाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि नए आधार कार्ड केवल छह साल तक के बच्चों को जारी किए जाएं, जबकि किशोरों और वयस्कों के लिए कड़ी जांच प्रक्रिया लागू हो, ताकि घुसपैठिए खुद को भारतीय नागरिक बताकर आधार हासिल न कर सकें।

यह जनहित याचिका वकील अश्विनी उपाध्याय ने दाखिल की है।

चंबल सैंक्चुअरी में अवैध खनन रोकने गए वनरक्षक की मौत, SC ने ब्योरा मांगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के नैशनल चंबल सैंक्चुअरी क्षेत्र में अवैध रेत खनन रोकने की कोशिश के दौरान एक वनरक्षक की कथित हत्या का मामला गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने तत्काल सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। अदालत ने संज्ञान लेते हुए मामले को अगले हफ्ते सुनवाई के लिए लिस्ट करने का संकेत दिया है। बताया गया कि यह घटना बुधवार की है, जब वनरक्षक हरकेश गुर्जर (33) गश्त के दौरान अवैध रेत ले जा रहे एक ट्रैक्टर को रोकने पहुंचे थे। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने गाड़ी उन पर चढ़ा दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से कहा, अन्य घटनाओं का भी पूरा ब्योरा हलफनामे के जरिए रिकॉर्ड पर लाएं।

FILE

कोर्ट पहले भी दिखा चुका है सख्ती

सुप्रीम कोर्ट पहले भी चंबल क्षेत्र में अवैध रेत खनन को लेकर सख्त रुख दिखा चुका है। पिछली सुनवाई में अदालत ने कहा था कि रेत माफिया के खिलाफ निवारक निरोध कानून तक लागू किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी माना था कि अभयारण्य क्षेत्र में अवैध खनन पर्यावरण, वन्यजीव और कानून-व्यवस्था- तीनों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।

श्रीनगर-जम्मू नैशनल हाइवे खुला

■ श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन दिन बाद गुरुवार को गाड़ियों की आवाजाही बहाल कर दी गई। कश्मीर के रामबन जिले में भूस्खलन के कारण यह राजमार्ग बंद था। (IANS)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP12 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 04-09-2026 20:06 Color:



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDPJK User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 04-09-2026 20:06 Color:



5 CLUBHOUSES • 1 ADDRESS

Infinite
INDULGENCES

SECTOR 22D, YAMUNA EXPRESSWAY

REVEALING SOON

EXPRESS YOUR INTEREST BY PAYING ₹10 LAKH*
& GET PRE-LAUNCH BENEFITS UP TO ₹41.86 LAKH*

*T&C APPLY

SCAN TO EXPERIENCE A LUXURY RESORT LIFE

www.arihantbuildcon.com

Arihant Seasons - RERA No. UPRERAPRJ974543/02/2026 | www.up-rera.in/viewprojects

Disclaimer: Visuals and information are indicative and for representational purposes only. All details are subject to statutory approvals and final agreements.

80100 00108

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP23 User: cci Time: 04-09-2026 21:55 Color:



नोएडा/गाजियाबाद > शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 > चैत्र 20 शक संवत 1948 वैशाख कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 84 > पेज 20* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

अगर लेबनान पर हमले हुए तो बातचीत बेमानी : ईरान
▶ देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ट्रंप क्यों बोले- ऐसा नही हुआ, तो फिर बड़े हमले होंगे
▶ देखें अंदर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 2 Page: NBTNDBP User: cci Time: 04-10-2026 00:03 Color:

16 बार IPL में किसी टीम ने 1 रन के अंतर से मैच जीता है। यह IPL में रन के लिहाज से सबसे कम अंतर की जीत का रेकॉर्ड है

Quiz IPL स्पेशल

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. IPL में कितनी बार किसी टीम ने 1 रन के अंतर से मैच जीता है?
A) 17 B) 5 C) 16 D) 20
2. IPL में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कितने मुकाबले हुए हैं?
A) 14 B) 17 C) 20 D) 33
3. IPL ने किस कप्तान पर गुरुवार को स्लो ओवर रेट के कारण फाइन लगाया है?
A) अक्षर पटेल B) शुभमन गिल C) श्रेयस अय्यर D) रुतुराज गायकवाड़

कल के जवाब
1. D) MI 2. A) 6

लकी WINNER

1. आरोन शर्मा, रतन पार्क, दिल्ली
2. अजय कुमार, इंदौर, मध्यप्रदेश
3. नंदिका सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

अब आप अपने जवाब हमें !!!!अलर्ट!!!!! **8796958780** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस IPL स्पेशल Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

लखनऊ ने रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर कोलकाता को तीन विकेट से हराया

मुकुल ने KKR से छीनी जीत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आईपीएल-19 में अपनी पहली जीत की तलाश में जुटी कोलकाता नाइटराइडर्स टीम का इंतजार और लंबा हो गया। गुरुवार को ईडन गार्डंस पर खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में कोलकाता की टीम जीत की स्क्रिप्ट लगभग तैयार कर चुकी थी। लेकिन, लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे मुकुल चौधरी (54* रन, 27 बॉल, 2 फोर, 7 सिक्स) ने अंतिम क्षणों में अपनी बेमिसाल पावर हिटिंग से कोलकाता के अरमानों पर पानी फेर दिया और जीत के नायक बने। एक दिन पहले दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच का फैसला अंतिम गेंद पर हुआ था और इस मैच में भी यही कहानी दोहराई गई।

KKR vs LSG मैच नंबर-15

रहाणे-पॉवेल ने दिया सहारा: इससे पूर्व टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान की बदौलत चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में कामयाबी पाई। टीम ने कप्तान अजिंक्य रहाणे (41 रन, 24 बॉल, 4 फोर, 2 सिक्स), अंगकृष रघुवंशी (45 रन, 33 बॉल, 5 फोर, 2 सिक्स) के बाद मध्यक्रम में कैमरन ग्रीन (32* रन, 24 बॉल, 3 फोर, 1 सिक्स) और रोवमैन पॉवेल (39* रन, 24 बॉल, 4 फोर, 2 सिक्स) की पारियों की बदौलत 20 ओवरों में 4 विकेट पर 181 रनों का फाइटिंग टोटल बना लिया। लखनऊ ने 20 ओवरों में 7 विकेट पर 182 रन बनाकर तीन विकेट से जीत हासिल की।

मुकुल की 'चौधराहट': स्कोर का पीछा करते हुए लखनऊ के लिए आयुष बडोनी (34 बॉल पर 54 रन, 7 फोर, 2 सिक्स) ने अर्धशतक जड़ा, लेकिन जीत का अफसाना लिखा मुकुल ने। लखनऊ को 16वें ओवर के बाद जीत के लिए 24 बॉल में 54 रन चाहिए थे जबकि टीम के सात विकेट गिर चुके थे। मुकुल तब 6 बॉल पर सिर्फ 2 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन अगले चार ओवर में उन्होंने मैच का पासा पूरी तरह पलट दिया। उन्होंने कोलकाता के हर गेंदबाज पर ताबड़तोड़ प्रहार करने शुरू कर दिए। उन्होंने 17वें ओवर में तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा पर 4 और 6 जमाने के बाद 18वें ओवर में कार्तिक त्यागी को 2 सिक्स जड़े। 19वें ओवर में सामने थे पेसर कैमरन ग्रीन जिन पर मुकुल ने 2 सिक्स और 1 फोर लगाया। अंतिम ओवर में जीत के लिए 6 बॉल पर 14 रन चाहिए थे और सामने फिर से वैभव अरोड़ा थे। अवेश खान ने सिंगल लेकर स्ट्राइक उन्हें दी जिसके बाद दूसरी ही बॉल पर मुकुल ने 6 लगाया। बोलर ने तीसरी और चौथी बॉल डॉट फेंकी, लेकिन पांचवीं बॉल पर उन्होंने फिर छक्का जमा दिया जिससे स्कोर बराबर हो गया। वैभव ने अंतिम बॉल पर बाउंसर डाली जिसे मुकुल मिस कर गए, लेकिन दोनों बल्लेबाजों ने दौड़कर एक रन पूरा कर लिया।

आखिरकार लौटे ऑलराउंडर ग्रीन

पहले मैच से ही बोलिंग न करने की वजह से सुर्खियों में चल रहे कैमरन ग्रीन आखिरकार अपने ऑलराउंडर अवतार में लौटे। ग्रीन ने शुरुआती दो मैच में बोलिंग नहीं की थी, जिसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे ने निराशा जताई थी। उन्होंने अपने पहले ओवर में ऋषभ पंत का विकेट लिया। मैच में उन्होंने कुल दो ओवर गेंदबाजी की और 1 विकेट लेकर 28 रन खर्च किए।

2.6 करोड़ में खरीदा था

राजस्थान में झुंझुनू के छोटे शहर से निकले मुकुल चौधरी की सफलता पिता के सपने और संघर्ष की कहानी है। बड़े होते हुए उनके पास सीमित संसाधन थे। इसके बावजूद पिता दलीप चौधरी ने बेटे को सीकर की अकैडमी भेजा। तेज गेंदबाज से विकेटकीपर बने मुकुल ने कड़ी मेहनत से घरेलू क्रिकेट में पहचान बनाई। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें IPL 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ में खरीदा था।

स्कोरकार्ड

KKR: अजिंक्य रहाणे को शमी बो राठी 41, फिन एलेन को राठी बो प्रिंस 9, अंगकृष रघुवंशी को मार्करम बो सिद्धार्थ 45, कैमरन ग्रीन नॉट आउट 32, रिंकू सिंह को अवेश बो शमी 4, रोवमैन पॉवेल नॉट आउट 39, एक्स्ट्रा: 11 टोटल: 20 ओवरों में 4 विकेट पर 181 रन विकेट: 1-15, 2-99, 3-105, 4-111 बोलिंग: मोहम्मद शमी 4-0-27-0, प्रिंस यादव 4-0-47-1, मणिमारन सिद्धार्थ 4-0-34-1, दिग्वेश राठी 4-0-25-1, अवेश खान 4-0-44-1

LSG: मिचेल मार्श को रघुवंशी बो अरोड़ा 15, एडेन मार्करम को पॉवेल बो अरोड़ा 22, ऋषभ पंत को कार्तिक बो ग्रीन 10, आयुष बडोनी को रिंकू बो अनुकूल 54, निकोलस पूरन को रमनदीप बो कार्तिक 13, अब्दुल समद बो अनुकूल 2, मुकुल चौधरी नॉट आउट 54, मोहम्मद शमी को अनुकूल बो नरेन 1, अवेश खान नॉट आउट 0 एक्स्ट्रा: 10 टोटल: 20 ओवरों में 7 विकेट पर 182 रन विकेट: 1-41, 2-42, 3-73, 4-95, 5-104, 6-125, 7-128 बोलिंग: वैभव अरोड़ा 4-0-38-2, अनुकूल रॉय 4-0-32-2, नवदीप सैनी 3-0-37-0, सुनील नरेन 4-0-13-1, कार्तिक त्यागी 3-0-31-1, कैमरन ग्रीन 2-0-28-1

वैभव आज देंगे 'किंग साइज' टेस्ट

कुल मैच 33
14 RR
17 RCB
2 नो रिजल्ट

सूर्यवंशी 11 सिक्स लगा चुके हैं मौजूदा IPL में

202 विकेट लिए हैं भुवनेश्वर ने IPL में। वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले पेसर हैं

■ **NBT रिपोर्ट, गुवाहाटी/नई दिल्ली:** 'बुमरा चैलेंज' का शानदार तरीके से सामना करने वाले युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ 'किंग साइज' टेस्ट देने उतरेंगे। वैभव के सामने विराट कोहली होंगे जो अपने जोश और आक्रामकता से विपक्षी टीम और बैटर पर दबाव बनाने के लिए पहचाने जाते हैं। वैभव इस दबाव को कैसे झेलते हैं इस पर सभी की निगाहें होंगी।

राजस्थान रॉयल्स इस सीजन की सबसे आक्रामक बैटिंग यूनिट बनकर उभरी है। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने टीम को तेज शुरुआत देकर विरोधी गेंदबाजी पर दबाव बनाया है। गेंदबाजी में भी टीम ने योजनाओं पर सटीक अमल किया है। दूसरी ओर, बेंगलुरु ने संतुलित टीम संयोजन के साथ प्रभावित किया है। विराट कोहली भले ही टी20 से संन्यास ले चुके हों, लेकिन उनका अनुभव टीम के लिए अहम बना हुआ है। मैच में बारिश की 14 प्रतिशत संभावना है।

RR vs RCB मैच नंबर-16

36 बार बेंगलुरु ने IPL में 200+ स्कोर बनाए हैं। वह एक बार और 200+ स्कोर बनाते ही सर्वाधिक बार इस आंकड़े तक सर्वाधिक बार पहुंचने के मामले में चेन्नै (37 बार) की बराबरी कर लेगी

प्लेइंग XI

RR: यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), शिमरॉन हेटमायर, रविंद्र जाडेजा, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा

इम्पैक्ट प्लेयर: रवि बिश्नोई

RCB: फिल सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, अभिनंदन सिंह, जैकब डफी

इम्पैक्ट प्लेयर: सुयश शर्मा

LIVE शाम 7:30 बजे से

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बेस्ट ओपनिंग जोड़ी की जंग!

इस मैच में दोनों टीम की ओपनिंग जोड़ियों पर भी विशेष नजर रहेगी। राजस्थान की ओर से ओपनिंग करने वाले यशस्वी और वैभव 12.36 रन रेट से रन बनाते हैं। यह रन रेट पिछले सीजन से 200+ रन बनाने वाली ओपनिंग जोड़ियों के बीच बेस्ट है। हर पारी में यह जोड़ी औसतन 64.7 रन जोड़ती है, जो बेस्ट है। विराट और सॉल्ट का रन रेट 10.24 है, जो तीसरा बेस्ट है। विराट और सॉल्ट की जोड़ी ने 15 पारियों में 611 रन जोड़े हैं, जबकि यशस्वी और वैभव ने 10 पारियों में 647 रन जोड़ दिए हैं।

फटाफट खबरें

गोपीनाथ का निधन

■ **चेन्नै:** भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली टेस्ट जीत का हिस्सा थे। उनके निधन के साथ उस ऐतिहासिक टीम का आखिरी सदस्य भी चला गया। गोपीनाथ ने 8 टेस्ट खेले। बाद में चयनकर्ता और मैनेजर के रूप में योगदान दिया।

भारत को तीन गोल्ड

■ **शिमला:** भारत ने एशियन युवा टेबल टेनिस रीजनल क्वॉलिफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन टीम खिताब जीते। अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों ने गोल्ड हासिल किया। अंडर-19 लड़कों का खिताब बांग्लादेश ने जीता।

भारतीय टीम 0-3 से हारी

■ **नई दिल्ली:** बिली जीन किंग कप में भारत को इंडोनेशिया ने 3-0 से हराया। वैष्णवी आडकर और सहजा यमलापल्ली सिंगल्स में हार गईं, जबकि अंकिता-ऋतुजा की जोड़ी भी डबल्स मुकाबला गंवा बैठी। इस हार से भारत की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा।

शुभमान पर जुर्माना

■ **नई दिल्ली:** शुभमान गिल पर गुरुवार को IPL में 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। यह फाइनल गुजरात टाइटंस के कप्तान गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खिलाफ स्लो ओवर रेट की वजह से लगाया गया।

हीरो या विलेन?

डेविड मिलर का 1 रन लेने से इनकार करना पड़ा DC को भारी

■ **NBT स्पोर्ट्स, नई दिल्ली:** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में एक रन लेने से इनकार करने वाले डेविड मिलर अचानक से आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं। बुधवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पारी की पांचवीं गेंद पर एक रन लेकर मुकाबले को कम से कम टाई कर देने का मौका उनके पास था पर मिलर ने अंतिम गेंद पर बड़ी हिट के साथ मैच फिनिश करने का फैसला किया। मिलर साल 2022 में ऐसा कर चुके थे तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ था, हालांकि मिलर ने जैसा सोचा वैसा कर नहीं पाए। इसके बाद से ही मिलर आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं।

पहली बार हुआ ऐसा: ऐसा नहीं है कि लीग में पहली बार कोई टीम एक रन से हारी है। ऐसा भी नहीं है कि दिल्ली कैपिटल्स पहली बार कोई मुकाबला एक रन से हारी है। लीग में 16वां मैच था जिसमें कोई टीम एक रन से हारी, जबकि दिल्ली को ऐसी हार चौथी बार मिली। लेकिन एक तथ्य यह भी है कि अंतिम दो गेंदों में दो रन की जरूरत होने पर इससे पहले किसी भी टीम ने हार का मुंह नहीं देखा था।

पहले भी कर चुके थे करिश्मा: अंतिम 18 गेंदों पर 45 रन का लक्ष्य असंभव दिख रहा था, लेकिन यहां से मिलर ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। अंतिम तीन गेंद पर जीत के लिए आठ रन चाहिए थे और मिलर के लिए यह नई स्थिति नहीं थी। साल 2022 में पहले क्वॉलिफायर में भी कुछ ऐसा ही नजारा था। अंतिम ओवर में गुजरात को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। मिलर के सामने राजस्थान रॉयल्स के पेसर प्रसिद्ध कृष्णा ही थे। मिलर ने शुरुआती तीन गेंदों पर तीन सिक्स के साथ गुजरात को यादगार जीत दिला दी थी। पर यहां बात नहीं बनी।

डेथ ओवर्स में बेस्ट में शामिल

मिलर डेथ ओवर्स (16-20) के सबसे खतरनाक बैटर्स में से एक माने जाते हैं। इस दौरान वह हर 4.5 बॉल्स पर एक बाउंड्री (4 या 6) लगाते हैं। डेथ ओवर्स में लीग इतिहास के हाईएस्ट स्ट्राइक रेट वालों में वह टॉप-6 में शामिल हैं। गुजरात के खिलाफ भी उन्होंने डेथ ओवर्स में 200 प्लस की स्ट्राइक रेट से 41 रन बनाकर अपनी पूरी कोशिश की।

टी20I की एक पारी में निकाले 9 विकेट

■ **एजेंसियां, दुबई:** ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रेकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20I में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20I क्रिकेट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ बोलिंग फिगर है। उन्होंने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट असोसिएशन ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20I टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रेकॉर्ड भूटान के सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20I मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे।

क्रिकेट कनेक्ट

रवि शास्त्री को सम्मानित करते CM देवेंद्र फडणवीस

दिग्गजों को सम्मान: महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 'रवि शास्त्री स्टैंड' का अनावरण किया। इस अवसर पर 'दिलीप सरदेसाई गेट', 'डायना एडुल्जी गेट' और 'एकनाथ सोलकर गेट' का भी उद्घाटन किया गया।

IPL में नियम हुए सख्त

टीम शीट वाले प्लेयर्स ही आएंगे ग्राउंड पर

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से जुड़े कई सख्त नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक, मैच के दौरान केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में जाने की अनुमति होगी जिनका नाम 16 प्लेयर्स वाली टीम शीट में शामिल होगा।

इसमें 11 खिलाड़ी वे होंगे जो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, इम्पैक्ट-सब के रूप में एक और चार खिलाड़ी रिजर्व के रूप में रखे जा सकते हैं। कोई भी अन्य सदस्य मैदान पर प्रवेश नहीं कर सकेगा। टीम शीट में शामिल नहीं होने वाले खिलाड़ी ड्रिंक्स, बैट या ग्लव्स लेकर मैदान में नहीं जा सकेंगे। वे खिलाड़ियों तक कोई मैसेज भी नहीं पहुंचा सकेंगे। बाउंड्री लाइन के पास केवल पांच खिलाड़ी ही बिब पहनकर घूम सकते हैं। बाकी डगआउट में ही रहना होगा।

आयुष आगे बढ़े, सिंधु और प्रणॉय हुए बाहर

■ **एजेंसियां, निंगबो:** आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे के चिन यू जेन को सीधे गेम में हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली। लेकिन, दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु और पुरुषों में एचएस प्रणॉय अपने-अपने मुकाबले हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। आयुष ने 41 मिनट तक चले मैच में ताइपे के शटलर पर 21-16, 21-12 से आसान जीत दर्ज की। क्वॉर्टर फाइनल में आयुष का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

सिंधु, प्रणॉय बाहर: विमिंस सिंगल्स में सिंधु को दो बार की एशियन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी वांग जी यी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, पुरुष सिंगल्स में प्रणॉय को भी दूसरे राउंड में हॉन्गकॉन्ग के येंग होंग यांग के हाथों 12-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिक्स्ड डबल्स में भी तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा।



बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

भारतीय शटलर आयुष शेट्टी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट

वैशाली ने दिव्या को हराया, टॉप पर पहुंचीं

■ **एजेंसियां, पाफोस:** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट के महिला वर्ग के नौवें राउंड में हमवतन दिव्या देशमुख को मात दे दी। इस जीत के साथ वैशाली के टूर्नामेंट 5.5 अंक हो गए हैं और वह चीन की तिनेर झू के साथ पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। वहीं, वैशाली के भाई आर प्रग्गनानंदा को चीन के वी यी के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

आर वैशाली

चार महिला बॉक्सर्स का गोल्डन पंच

■ **एजेंसियां, उलानबटोर:** एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की महिला बॉक्सर्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल्ड मेडल अपने नाम किए। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार की अगुआई में टीम ने फाइनल में जीत दर्ज की। प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी ने भी गोल्ड जीता। भारत ने कुल 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज सहित 10 पदक जीते। निखत जरीन, अंकुशिता बोरो, लवलीना बोरगोहेन और पूजा रानी को सेमीफाइनल में हार के बाद ब्रॉन्ज मिला। आज पुरुष वर्ग में विश्वनाथ सुरेश और सचिन सिवाच से गोल्ड मेडल मैच में उतरेंगे।

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप

भारतीय महिला दल और सपोर्ट स्टाफ मेडल्स के साथ

एकतरफा जीत: मीनाक्षी (48 किग्रा) ने मंगोलिया की नोमुंदारी को 5-0 से हराकर भारत का खाता खोला। इसके बाद प्रीति (54 किग्रा) ने हुआंग शियाओ-येन को एक-0 से हराया। प्रिया (60 किग्रा) ने नॉर्थ कोरिया की वॉन उन-ग्योंग को 3-0 से मात दी, जबकि अरुंधति (70 किग्रा) ने बकित सेइदिश को 4-1 से हराकर गोल्ड जीता। वहीं, जैसमीन लंबोरिया और अल्फिया पठान को फाइनल हारकर सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप

मीनाक्षी फाइनल में, हंसिका, नेहा को ब्रॉन्ज

■ **एजेंसियां, बिश्केक:** मीनाक्षी गोयत ने एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप 2026 के 53 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। साउथ कोरिया की पार्क के खिलाफ वह अंतिम क्षणों तक 0-2 से पीछे थीं, लेकिन आखिरी 30 सेकंड में चार अंक का दांव लगाकर उन्होंने मैच पलट दिया। वहीं, हंसिका लांबा (55 किग्रा) और नेहा (59 किग्रा) ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत की झोली भरी।

मीनाक्षी गोयत

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
चंद्रमा अपराह्न 4 बजकर 30 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेगा, जिससे आपको मानसिक उलझनों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। समाज में आपके द्वारा किए गए शुभकार्य से आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी। शाम 5 बजे तक कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक डील फाइनल हो सकती है।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आपका मुख्य ध्यान नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर केंद्रित रहेगा। किसी पवित्र देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवादों में विजय मिलने के प्रबल संकेत हैं। दिन के उत्तरार्ध में कुछ उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष और मंगलमय परिवर्तन होंगे।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी, अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चा होगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात के समय किसी विवाह समारोह या मांगलिक कार्यक्रम में जाने का सुअवसर मिल सकता है।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन काफी व्यस्तता भरा रहने वाला है। भागदौड़ के बीच धर्म-अध्यात्म के लिए थोड़ा समय निकालना आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में आपके वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में कुछ बाधाएं डालने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज अपनी वाणी और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतना अनिवार्य है। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आसपास के लोगों या रिश्तेदारों से टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। परिवार में किसी शुभ कार्य या मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। अपने भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कर्म करें।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से लाभकारक सिद्ध होगा। कार्य और व्यवहार से जुड़े पुराने विवाद आज सुलझ सकते हैं। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने के लिए समय अनुकूल है। हालांकि, जमीन-जायदाद के मामलों में पारिवारिक सदस्य कुछ अड़चनें पैदा कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहें और संयम से काम लें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आर्थिक दृष्टि से आज का दिन बहुत मजबूत है। दिन भर आपको धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे, इसलिए अपनी कार्यशीलता बनाए रखें। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद लेंगे। यदि आप अपनी नौकरी या व्यापार में कुछ नयापन ला सकें, तो भविष्य में यह बहुत बड़ा लाभ देगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और पूरी सतर्कता बरतने का है। बिजनेस के मामले में यदि आप आज थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे, तो बड़े लाभ की पूर्ण आशा है। रोजमर्रा के ढर्रे से हटकर कुछ नए कामों में हाथ आजमाना आपके लिए फलदायी रहेगा। किसी निकट संबंधी की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य सुख-सुविधाओं वाला रहेगा। साझेदारी में किया गया व्यापार आपको विशेष लाभ पहुंचाएगा। परंतु लंबित कार्यों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। कार्यस्थल पर ईमानदारी और निर्धारित नियमों का पालन करें। एक साथ कई काम हाथ में आने से मानसिक परेशानी बढ़ सकती है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। मौसम के बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम हो सकता है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न करें। व्यापारिक दृष्टिकोण से दिन सुखद रहेगा। प्रत्येक कार्य को सोच-समझकर और धैर्यपूर्वक करें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन आपके लिए लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का साहस आज आपके हित में रहेगा और भविष्य की राह प्रशस्त करेगा। जीवन की परेशानियों को आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से दूर कर लेंगे। अपनी बुद्धि से आप वह सब कुछ हासिल कर सकते हैं जिसकी आपको कमी खल रही थी। संकट में फंसे किसी व्यक्ति की सहायता कर दें।

सुडोकू

		6	9		1			
	8	3	2					
						2	1	
7				6		9	2	
8			5		4			6
	6	9		2				1
	2	7						
				2	4	9		
			4		5	7		

कल के सुडोकू का जवाब

4	5	3	1	9	6	8	2	7
7	8	1	3	5	2	4	6	9
2	9	6	8	4	7	3	1	5
6	7	5	9	1	3	2	8	4
9	2	4	7	6	8	1	5	3
1	3	8	4	2	5	9	7	6
5	1	7	2	3	4	6	9	8
8	4	9	6	7	1	5	3	2
3	6	2	5	8	9	7	4	1

TELEVISION big magic

0900 बबलू डबलू
1000 बड्डूक बुड़बक
1100 रुद्र के रक्षक
1130 अलादीन
1200 महाबली अजेय कृष्णा
1330 मसीह
1430 हम पांच
1500 अजब देश की गजब कहानी
1630 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
1930 रुद्र के रक्षक
2100 पैंठ

कल का पंचांग
(शनिवार, 11 अप्रैल 2026)

राष्ट्रीय मिति चैत्र 21, शक संवत 1948, वैशाख कृष्ण, नवमी, शनिवार, विक्रम संवत 2083। सौर चैत्र मास प्रविष्टे 29, शव्वाल 22, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 11 अप्रैल 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, बसंत ऋतु। राहुकाल सुबह 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। नवमी तिथि अपराह्न 12 बजकर 38 मिनट तक के बाद दशमी तिथि का आरंभ। उत्तराषाढ़ नक्षत्र अपराह्न 1 बजकर 10 मिनट तक उपरांत श्रवण नक्षत्र का आरंभ। सिद्धि योग शाम 6 बजकर 39 मिनट तक के बाद साध्य योग का आरंभ। तैतिल करण पूर्वाह्न 11 बजकर 57 मिनट तक के बाद वणिज करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात मकर राशि पर संचार करेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल छह बने हैं। राशि से पहले घर में सूर्य, केतु व शनि का त्रिकोणी योग अप्रैल के शेष दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे उठाने पड़ सकते हैं। मई से जून अंत तक किसी राजकीय विवाद का अंत हो जाएगा। जुलाई के मध्य कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न समाप्त हो जाएंगी। अगस्त से लेकर सितंबर तक अपने व्यवसाय को लेकर कुछ कष्ट होगा। अक्टूबर से नवंबर में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। दिसंबर, जनवरी 2027 में मित्रों की सहायता से कामकाज में मजबूती स्थान होगी। फरवरी में किसी पर्यटन यात्रा का आनंद उठाएंगे। मार्च के अंत तक किसी नए कार्यक्षेत्र की योजनाएं बनेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष जीवन स्तर को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। अप्रैल में परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 04-09-2026 23:21 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 > चैत्र 20 शक संवत 1948 वैशाख कृष्ण अष्टमी, विक्रम 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 84 > पेज 20* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

नेतन्याहू लोगों की ज़िंदगी को गंभीरता से नहीं लेते। ये सहना मुश्किल। सीज़फायर में लेबनान भी रहे। -पेड्रो सांचेज, स्पेन के प्रधानमंत्री

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ये हमले सीज़फायर के बने रहने के लिए सीधा खतरा है। लेबनान को सीज़फायर में पूरी तरह शामिल किया जाना चाहिए। -इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस के राष्ट्रपति

गाजियाबाद में सबसे अधिक भूजल दोहन

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : प्रदेश के 75 जिलों में गाजियाबाद भूजल दोहन के मामले में खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। प्रदेश का औसत भूजल दोहन 70 फीसदी है। गाजियाबाद में यह 123.75% जा पहुंचा है। इसका खुलासा डायनेमिक ग्राउंड वॉटर रिसोर्सेज ऑफ इंडिया 2025 की रिपोर्ट में हुआ है।

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 6, 8 और खेल पेज

अर्थसार

सेंसेक्स	76,631.65 (-931.25)
निफ्टी	23,775.10 (-222.25)
रु./यूएस डॉलर	92.71 (+0.15)
रु./यूरो	108.09 (-0.10)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,54,900 (-1,500)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,43,200 (-7,800)

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन

मौसम

अधिकतम तापमान 30.8°
16.3° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त शुक्रवार 6:44 | सूर्योदय शनिवार 6:00
आसमान ज्यादातर साफ रहेगा। दिन में तेज हवाएं चल सकती हैं।

ईरान को शर्तें न मानने पर बड़ा हमला करने की धमकी, उधर इस्राइल से हमले रोकने को कहा

डॉन को समझना मुश्किल ही नहीं...

ईरान बोला- US को चुनना होगा युद्धविराम या इस्राइल के ज़रिए युद्ध, इस्राइल ने लेबनान से सीधे बात को मंज़ूरी दी

ट्रंप ने कहा, बात नहीं बनी तो हमारी सेना अगले विजय अभियान की तैयारी में

डॉन यानी डॉनल्ड ट्रंप के दिमाग में क्या चल रहा है, यह कोई नहीं जानता। सभ्यता मिटा डालने की धमकी के बाद उन्होंने सीजफायर को सहमति दे दी। लेकिन उसके बाद इस्राइल ने लेबनान में तबाही मचा दी। ईरान और पाकिस्तान कह रहे हैं कि युद्धविराम की शर्तों में तो लेबनान पर हमला नहीं करने की बात थी लेकिन ट्रम्प इससे साफ इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मेरी सेना तैयार है, पहले से ज्यादा घातक बारूद के साथ और अगर नहीं माना ईरान तो उस पर और ज्यादा घातक हमले कर देंगे। इस्लामाबाद में कल से बातचीत की तैयारी हो रही है जिसकी बुनियाद अविश्वास पर बनी है।

■ एपी/एएफपी, तेल अवीव/तेहरान

खाड़ी की जंग में झुलसी पूरी दुनिया की निगाहें कल इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता पर टिकी होंगी, क्योंकि ईरान और अमेरिका के बीच आमने-सामने की बैठक में भविष्य का फैसला होने वाला है। उससे पहले ही लेबनान पर बरसते इस्राइल के बमों का धुआं शांति वार्ता पर संकट के बादल बनकर मंडरा रहा है। ईरान ने कहा, अगर हमले जारी रहते हैं तो बातचीत बेमानी हो जाएगी। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर से बंद कर दिया है। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इसे अस्वीकार्य बताया और होर्मुज खोलने को कहा। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर कालिबाफ ने कहा, 10 बिंदुओं वाले प्रस्ताव में तीन शर्तों का उल्लंघन हुआ। पहला लेबनान में हमले, दूसरा ईरान के एयर स्पेस में घुसपैठ, तीसरा ईरान के यूरेनियम एनरिचमेंट के अधिकार से इनकार। US के उपराष्ट्रपति जेडी वान्स ने कहा, ईरानियों को गलतफहमी हुई है, उन्हें लगा युद्धविराम में लेबनान भी है, जबकि ऐसा नहीं था।

होर्मुज बंद करने पर अमेरिका ने उसे खोलने को कहा

AP

लेबनान के बेरूत में इस्राइली हमले के एक दिन बाद का हाल।

यह होने वाले समझौते के लिए प्रतिबद्धता की कमी का खतरनाक संकेत है। अगर लेबनान पर हमले हुए तो बातचीत बेमानी है। ईरान के हाथ ट्रिगर पर ही रहेंगे। - मसूद पेजेश्कियान, ईरानी राष्ट्रपति

जब तक असली समझौता पूरी तरह लागू नहीं हो जाता, सभी अमेरिकी जहाज, विमान और सैनिक ईरान के आसपास रहेंगे। ऐसा न हुआ तो फिर बड़े हमले होंगे। अमेरिका इज बैक। - डॉनल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

931 अंक लुढ़का सेंसेक्स

युद्धविराम पर आशंका से शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी गुरुवार को थम गई। सेंसेक्स 931, निफ्टी 222 अंक लुढ़क गया।

ट्रंप-नेतन्याहू की बातचीत, वार्ता से जगीं उम्मीदें

डॉनल्ड ट्रंप ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू से लेबनान में हमलों को कम करने के लिए कहा है। एनबीसी न्यूज के मुताबिक, ट्रंप ने बुधवार को फोन पर नेतन्याहू से बात की। लेबनान पर हो रहे हमलों को सीमित किया जाए, ताकि ईरान के साथ चल रही बातचीत पर कोई असर न पड़े। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप का यह कदम ईरान के साथ शांति वार्ता को सफल बनाने के लिए उठाया गया। वहीं खबर है कि नेतन्याहू ने लेबनान के साथ जितनी जल्दी हो सके सीधी बातचीत करने की मंजूरी दे दी है। इस्राइल और लेबनान की बातचीत अगले हफ्ते वॉशिंगटन में शुरू होने की उम्मीद है। वहीं ईरान-US वार्ता के लिए पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में दो दिन की छुट्टी की है। ▸▸ पेज 2

असम-पुडुचेरी में आज़ादी के बाद रेकॉर्ड तोड़ वोटिंग

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: असम, केरल और पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़ते हुए शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। तीनों ही राज्यों में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने अधिक मतदान किया। इनमें असम और पुडुचेरी में रेकॉर्ड तोड़ वोटिंग हुई, जो कि आजादी के बाद से अब तक का सबसे अधिक मतदान रहा। खबर लिखे जाने तक तीनों राज्यों में करीब तीन हजार पोलिंग स्टेशनों पर मतदान कार्य अंतिम चरण में था। इससे कुल वोटिंग टर्नआउट में थोड़ा बहुत और इजाफा हो सकता है।

चुनाव आयोग ने बताया कि असम में 85.38%, केरल में 78.03% और पुडुचेरी में 89.83% मतदान हुआ। इससे पहले असम में सबसे अधिक 84.67% मतदान 2016 में हुआ था। पुडुचेरी में 2011 में रेकॉर्ड 86.19% वोट डले थे। इन दोनों ही राज्यों में हुए मतदान के यह रेकॉर्ड टूट गए।

केरल में इससे पहले 1960 में रेकॉर्ड 85.77% मतदान हुआ था, जो इस बार 78.03% रहा।

सुनेत्रा पवार के मुकाबले कांग्रेस ने हटाया कैंडिडेट

■ कांग्रेस ने महाराष्ट्र में बारामती विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपना कैंडिडेट हटा लिया है। इस सीट से दिवंगत अजीत पवार की पत्नी और डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं।

UP की फाइनल वोटर लिस्ट आज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चुनाव आयोग यूपी की फाइनल वोटर लिस्ट शुक्रवार को जारी करेगा। इसमें वोटर्स की संख्या 13 करोड़ से अधिक रहने की संभावना है। ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल कुछ वोटर्स के नाम नोटिस के बाद हुई सुनवाई में कटे हैं, वहीं नए वोटर्स के भी नाम जुड़े हैं। ▸▸ पेज 5

जबरन रिटायर्ड अफसर की नोएडा में 80 करोड़ की प्रॉपर्टी

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा : जीएसटी के जबरन रिटायर किए गए अडिशनल कमिश्नर केशव लाल की विजिलेंस जांच के दौरान नोएडा में 80 करोड़ रुपये से ज्यादा संपत्ति मिली है। प्रदेश भर के कई जिलों में उनकी 120 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति का पता चला है। नोटबंदी के दौरान आय से अधिक संपत्ति का मामला पकड़े जाने के बाद इनके खिलाफ विजिलेंस जांच चल रही थी। विजिलेंस ने रिपोर्ट शासन को सौंपी है। रिपोर्ट में बेनामी संपत्तियों का भी जिक्र है। केशव लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ▸▸ देखें सप्लिमेंट

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP2 User: cci Time: 04-09-2026 23:21 Color:

लेबनान से सीधे बात करेगा इस्राइल

लेबनान का दावा, हमलों में 303 लोग मारे गए

इस्राइल बोला, 10 हथियार भंडार निशाने पर

■ एपी, बेरूत/दुबई

इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने लेबनान के साथ जल्द सीधी बातचीत करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह आदेश लेबनान के अनुरोधों के जवाब में दिया है। बातचीत में मुख्य जोर हिज्बुल्लाह को निरस्त्र करने और पड़ोसी देशों के बीच शांतिपूर्ण संबंध स्थापित करने पर होगा। साथ ही बेरूत को सैन्य-मुक्त क्षेत्र बनाने के लेबनान के पीएम के आह्वान का स्वागत किया।

इससे पहले, लेबनान की कैबिनेट ने गुरुवार को सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि बेरूत में हथियार केवल सरकारी संस्थानों तक ही सीमित रखे जाएं। इसे हिज्बुल्लाह को चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। उधर, अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी सीजफायर के बीच लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को मध्य बेरूत और अन्य क्षेत्रों में इस्राइल के हमलों में कम-से-कम 303 लोग मारे गए। गुरुवार को मंत्रालय ने बताया कि हमलों में 1,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

> लेबनान के राष्ट्रपति ने इन हमलों को बर्बर करार दिया

इस्राइल डिफेंस फोर्स ने कहा कि उसने बेरूत में अली यूसुफ हर्षी को मार गिराया है। हर्षी, हिज्बुल्लाह के महासचिव नईम कासिम का निजी सचिव था। वह हिज्बुल्लाह प्रमुख का भतीजे भी था, जो ईरान समर्थित इस लेबनानी संगठन का नेतृत्व करता है। साथ ही उसने दो अहम रास्तों पर भी हमला किया, जिनका इस्तेमाल हिज्बुल्लाह लिटानी नदी के दक्षिण में हथियार पहुंचाने के लिए करता था। दक्षिणी लेबनान में 10 हथियार भंडार, लॉन्चर और कमांड सेंटर भी निशाना बनाए गए।

लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने हमलों को बर्बर करार दिया। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने चेतावनी दी कि अगर लेबनान में हिज्बुल्लाह पर इस्राइल के हमले जारी रहे तो इसके नतीजे सामने आएंगे, और कड़ा जवाब दिया जाएगा।

इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान के तटीय शहर सिडोन में शिया धार्मिक परिसर को निशाना बनाकर हमला किया। यह कई घातक हवाई हमलों से एक है।

वो 10 मिनट... धूल में मिला बेरूत का भविष्य

■ NBT रिपोर्ट

बेरूत की सड़कों पर उन 10 मिनटों में सब कुछ जैसे एकसाथ टूटकर बिखर गया था। सेंट्रल बेरूत की अपनी कपड़ों की दुकान में बैठी एम. वलीद को पहले एक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। फिर दूसरा, फिर तीसरा। कुछ ही पलों में पूरी हवा विस्फोटों की गूंज से भर गई। सड़क पर घूमने वाली बिल्लियां तक घबराकर भागने लगीं। शहर ने जैसे एकसाथ सांस रोक ली थी।

कुछ ही घंटों में यह साफ हो गया कि यह कोई सामान्य हमला नहीं था। इस्राइल ने इस साल का सबसे भारी और घातक हवाई हमला किया था। बेरूत, उसके उपनगरों, दक्षिणी लेबनान और पूर्वी बेका घाटी में दर्जनों हमलों में सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों घायल हुए। मलबे के नीचे अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। ये हमले ऐसे समय हुए जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा हुई ही थी।

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक दोपहर करीब ढाई बजे, महज 10 मिनट के भीतर बेरूत के रिहायशी इलाकों पर करीब 100 हमले हुए। बिना किसी चेतावनी के। जिन इलाकों को अब तक सुरक्षित माना जा रहा था, वे भी इस बार निशाने पर थे। अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ बेरूत के पास खड़ा एक छात्र बताता है, 'मैंने कई धमाके सुने इतने ज्यादा कि गिनना मुश्किल था।' मनारा इलाके में समुद्र के किनारे मजीब मेरहे अपने रेस्तरां के सामने खड़े थे। उनके रेस्तरां के ऊपर की मंजिल पर हुआ हमला एक अपार्टमेंट को चीर चुका था। कांच के टुकड़े सड़क पर बिखरे थे, छत से लाइटें लटक रही थीं। मेरहे कहते हैं, 'लोग डरे हुए हैं। ऐसी स्थिति कोई सह नहीं सकता।'

इस्राइल के निशाने पर लेबनान

प्रेस के अखबार ले मोंदे की रिपोर्ट के मुताबिक रिज्क अस्पताल के इमरजेंसी वॉर्ड के दरवाजे पर खड़े डॉक्टरों के सामने एक छोटा-सा शव काले बैग में लाया गया। उसके पीछे-पीछे उसकी मां बिना आंसू बहाए, बस उसे देखती हुई चल रही थी। डॉक्टर कार्ल की आवाज भर्रा जाती है- 'हमारे पास बहुत सारे बच्चे आए किसी के शरीर के अंग अलग हो गए थे, किसी के सिर में चोट थी। कई रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।'

बेरूत की सड़कों पर उस दिन सिर्फ मलबा नहीं बिखरा था, बल्कि लोगों का भरोसा और उनका भविष्य भी उसी धूल में मिल गया था।

आखिर क्यों लेबनान पर हमले नहीं रोक रहा है इस्राइल?

Photos: AFP, AP

लेबनान का कहना है कि इस्राइल ने रिहायशी इलाके में हमला किया।

■ NBT रिपोर्ट

NBT EXPLAINER

ईरान के साथ युद्धविराम के बाद भी इस्राइल का लेबनान में हमले जारी रखना पश्चिम एशिया के जटिल और मल्टी लेयर संघर्ष को दिखाता है। पहली नजर में यह विरोधाभासी लगता है कि जब एक बड़े दुश्मन के साथ तनाव कम हुआ है, तब भी लड़ाई क्यों जारी है। असलियत यह है कि यहां एक नहीं, बल्कि कई जुड़े हुए टकराव एक साथ चल रहे हैं और हर पक्ष इसे अपने नजरिए से देख रहा है।

इस्राइल का कहना है कि ईरान के साथ हुआ युद्ध विराम सीमित दायरे का है और यह लेबनान में सक्रिय हिज्बुल्लाह पर लागू नहीं होता। उसके अनुसार हिज्बुल्लाह एक अलग खतरा है, जो उसकी उत्तरी सीमा पर लगातार दबाव बनाए हुए है। इस्राइल का तर्क है कि वह हिज्बुल्लाह के सैन्य ढांचे, हथियारों और कमांड सेंटर को निशाना बना रहा है ताकि भविष्य में हमलों की क्षमता को कमजोर किया जा सके। उसके लिए यह सेल्फ डिफेंस वाले डिटरेंस का हिस्सा है।

मगर, लेबनान के अंदर तस्वीर बिल्कुल अलग नजर आती है। वहां के लोगों के लिए यह संघर्ष किसी रणनीतिक समीकरण से ज्यादा मानवीय त्रासदी बन चुका है। बेरूत और अन्य इलाकों में लगातार हो रहे हमलों में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और हजारों लोग घायल हुए हैं। कई रिहायशी इलाकों पर हमले हुए हैं, जहां स्थानीय लोगों और अधिकारियों का कहना है कि वहां कोई सैन्य ठिकाना नहीं था। उनके अनुसार इस्राइल के हमले असंगत हैं और नागरिक आबादी को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

हिज्बुल्लाह का नजरिया भी अलग है। उसका कहना है कि उसने शुरुआत में ईरान के समर्थन में और बाद में इस्राइल की आक्रामकता के जवाब में कार्रवाई की। वह खुद को लेबनान की रक्षा करने वाला संगठन बताता है और दावा करता है कि वह दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सेना को आगे बढ़ने से रोक रहा है। हिज्बुल्लाह का कहना है कि ईरान के साथ युद्ध विराम हुआ है, तो उसमें लेबनान का मोर्चा भी शामिल होना चाहिए था। जब ऐसा नहीं हुआ, तो उसने अपने हमले जारी रखे।

ईरान का दृष्टिकोण इस पूरे समीकरण को और व्यापक बनाता है। ईरान लंबे समय से खुद को इस्राइल के खिलाफ एक्सिस ऑफ रजिस्टेंस का केंद्र मानता है, जिसमें हिज्बुल्लाह जैसे संगठन शामिल हैं। भले ही ईरान ने सीधे टकराव में कमी दिखाई हो, लेकिन वह अपने सहयोगियों के जरिए क्षेत्र में प्रभाव बनाए रखना चाहता है। ईरान और उसके समर्थकों के लिए यह सिर्फ सीमित सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन और राजनीतिक प्रभाव का सवाल है।

किनका हो रहा नुकसान?

जमीनी स्तर पर कोई स्पष्ट युद्ध रेखा नहीं है। हिज्बुल्लाह लेबनान के अंदर कई जगहों से काम करता है और इस्राइल का आरोप है कि वह रिहायशी इलाकों के बीच अपने ठिकाने बनाता है। दूसरी तरफ स्थानीय लोग इन दावों को खारिज करते हैं और कहते हैं कि उन्हें बिना चेतावनी के निशाना बनाया जा रहा है। इसी टकराव में सबसे ज्यादा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। यह दरअसल एक बड़े क्षेत्रीय टकराव का हिस्सा है, जिसमें अलग-अलग देश और संगठन अपने-अपने हितों के साथ शामिल हैं।

लेबनान अटैक पर क्या है दुनिया की राय?

हम दक्षिणी लेबनान की स्थिति को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं। इस्राइल जिस क्रूरता से वहां युद्ध छेड़ रहा है, उससे पूरी शांति प्रक्रिया नाकाम हो सकती है, और ऐसा होने नहीं दिया जाना चाहिए। *-फ्रेडरिक मर्ज, चांसलर, जर्मनी*

वापसी के असंभव बिंदु से बस एक कदम दूर आ गए हैं, लेकिन अब हमारे सामने शांति की एक नाजुक संभावना है जिसे दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाना होगा। *-जॉर्जिया मेलोनी, पीएम, इटली*

इस्राइल को लेबनान पर हमला बंद कर देना चाहिए। जलडमरूमध्य में टोल लगाना अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम करेगा। *-जॉन हीली, रक्षा मंत्री, ब्रिटेन*

हमारी सरकार दृढ़ता से मानती है कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच हुआ युद्ध विराम लेबनान पर भी लागू होना चाहिए। *-एंथोनी अल्बानीज, प्रधानमंत्री, ऑस्ट्रेलिया*

पूर्व का पैरिस बेरूत, कई बार बर्बादियों से उठ खड़ा हुआ

गृह युद्ध के बाद बेरूत शहर दो हिस्सों में बंट गया। ईसाई बहुल पूर्वी बेरूत और मुस्लिम बहुल पश्चिमी बेरूत। इनके बीच की विभाजक रेखा को 'ग्रीन लाइन' कहा जाने लगा।

■ NBT रिपोर्ट

इस्राइल और ईरान की लड़ाई में पिस रहे लेबनान की राजधानी बेरूत में हर तरफ बर्बादी और मौत का मंजर छाया है। बेरूत का इतिहास हजारों साल पुराना है। इसे 'पूर्व का पैरिस' कहा जाता था और यह शहर अपनी खूबसूरती, संस्कृति और संघर्ष के लिए दुनिया भर में मशहूर है।

> बेरूत खूबसूरती और संघर्ष के लिए है मशहूर

5000 साल पुराना बेरूत भूमध्य सागर के तट पर बसा एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र रहा है। इस शहर पर रोमन, अरब, ऑटोमन और फ्रांसीसी सभ्यताओं का गहरा प्रभाव रहा है। यही वजह है कि यहां की वास्तुकला और खान-पान में पूर्व और पश्चिम का एक अनोखा संगम दिखता है।1943 में लेबनान को आजादी मिली और बेरूत नए जमाने का शहर बनकर उभरा। 1975 से 1990 के बीच हुए भीषण गृहयुद्ध ने इस खूबसूरत शहर को खंडहरों में बदल दिया था। दशकों तक चली हिंसा ने इसकी चमक छीन ली थी, लेकिन युद्ध खत्म होने के बाद बेरूत ने फिर से खुद को खड़ा किया। गृह युद्ध के बाद शहर दो हिस्सों में बंट गया, ईसाई बहुल पूर्वी बेरूत और मुस्लिम बहुल पश्चिमी बेरूत। बीच की विभाजक रेखा को 'ग्रीन लाइन' कहा जाने लगा।

4 अगस्त 2020 को बेरूत के बंदरगाह पर अमोनियम नाइट्रेट की वजह से भीषण धमाका हुआ। इसने शहर के एक बड़े हिस्से को तबाह कर दिया। आर्थिक संकट ने शहर की कमर तोड़ दी। इसके बावजूद, बेरूत के लोगों की जीवटता देखने लायक है। वे अपनी कला, संगीत और उत्सवों के जरिए हर बार राख से उठ खड़े होते हैं। बेरूत केवल एक शहर नहीं है, बल्कि इंसानी जज्बे और बार-बार पुनर्जन्म लेने की एक मिसाल है।

इस्लामाबाद में बातचीत की तैयारी, सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम

■ आईएएनएस, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में दो हफ्तों के सीजफायर के ऐलान के बाद पाकिस्तान में कूटनीतिक बातचीत होने वाली है। राजधानी इस्लामाबाद इन दिनों एक असामान्य खामोशी में डूबी हुई है। सड़कों पर सामान्य चहल-पहल की जगह सुरक्षा बलों की मौजूदगी ने ले ली है। कई इलाकों में आवाजाही सीमित कर दी गई है। ईरान का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी इस्लामाबाद में होने वाली बातचीत में हिस्सा लेने वाला है।

पाकिस्तान ने अमेरिका को बताया कि ईरान के साथ होने वाली वार्ता से पहले वह अपने प्रतिनिधिमंडल को पुख्ता सुरक्षा प्रदान करेगा। शहर में लागू सुरक्षा इंतजाम इस बात का संकेत है कि इस बातचीत को कितना संवेदनशील माना जा रहा है। खासकर डिप्लोमैटिक एनक्लेव और सरकारी परिसरों के आसपास कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन किसी भी संभावित खतरे या विरोध को रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है। बातचीत का दायरा केवल द्विपक्षीय मुद्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर पड़ सकता है। यही कारण है कि दुनिया की निगाहें इस्लामाबाद पर टिकी हैं, जहां बंद सड़कों और कड़ी सुरक्षा के बीच शांति की एक मुश्किल कोशिश जारी है। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया के पीछे एक बड़ी चुनौती भरोसे की कमी है।

AFP

पाकिस्तान की राजधानी के कई इलाकों में आवाजाही सीमित कर दी गई है।

ईरानी राजदूत ने डेलिगेशन के पहुंचने वाली पोस्ट हटाई

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत होने वाली है। इस बीच ईरानी डेलिगेशन के पाकिस्तान पहुंचने को लेकर पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोघादम ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया।

ईरानी राजदूत ने अपने पोस्ट में अमेरिकी वार्ताकारों के साथ सीजफायर के मुद्दे पर बातचीत के लिए ईरान के एक डेलिगेशन के पाकिस्तान आने की घोषणा की थी। यह पोस्ट पहले रेजा अमीरी मोघादम के सोशल मीडिया हैंडल पर था, जो अब नजर नहीं आ रहा है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में लिखा था, 'इस्राइल के सीजफायर तोड़ने के बावजूद बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन इस्लामाबाद पहुंच रहा है।'

इस्राइल के दूत ने कहा, पाकिस्तान पर भरोसा नहीं

■ NBT रिपोर्ट

भारत में इस्राइल के राजदूत रियूवेन अजार (Reuven Azar) ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता में पाकिस्तान पर भरोसा नहीं है।

न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में अजार ने कहा, 'हम पाकिस्तान को एक भरोसेमंद भूमिका निभाने वाला देश नहीं मानते। मुझे लगता है कि अमेरिका ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान की मदद लेने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'हमने पहले भी देखा है कि अमेरिका ने कतर और तुर्किये जैसे देशों का इस्तेमाल हमास के साथ समझौते कराने के लिए किया है।' लेबनान के मुद्दे पर इस्राइली दूत ने कहा कि यह ईरान से अलग मामला है। उन्होंने ईरान के साथ बातचीत का समर्थन किया।

रियूवेन अजार

नौसेना प्रमुख बोले, नतीजा निकालना अभी जल्दबाजी

■ पीटीआई, बेंगलुरु: भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पश्चिम एशिया युद्ध को आधुनिक युद्धकला में एक महत्वपूर्ण 'केस स्टडी' बताते हुए कहा कि इस संघर्ष से कोई ठोस निष्कर्ष निकालना अभी बहुत जल्दबाजी होगी।

> एडमिरल त्रिपाठी ने इसे महत्वपूर्ण केस स्टडी बताया

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल पश्चिम एशिया संघर्ष में हो रहे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं ताकि भविष्य के अभियानों के लिए उनसे सबक लिया जा सके।

ईरान बोला, होर्मुज़ से रोज़ 15 जहाज़ ही गुजरेंगे

■ NBT रिपोर्ट

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने गुरुवार को दावा किया कि बुधवार को लेबनान पर इस्राइल के हमले के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही रुक गई है।

हालांकि, एक सीनियर ईरानी सूत्र के हवाले से न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान युद्ध विराम समझौते के तहत ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से रोज 15 से अधिक जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं देगा। गुरुवार को शिपिंग डेटा का हवाला देते हुए बताया गया कि पिछले 24 घंटों में छह जहाज गुजरे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ईरान ने होर्मुज पर बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं। ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसियों, इस्ना और तस्नीम ने गुरुवार को कुछ ऐसे नक्शे और चार्ट जारी किए हैं, जो इस साजिश की ओर इशारा कर रहे हैं।

US, ईरान और इस्राइल...सीज़फायर पर सबका चश्मा अलग

हर देश अपने लोगों को यह दिखाना चाहता है कि पश्चिम एशिया संघर्ष में उसकी ही जीत हुई है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एक महीने से ज्यादा लड़ाई के बाद अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर के ऐलान से दुनिया भर ने राहत ली थी। मगर, आशंका जताई जा रही थी कि यह सीजफायर ज्यादा लंबी नहीं टिकेगी। इस्राइल ने साफ कर दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर की डील में लेबनान शामिल नहीं था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने भी इस बात की पुष्टि कर दी।

■ **लेबनान को लेकर क्या है पेच?** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे. डी. वांस ने साफतौर पर कहा है कि ईरान को ऐसा लग रहा था कि सीजफायर में लेबनान भी शामिल है, जबकि ऐसा नहीं है। अमेरिका ने इस तरह का वादा कभी नहीं किया। वांस ने ईरान को चेताया है कि यह लेबनान के मुद्दे पर इस बातचीत से हटना चाहता है, तो यह उसका चुनाव है। इस तरह का बयान सिर्फ अमेरिका की ओर से ही नहीं दिया गया बल्कि ईरान ने भी साफ किया है कि अगर उसे भी इस्राइल के हमलों और शांति वार्ता में चुनाव करना है। अमेरिका में भी चर्चा हो रही है क्या इस्लामाबाद में शुरू होने वाली बातचीत से पहले सीजफायर टूट सकती है?

इस्राइल और सीरिया की सीमा के पास ईरानी मिसाइल के अवशेष।

■ **पाक ने विरोधाभास बढ़ाया:** कई जानकारों का मानना है कि बतौर मध्यस्थ पाकिस्तान की भूमिका की वजह से भ्रम की स्थिति पैदा हुई। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा था कि सीजफायर सिर्फ ईरान और अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि लेबनान समेत पूरे इलाके में लागू होगी। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को इस्लामाबाद आकर आगे बातचीत करनी चाहिए।

यह एक कमज़ोर सीज़फायर क्यों?

सीजफायर से अलग देशों के बीच सुलझाने के लिए कई मुद्दे हैं, अमेरिका ईरान के न्यूक्लियर और मिसाइल प्रोग्राम, उसके प्रॉक्सी ग्रुप जैसे मुद्दों को बातचीत की टेबल पर रखना चाहेगा। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच एक नरैटिव वॉर भी चल रही है। हर कोई अपने देश में ये दिखाना चाहता है कि वही जीता है। सीजफायर के अलग-अलग ड्राफ्ट और अलग-अलग शर्तें इसी नरैटिव वॉर का हिस्सा है।

महानगर में आज

रंगमंच के रंग

नाटक 'नथिंग लाइक लेयर', कमानी ऑडिटोरियम, मंडी हाउस, शाम 7:30 बजे से। शेक्सपियर की ट्रैजिक कॉमिडी पर आधारित यह नाटक विनय पाठक की सोलो परफॉर्मेंस है। अनमास्क थिएटर कंपनी की ओर से पेश इस नाटक के निर्देशक रजत कपूर हैं।

गुरु प्रणाम उत्सव

इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'गुरु प्रणाम उत्सव - भावार्पण', अमलतास ऑडिटोरियम, शाम 7 बजे से। वैशाली कला केंद्र की ओर से इस कार्यक्रम के साथ गुरु-शिष्य परंपरा और 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष का उत्सव कला प्रेमियों के संग मनाया जाएगा।

मूर्त भाव

त्रिवेणी कला संगम में स्कल्पचर एग्जिबिशन, स्कल्पचर कोर्ट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। त्रिवेणी स्कल्पचर डिपार्टमेंट की इस एग्जिबिशन के साथ कई उभरती हुई क्रिएटिव प्रतिभाओं का आनंद लिया जा सकता है।

फूलों के रंग

इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'लेट अ थाउजेंड फ्लावर्स ब्लूम', विजुअल आर्ट्स गैलरी, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इस पेंटिंग और फोटोग्राफी एग्जिबिशन में विभु पटनायक, वीरेंद्र पाणि, दीनानाथ पैथी, हेलेन ब्रह्मा, किशोर साहू समेत कई कलाकारों के आर्टवर्क का आनंद लिया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

कमल ध्यानी मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी हो सकती है दाखिल

घटना में बाकी लोगों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही एजेंसी

■ NBT न्यूज, जनकपुरी

कमल ध्यानी मामले में दिल्ली पुलिस ने आखिरकार 7 अप्रैल को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। इसकी पुष्टि डीसीपी वेस्ट दराडे शरद भास्कर ने करते हुए बताया कि 6 फरवरी को इस केस से संबंधित FIR जनकपुरी थाने में दर्ज हुई थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभी दूसरे आरोपियों के बारे में जांच चल रही है। इस मामले में बाद में कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी फाइल की जा सकती है। क्योंकि मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में कॉन्ट्रैक्टर हिमांशु गुप्ता, सब कॉन्ट्रैक्टर राजेश कुमार और लेबर योगेश मुख्य रूप से शामिल हैं।

डीसीपी ने कहा कि मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है

डीसीपी के अनुसार, जांच एजेंसी इस घटना से जुड़े अन्य संभावित लोगों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। अगर आगे की जांच में किसी और की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी अदालत में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की जाएगी। पुलिस जांच में यह सामने आया था कि निर्माणस्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। जिस कारण यह हादसा हुआ।

जनकपुरी में DJB के एक खुले गड्ढे में गिरने से गई थी कमल ध्यानी की जान

पुलिस के अनुसार हिमांशु गुप्ता दिल्ली के गुलमोहर पार्क स्थित आनंद एनक्लेव का रहने वाला है। वह जल बोर्ड के उस प्रोजेक्ट के लिए काम करने वाली प्राइवेट कंपनी का डायरेक्टर (सस्पेंड) है। जबकि राजेश कुमार, त्रिलोक नगर के टैगोर पार्क इलाके का रहने वाला है। वह जल बोर्ड के उस प्रोजेक्ट के सब ठेकेदार है।

तीसरा आरोपी योगेश उत्तर प्रदेश के एटा का रहने वाला है, जो जल बोर्ड के काम के दौरान लेबर का काम किया करता था। उसकी ड्यूटी राजेश कुमार ने लगाई थी।

6 फरवरी की रात घर के लिए निकले थे कमल

गौरतलब है कि मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले कमल ध्यानी पालम में परिवार के साथ रहते थे। रोहिणी स्थित एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करते थे। 6 फरवरी की रात 11 बजे ऑफिस से निकले थे। रात 11:50 पर उन्होंने अपने परिवार से फोन पर बात की और कहा था कि वह घर के पास पहुंच चुके हैं और 10 मिनट में पहुंच जाएंगे। जब वह घर नहीं पहुंचे और वह नहीं उठा रहे थे, तब परिजनों ने रात भर उनकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिले। अगली सुबह 7 बजे जब दोबारा फोन किया तो पुलिस ने कॉल उठाई और बताया की कमल और उनकी की बाइक गड्ढे में मिले हैं। हादसे के वक्त कमल ने हेलमेट पहना हुआ था।

अज्ञात गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

AI image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गांधी नगर में एक अज्ञात गाड़ी की टक्कर से एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय गणेश शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा बुधवार रात करीब 12:30 बजे हुआ। गणेश शर्मा गांधी नगर में रहने वाले अपने भाई से मिलने आए थे। जब वह श्याम ब्लॉक स्थित पीएनबी के सामने वाली सड़क पर पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के बाद आरोपी गाड़ी लेकर मौके से हुआ फरार

हादसे के बाद आरोपी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस बाबत गांधी नगर थाने में भानु शर्मा के बयान पर अज्ञात गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

गैंगस्टर नंदू ने 'सट्टा ऑपरेटर' नोनी से मांगे थे 2 करोड़ रुपये!

Shanker.Singh
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: पाक आईएसआई हैंडलर्स के जरिए भारत में विदेशी हथियार सप्लाई कर रहे शाहबाज अंसारी सिंडिकेट का मेंबर बताए जा रहे 'सट्टा ऑपरेटर' निशांत अरोड़ा उर्फ नोनी को गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू ने एक्सटॉर्शन कॉल की थी। सूत्रों का दावा है कि ब्रिटेन से गैंग को ऑपरेट कर रहे नंदू ने दो करोड़ रुपये की डिमांड की थी। रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। नोनी ने पुलिस कंप्लेंट नहीं की थी, क्योंकि वह खुद अपने करीबी गैंगस्टरों के जरिए इसे सुलझाने में लगा था।

सूत्रों के मुताबिक, मार्च के पहले हफ्ते में गैंगस्टर नंदू ने नोनी को कॉल कर दो करोड़ रुपये की डिमांड की थी। दरअसल, नोनी ने आउटर, वेस्ट और द्वारका के कुछ सट्टा ऑपरेटरों को 'ऑनलाइन' काम करने के लिए यमुनापार बुलाया था। इनका काम जम चुका था, लेकिन लोकल पुलिस को भनक लगी तो सभी को वहां से भागना पड़ा। आशंका है कि इनमें से ही किसी ने नोनी के धंधे की खबर नंदू तक पहुंचाई होगी और उन्होंने ही फोन नंबर भी शेयर किया होगा, जिस पर नंदू ने मार्च के पहले हफ्ते में कॉल कर धमकी दी। सूत्रों का दावा है कि यमुनापार के किसी बुकी को पहली बार नंदू ने कॉल की है। यमुनापार में इस एक्सटॉर्शन की गैंग में नंदू की एंट्री का खुलासा पहली बार हुआ है।

AI image

दो मर्डर में पहले भी जा चुका है जेल

नोनी को क्राइम ब्रांच ने 20 मार्च को दो बरेटा पिस्टल और 11 कारतूस के साथ अरेस्ट किया था। गीता कॉलोनी के सबसे पुराने सट्टा ऑपरेटर्स में शुमार नोनी अब आनंद विहार एरिया में रह रहा था। एक समय इरफान उर्फ छेनू पहलवान गैंग से हाथ मिलाया था। छेनू के भाई अफसर के साथ 2015 में सीलमपुर में हुए नदीम मर्डर में जेल गया। मार्च 2017 में प्रीत विहार वीआरएस मॉल के बाहर ध्यानू गैंग के बुकी विशाल की हत्या में पकड़ा गया। दोनों केस कोर्ट में चल रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि ये आजकल हरपाल सिंह उर्फ रुबल के साथ काम कर रहा था, जिसकी तलाश क्राइम ब्रांच को है।

मामूली विवाद में युवक की चाकू गोदकर हत्या

■ NBT रिपोर्ट, अशोक विहार

अशोक विहार इलाके में मामूली विवाद के बाद एक नेपाल मूल के युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक का शव पब्लिक टॉयलेट में खून से लथपथ मिला। पुलिस ने केस की तफ्तीश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर एक नाबालिग को भी पकड़ लिया है।

AI image

डीसीपी आकांक्षा यादव के मुताबिक 8 अप्रैल की शाम 6:23 बजे अशोक विहार थाने की पुलिस को कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया इलाके के B-ब्लॉक, फिश मार्केट में एक सुलभ शौचालय के कंपाउंड में युवक को चाकू से गोद दिया है। उसकी हालत गंभीर है। सूचना पर पुलिस तुरंत क्राइम सीन पर पहुंची जहां देखा कि एक युवक खून से लथपथ टॉयलेट के अंदर पड़ा हुआ है।

नेपाल का रहने वाला था युवक, नाबालिग समेत दो पकड़े

बाद में पुलिस ने उसकी पहचान 27 वर्षीय संतोष कुमार के तौर पर की जो मछली मार्केट में रहने वाला एक फैक्ट्री वर्कर था और मूल रूप से नेपाल का रहने वाला था।

शुरुआती जांच में पता चला कि यह घटना पीड़ित और एक बाइक सवार के बीच हुई कहासुनी के बाद हुई, जो हाथापाई में बदल गई। घटना के दौरान आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर पीड़ित को चाकू मारा और मौके से भाग गया।

गाज़ीपुर मुर्गा मंडी में दोस्त ने ही दोस्त की कर दी हत्या, केस दर्ज

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

गाजीपुर मुर्गा मंडी में शराब पीने के दौरान बुधवार रात एक शख्स की उसके ही दोस्त ने लकड़ी का बट मारकर हत्या कर दी। गुरुवार सुबह सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में भेजकर मामले की सूचना मृतक के परिवार को दी। फिलहाल पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि रंजित कुमार पंडित (36) झारखंड के गोड्डा जिले के रहने वाले थे। वह गाजीपुर मुर्गा मंडी में बन रहे बिल्डिंग में मजदूरी का काम करते थे। मंडी परिसर में ही टिन शेड के छोटे कमरे में अकेले रहते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार रात को वह अपने साथी मूलचंद के साथ कमरे में शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और मूलचंद ने लकड़ी का बट रंजित के सिर पर मार दिया। वह खून से लथपथ वहीं पर गिर गए। उसके बाद आरोपी रंजित का मोबाइल लेकर फरार हो गया।

मंडी परिसर में ही टिन शेड के छोटे कमरे में अकेले रहते थे रंजित कुमार

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वारदात के वक्त आसपास रहने वाले लोगों ने रंजित की आवाज भी सुनी और उसके कमरे में पास भी गए, लेकिन किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी। बताया जा रहा है कि अन्य मजदूरों को पुलिस को सूचना देने से मना किया गया था। गुरुवार सुबह करीब 5:20 बजे पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि तब तक रंजित की मौत हो चुकी थी। सूचना के बाद मौके पर क्राइम, एफएसएल और साइबर की टीमें भी पहुंच गईं। पुलिस लगातार मूलचंद का मोबाइल नंबर को ट्रैस कर उसकी धर पकड़ की कोशिश कर रही है।

तीन गैस सिलिंडर समेत लाखों के गहने और कैश चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गीता कॉलोनी में चोर एक घर से तीन गैस सिलिंडर, लाखों रुपये के गहने और कैश चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के बयान पर गीता कॉलोनी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। 45 वर्षीय नसीम ने बताया कि घर पर सिर्फ उनका बेटा था। 4 अप्रैल की शाम 5:30 बजे घर बंद कर बेटा ड्यूटी चला गया। 5 अप्रैल की सुबह 7:30 बजे वह घर लौटा तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है।

गीता कॉलोनी में 4 अप्रैल को हुई वारदात

पुरानी रंजिश के चलते भिड़े पड़ोसी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: हर्ष विहार इलाके में पुरानी रंजिश में पड़ोसी परिवार ने पड़ोसी पर हमला कर दिया। उन्हें बचाने आए उनके दो भाई और उनकी पत्नी के साथ भी जमकर मारपीट की। चारों घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित राघव शर्मा के बयान और एमएलसी रिपोर्ट के बाद 6 अप्रैल को जान मोहम्मद, शेर खान, साहिल और सद्दाम पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया।

चार लोग गंभीर रूप से हुए घायल

रोड रेज में मां बेटे पर चाकू से हमला

पुलिस ने लोगों की मदद से एक को दबोचा, दूसरा आरोपी फरार

■ नवीन निश्चल, जनकपुरी

वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी थाना इलाके में रोड रेज में कार सवार मां-बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। दोनों ने खुद को बचाने की कोशिश की तो आरोपी युवकों ने हाथों पर चाकू से वार करके घायल कर दिया। इसी बीच शोर शराबा सुनकर और महिला पर हमला देखकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

एक स्कूटी सवार तो मौके से भाग गया, लेकिन दूसरे को पट्रोलिंग कर रहे जनकपुरी थाना के कॉन्स्टेबल ने लोगों की मदद से पकड़ लिया। पता चला कि पकड़ा गया युवक पहले से कुछ मामलों में शामिल रहा है। यह वारदात जनकपुरी C-1 चौक के पास बुधवार रात 9 बजे के आसपास हुई। हेयर स्टाइलिस्ट पूजा सूद और उनके बेटे विशाल सूद का वसंत कुंज में बिजनेस है।

खुद को बचाने की कोशिश में दोनों के हाथ पर लगा चाकू

दोनों कार से रात 9 बजे घर लौट रहे थे। C-1 ब्लॉक, जनकपुरी के पास जब वह अपनी साइड से जा रहे थे तो सामने से रॉन्ग साइड से स्कूटी सवार दो लड़के आए और डंपर से टच होने के बाद वह स्कूटी सहित गिर गए। पूजा और उनके बेटे विशाल नीचे उतरकर उनके हाल समाचार पूछने लगे। इतने में दोनों गुस्से में आ गए और बिना कुछ बातचीत किए चाकू निकाल लिया।

उन्होंने विशाल के पेट पर चाकू से वार किया, लेकिन मां बेटे ने अपने आपको बचाने की कोशिश की जिसमें दोनों के हाथ पर चाकू लग गए। इसी बीच आसपास के दुकानदार और शाम में पट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। लोगों की मदद से एक को पकड़ा जबकि दूसरा फरार हो गया।

विधानसभा, सचिवालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब विधानसभा, सचिवालय समेत कई सरकारी दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 8:14 बजे ये ईमेल विधानसभा और दिल्ली सरकार से जुड़ी कई अधिकारिक आईडी पर भेजे गए थे, जिनमें दिनभर अलग-अलग समय पर धमाकों की आशंका जताई गई थी। जांच के बाद पुलिस ने ईमेल को फर्जी (हॉक्स) करार दिया है। हालांकि एहतियात के तौर पर सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

धमकी की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड और दमकल विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गईं। कई घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

2 साल से वॉन्टेड आरोपी को पकड़ा

■ NBT न्यूज, टैगोर गार्डन: वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने अपहरण और फिरौती के मामले में दो साल से वॉन्टेड चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान सागर उर्फ कटू के रूप में हुई है। डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर ने बताया कि एसीपी विजय कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राजेश मौर्य की टीम काफी अरसे से इस आरोपी का पता लगाने में जुटी हुई थी। पुलिस को काफी दूर तक चेज करना पड़ा।

रेप केस की जांच में पुलिस को फटकार

रोहिणी कोर्ट ने जांच को 'घोर लापरवाही' और 'संवेदनहीन' करार दिया

Prachi.Yadav
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: रेप जैसे गंभीर मामले की जांच में खामियों को लेकर अदालत ने दिल्ली पुलिस पर कड़ी टिप्पणी की है। रोहिणी कोर्ट स्थित एक सत्र अदालत ने जांच एजेंसी के रवैये को घोर लापरवाही भरा और संवेदनहीन बताया है। कोर्ट ने कहा कि खराब जांच के कारण पुलिस खुद सवालों के घेरे में आ गई है। कोर्ट ने संबंधित DCP को निर्देश दिया है कि वे इस खराब जांच के पीछे के कारणों और हालात पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

यह मामला शुभम नाम के आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत दर्ज गंभीर आरोपों से जुड़ा है, जिसमें धोखे से यौन संबंध बनाने का आरोप शामिल है। इसके साथ ही मामले में दहेज निषेध अधिनियम के आरोप भी लगाए गए हैं। आरोपी की ओर से एडवोकेट रवि दराल ने जमानत अर्जी दाखिल की और कोर्ट के सामने कई अहम फैक्ट रखे। एडिशनल सेशन जज कपिल कुमार ने इन फैक्ट्स पर विचार करते हुए पाया कि जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर नेहा खत्री और उनके सीनियर अधिकारियों ने जानबूझकर जांच में लापरवाही बरती है। 6 अप्रैल को हुई जमानत सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जांच में कई गंभीर चूकें पाईं, जिससे अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर हो गया। आरोप है कि आरोपी शुभम पीड़िता से शादी का वादा करने के साथ-साथ दूसरी महिला के साथ भी संबंध में था लेकिन जांच अधिकारी ने उस महिला का बयान दर्ज नहीं किया और न ही उसे जांच में शामिल किया।

कोर्ट ने यह भी पाया कि ऑडियो रिकॉर्डिंग की पुष्टि के लिए जरूरी आवाज के नमूने भी जमा नहीं किए गए, जबकि फरवरी से इसकी जरूरत बताई जा रही थी। इसके अलावा 18 दिसंबर 2025 को तय कथित शादी से जुड़े बैंक्वेट हॉल मालिक का बयान भी दर्ज नहीं किया गया।

AI image

गंभीर कमियां

- DCP को विस्तृत रिपोर्ट देने का आदेश, 13 अप्रैल को अगली सुनवाई
- कोर्ट ने जांच में गंभीर चूकें पाईं, जिससे अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर हो गया

ड्यूटी से लौट रहे युवक से बाइक और फोन लूटा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: विजयनगर क्षेत्र में ड्यूटी कर घर लौट रहे एक युवक को बदमाशों ने सुनसान रास्ते पर रोक लिया और घेरकर पीटा। इसके बाद बदमाशों ने मोबाइल और बाइक लूट ली। मामले में सर्वोदय नगर निवासी अरुण कुमार ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में अरुण कुमार ने बताया कि 6 अप्रैल की रात ड्यूटी कर वह तिगरी गोल चक्कर से घर लौट रहे थे। रात करीब दो बजे के आसपास जब वह विजयनगर अंडरपास तान हाइवे के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाए बैठे दो अज्ञात बदमाश अचानक उनके सामने आए, बदमाशों ने उन्हें रोककर पहले धक्का दिया और फिर बिना कुछ कहे मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से वह संभल नहीं पाए थे। इसके बाद बदमाशों ने उन्हें जमीन पर गिरा दिया और बेरहमी से पीटा। इसी बीच बदमाशों ने पहले उनका मोबाइल लूटा और बाइक की चाबी भी छीन ली और दोनों बाइक व मोबाइल लेकर भाग गए। अरुण ने कहा कि घटना के समय घटनास्थल पर काफी अंधेरा था। घायल अवस्था में वह किसी तरह अपने घर पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने विजयनगर थाने में लिखित शिकायत दी। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने कहा कि शिकायत के आधार पर 8 अप्रैल को केस दर्ज कर लिया गया है।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

परिशिष्ट IV (नियम 8(1)) देखें कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

[illegible]

दिनांक: 08.04.2026 स्थान: गुरुग्राम (अधिकृत अधिकारी), कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या-11/2026 दिनांक-08.04.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, उ०म०रे०, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या	विवरण	मात्रा	ई.म.डी. ₹	निविदा खुलने की तिथि
19257104A	टूल किट वैन ट्रैकमैन / कीमैन / पेट्रोलमैन के लिए संलग्न तकनीकी विनिर्देश और चित्र के अनुसार।	12736 नग	₹ 1,33,730/-	05.05.2026

नोट- 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I. T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंशियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म / लैटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 774/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

मीट कारोबारी से लूट में तीन बदमाश गिरफ्तार, एक नाबालिग को भी पकड़ा

■ NBT न्यूज, दादरी

नाबालिग दोस्त की कार से आरोपियों को वारदात के लिए लेकर गया था

जीटी रोड पर चिटेहरा गांव के पास चार दिन पहले बाइक सवार मीट कारोबारी से कार सवार आरोपियों ने हथियार के बल पर नकदी लूट ली थी। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू मारकर उसे घायल कर दिया और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग को पकड़ा है। इनके कब्जे से लूट के 62 हजार रुपये, हथियार और कार बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मेवो की चौपाल निवासी रिहान उर्फ माने, पुराना कटेहरा रोड निवासी समर और नई आबादी निवासी सादान के रूप में हुई है। घटना में शामिल नाबालिग (10वीं पास) दोस्त की कार लेकर अन्य आरोपियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा था। उसने पीड़ित की बाइक में टक्कर मारकर उसे गिराया और फिर लूटपाट की गई। एडीसीपी ग्रेनो-2 प्रशाली गंगवार ने बताया कि बुलंदशहर के सिकंदराबाद निवासी मोहम्मद आरिफ दादरी क्षेत्र में मुर्गों के मीट की सप्लाई करता है। छह अप्रैल की रात वह करीब एक लाख 80 हजार रुपये की नकदी लेकर वापस लौट रहा था। जब वह जीटी रोड पर चिटेहरा गांव के पास पहुंचा, तो आरोपियों ने बाइक में टक्कर मारकर उसे गिरा दिया और उसके पास से नकदी लूट ली। विरोध करने पर उसके पैरों में चाकू मारकर घायल कर दिया और कार से फरार हो गए। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली और कार्रवाई के लिए 4 टीमें गठित कीं। आरोपियों ने लूटी गई नकदी का आपस में बंटवारा किया। इसके बाद मौज-मस्ती के लिए एक शोरूम से कपड़े और जूते खरीदे और क्लब पहुंचे, जहां शराब पीकर डांस किया।

पीड़ित की कई दिनों से की जा रही थी रेकी

पुलिस के अनुसार पीड़ित रोजाना मीट लेकर आता था और देर शाम को कलेक्शन लेकर जाता था। आरोपी मौज-मस्ती और अवैध तरीके से धन कमाने के लिए योजना बना रहे थे। तीनों आरोपियों ने योजना बनाकर कार की व्यवस्था के लिए नाबालिग को तैयार किया। नाबालिग अपने दोस्त की कार से आरोपियों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचा था। एडीसीपी ग्रेनो-2 प्रशाली गंगवार ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। संभवतः उन्होंने पहली बार लूट की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने चलती सड़क पर खुलेआम लूटपाट की थी। उनके कब्जे से लूटी गई नकदी, घटना में प्रयुक्त कार और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें

t.me/nbtdilli

बिजली की लाइन टूटने से चार बीघा फसल जली

ग्रामीणों की तत्परता से लगभग 13 बीघा फसल को समय रहते बचा लिया गया

■ NBT न्यूज, दनकौर

कोतवाली क्षेत्र के मकनपुर खादर गांव में बुधवार रात 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन टूटकर खेत में गिर गई। इससे निकली चिंगारी से गेहूं की करीब चार बीघा फसल जलकर राख हो गई। जबकि ग्रामीणों की तत्परता से लगभग 13 बीघा फसल को बचा लिया गया। पीड़ित किसान ने इस संबंध में बिजली विभाग के खिलाफ पुलिस से मामले की गुरुवार को शिकायत की है।

पीड़ित किसान सुनील शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास गांव के पास करीब 17 बीघा खेत है, जिसमें गेहूं की फसल पककर तैयार थी और कटाई का कार्य चल रहा था। आरोप है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली की लाइन जर्जर हालत में थी और इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ी घटना टल गई। हालांकि चार बीघा फसल पूरी तरह जल गई, जिससे किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका, पिंपरी -४११०१८

यांत्रिकी विभाग

ई - निविदा सुचना क्र. ०१/२०२६-२७

म.न.पा.च्या आरोग्य विभागाचे नाले सफाईच्या कामकाजासाठी मशिनरी व आवश्यक मनुष्यबळ ३ वर्षे कालावधीकीरता भाडेतत्वावर घेणेकामी दर मागविणेत येत आहेत.

अ. क्र.	कामाचा तपशील	निविदा र.रु. (तीन वर्षे कालावधीसाठी)	बयाणा र.रु.	अनामत र.रु.	कामाचा कालावधी	निविदा फॉर्म फी परत न मिळणारी
१.	म.न.पा.च्या आरोग्य विभागाचे नाले सफाईच्या कामकाजासाठी प्रपत्र अ येथे नमुद केलेल्या मशिनरी भाडेतत्वावर वापरुन कामकाज करणेकरीता ३ वर्षे कालावधीकीरता दर मागविणेत येत आहेत.	१०,१५,००,०००/-	५,०७,५००/-	५०,७५,०००/-	०३ वर्षे	७२,९९०/-

निविदेचे वेळापत्रक

१	ई निविदा उपलब्ध कालावधी	दि. १३/०४/२०२६ ते दि. २०/०४/२०२६
२	निविदा स्विकृती अंतिम दिनांक व वेळ	दि. २०/०४/२०२६ दुपारी ३.०० पर्यंत
३	निविदा उघडणेचा दिनांक	दि. २१/०४/२०२६
४	प्रिबिड मिटींग दिनांक	दि. १५/०४/२०२६ स. ११.०० वा. मा. सह शहर अभियंता (वि) १ यांचे कार्यालय, पिं.चिं.म. न.पा. मुख्य प्रशासकीय इमारत, विद्युत विभाग, पहिला मजला, पिंपरी ४११ ०१८

कोणतेही कारण न देता निविदा पुर्णत: किंवा अंशत: मंजूर अथवा नामंजूर करणेचा अधिकार मा. आयुक्त यांनी स्वत:कडे राखून ठेवला आहे. निविदा संचाची विक्री http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर ई- निविदा सुचनेत नमूद केलेल्या तारखेनुसार सुरू राहील. सविस्तर निविदा व निविदेबाबतची इतर माहिती http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे. सदरची ई – निविदा प्रणाली वापराबाबत काही अडचण निर्माण झाल्यास NIC यांचेकडील ई-मेल support.eproc@nic.in अथवा help Desk Number -0120-4200462, 0120-4001005, 0120- 6277787 या दुरध्वनीवर संपर्क साधावा.

सही/-

सह शहर अभियंता(वि)-१

पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका

पिंपरी-१८

जाहीरात क्र. २०२६-२७/११

TIMES interact

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

कार्यालय सूचना

[illegible]

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

सार्वजनिक सूचना

[illegible]

अक्षरा इंडिया लिमिटेड

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS

• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

कोल्ड ड्रिंक से लदा ट्रक गड्ढे में पलटा, ड्राइवर हुआ घायल

■ NBT न्यूज, हापुड़

हाफिजपुर क्षेत्र के नैशनल हाइवे-334 पर कोल्ड ड्रिंक से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। जिससे ट्रक ड्राइवर घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, राजस्थान निवासी अली (36) कोल्ड ड्रिंक से लदा ट्रक लेकर हापुड़ से बुलंदशहर जा रहा था। हाफिजपुर क्षेत्र के गांव अकड़ौली के पास होटल सतबीर के सामने पहुंचते ही चालक को अचानक नींद आ गई, जिस कारण वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ऐम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायल चालक को तुरंत जिला अस्पताल हापुड़ भेजा गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पलटे हुए ट्रक को हाइवे से हटवाया और यातायात सुचारू रूप से बहाल किया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले में कोई जनहानि नहीं हुई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

मोतीबाग, नागपुर में क्रेन्स की CAMC के लिए ई-निविदा सूचना

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIBW, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित है.

निविदा सूचना संख्या: MIBW-2025-19-06-03-06R **दिनांक:** 28.03.2026

कार्य का विवरण: मोतीबाग वर्कशॉप में स्थापित 10 EOT क्रेन्स और 06 पिलर माउंटेड जिब क्रेन्स का 03 साल की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।

अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,62,14,145/- (रु. एक करोड़ बासठ लाख चौदह हजार एक सौ पैंतालीस मात्र), सभी करों सहित।

बयाना राशि: ₹ 3,24,300/- (रु. तीन लाख चौबीस हजार तीन सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 03 (तीन) वर्ष.

निविदा प्रपत्र मूल्य: ₹ 0 (शून्य)।

निविदा जमा करना: बोलीदाता अपनी मूल्य संशोधित बोलियां दिनांक **20.04.2026** के 11:00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है व इन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक कार्यशाला प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग, नागपुर

MS/03-19

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

नकली पैकिंग में सामान बेचने का आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, हापुड़: पिलखुवा क्षेत्र में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली सेनेटरी का सामान बेचने के आरोप में पुलिस ने एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है और उसके गोदाम से 20 लाख रुपये का माल भी बरामद किया।

जानकारी के मुताबिक, पिलखुवा के मोहल्ला बजरंगपुरी स्थित वाणिक उद्योग में सेनेटरी के सामान का गोदाम है। कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस से दुकानदार द्वारा नकली पैकिंग कर कंपनी के नाम पर सामान बेचने का आरोप लगाया, जिस पर पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों सहित गोदाम पर छापेमारी की, जहां कंपनी के खाली रैपर, गत्ते के डिब्बे, पैकिंग, बारकोड स्टिकर और एमआरपी स्लिप मिली हैं। इनका इस्तेमाल ब्रांडेड सामान के नाम पर धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा था। जांच में पता चला कि टोंटी और पाइप जैसे उत्पादों के नाम पर नकली पैकिंग कर बाजार में सप्लाई की जा रही थी। इससे ग्राहकों को गुमराह किया जा रहा था। कंपनी की ओर से मैनेजर मनीष मित्तल ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई, जिसमें बड़ी मात्रा में फर्जी सामग्री पकड़ी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि मामले में एक दुकानदार को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है।

20 लाख का माल किया गया बरामद

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति	02-SRDEE-G-DLI-2026-27, इसके संबंधित विद्युत कार्य (i) बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली स्थित सेवा भवन अनुलग्नक–II के अतिरिक्त फर्श, दीवारें, कमरे, हॉलों और सीढ़ियों की मरम्मत। (ii) बड़ौदा हाउस स्थित अनुलग्नक–I के मुख्य भवन के भूतल और प्रथम तल पर स्थित जी शाखा के सामान्य प्रशासन अनुभाग और महाप्रबंधक के सम्मेलन कक्ष की मरम्मत। (iii) बड़ौदा हाउस स्थित अनुलग्नक–I में भंडार विभाग के हॉलों और कमरों की मरम्मत।
निविदा की अनुमानित लागत	रु. 8997820.00/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि	रु. 180000.00/-
निविदा निर्गमन की दिनांक व समय	30.04.2026, 16.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय	30.04.2026, 16.00 बजे
वेबसाइट व नोटिस बोर्ड	www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली

1177/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

TIMES TRIBUTE

PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL



To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

18th Death Anniversary of our beloved **Lala Ji Malik Harbhagwan Das Batra** who left us on this day (10th April, 2008). Years have passed that you are up with almighty leaving behind your sweet memories you are always in our thoughts & hearts. All fmly members of Late Ram Singh Batra, Meenu Batra. 9810007740.

In Loving Memory of
ABHIJEET SRIVASTAVA
(03.03.1993 - 10.04.2018)
Forever Remembered
Forever Missed

As we mark the 8th year of your Heavenly Abode remembrance, our hearts overflow with cherished memories, and the profound absence of our Beloved Son . Your love & smile remain inseparable from us. Your wisdom, strength, & unwavering affection continue to inspire us every day- a testament to your pure & pious soul. Though unseen, we feel your presence in countless ways. We know you never truly left. You live in our hearts-invisible to the eye, yet forever felt in our souls. With love, reverence, & eternal remembrance,
Anjali - Dhirendra (Mumma - Papa), Akansha - Abhinav (Bhabhi - Bhai), Family, Friends & Relatives.

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 30 lines

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

फटाफट खबरें

बच्ची की हत्या का आरोप, मां गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, आगरा: आगरा में यमुना आरती स्थल के पास मंगलवार को नाले में तीन साल की बच्ची का शव मिला था। पुलिस ने गुरुवार को हत्या का खुलासा करते हुए बच्ची की मां गिरफ्तार किया। नाले में शव देख पुलिस ने राहगीरों को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर बच्ची की हत्या की आशंका जताई थी। इसके बाद आसपास के थानों में बच्ची की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए गए थे।

फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: एटा जिले में एक मृत व्यक्ति की जमीन का बैनामा उसकी मौत के बाद कर दिया गया। रसीदपुर जैथरा निवासी सूरजपाल की मौत 18 जनवरी 2023 को हो गई थी। इसके बावजूद, 21 दिसंबर 2024 को उनकी जमीन का बैनामा दो अन्य व्यक्तियों के नाम पर कर दिया गया। इस फर्जीवाड़ा का खुलासा तब हुआ जब जमीन खरीदने वाले मैनपुरी निवासी नितेश प्रताप सिंह और पंकज सिंह चौहान साथियों के साथ जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे।

सहारनपुर: झगड़े में युवक की मौत

■ NBT न्यूज, सहारनपुर: सहारनपुर जिले में बुधवार देर शाम खेत की मेड़ को लेकर हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। झगड़े में 58 वर्षीय किसान इस्लाम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इस्लाम अपने बेटे तबरेज के साथ बुधवार शाम को काम कर रहे थे तभी पड़ोसी किसान अपने बेटों के साथ वहां पहुंचे और मेड़ को लेकर बहस करने लगे। बहस धीरे-धीरे झगड़ा में बदल गया। देखते ही देखते लाठी डंडे चलने लगे। आरोप है कि पड़ोसी पक्ष ने इस्लाम पर लाठी डंडो से हमला कर दिया।

ब्रिज से गिरा मजदूर, घायल

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: शहर में जाम से छुटकारा पाने के लिए बनाए जा रहे पुल से गिरकर गुरुवार की दोपहर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए, जहां उसकी हालात गंभीर बनी हुई है। जनपद पीलीभीत क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय सुब्रामंगल जैन मंदिर के नजदीक बन रहे ओवरब्रिज पर कामकर रहे थे। गुरुवार की दोपहर काम करते समय अचानक वह गिर गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

मेरठ में अवैध निर्माण 2 माह में हटाएं, कानून का राज जनभावना के आगे नहीं झुकेगा: SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मेरठ में अवैध निर्माणों पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाते हुए शास्त्री नगर योजना क्षेत्र की 859 संपत्तियों को दो महीने के भीतर हटाने का आदेश दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सेटबैक अर्थात इमारतों के चारों ओर निर्धारित अनिवार्य खुले स्थान पर हुए सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाएं। अदालत ने साफ कहा कि कानून का राज 'जनभावना या शोर-शराबे' के आगे नहीं झुक सकता।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को फटकार लगाते हुए पूछा कि आखिर कैसे स्कूल, अस्पताल और राष्ट्रीयकृत बैंक तक पूरी तरह 'अवैध और अनधिकृत' इमारतों से चल रहे हैं। अदालत ने कहा कि बच्चों, मरीजों और आम लोगों की जान सबसे अहम है, कारोबार नहीं। पीठ ने टिप्पणी की कि लोगों की जिंदगी की कीमत पर व्यापार नहीं चल सकता। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि 859 अवैध ढांचों में से 44 का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों के लिए हो रहा है। इनमें 6 स्कूल, 6 अस्पताल, 4 बैंक्वेट हॉल, 3 राष्ट्रीयकृत बैंक और 1 एनबीएफसी शामिल हैं। इस पर अदालत ने विशेष चिंता जताई। जस्टिस पारदीवाला ने सवाल किया कि इन स्कूलों को चलाने की अनुमति किसने दी, भवन योजना किसने मंजूर की और जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति कहां है। यूपी आवास और विकास परिषद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव शकधर ने अदालत को बताया कि अगला कदम सभी अवैध सेटबैक को हटाना है।

■ कोर्ट ने कहा, पहले कब्जाधारकों को नोटिस जारी करें। ■ नोटिस के बाद, 10-15 दिन में खुद हटाने को बोले। ■ कार्रवाई नहीं होने पर प्रशासन तोड़े, खर्च मालिकों से ले

पहले मालिकों को नोटिस जारी करें: कोर्ट

अदालत ने प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी संबंधित कब्जा धारकों और भवन मालिकों को नोटिस जारी किया जाए। उन्हें 10 से 15 दिन का समय दिया जाए ताकि वे खुद अवैध सेटबैक हटा लें। अगर तय समय में ऐसा नहीं होता, तो प्रशासन खुद ध्वस्तीकरण करेगा और उसका खर्च संबंधित लोगों से वसूला जाएगा। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि 44 संपत्तियों पर तत्काल कार्रवाई के अलावा करीब 815 अन्य अनधिकृत संपत्तियां भी इसी योजना क्षेत्र में मौजूद हैं। अदालत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन बाकी संपत्तियों से निपटने के लिए भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि 44 चिन्हित संपत्तियों की स्थिति पर हलफनामा दाखिल किया जाए। इसमें हर संपत्ति की सीलिंग से पहले और बाद की तस्वीरें शामिल हों।

मेरठ बंद का दिखा असर, सन्नाटा रहा बाजार

■ NBT न्यूज, मेरठ: सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बुधवार को सेंट्रल मार्केट के 44 प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में व्यापार संघ ने गुरुवार को मेरठ बंद का ऐलान किया था। मेरठ बंद के आवाह्न के चलते गुरुवार को सेंट्रल मार्केट, जागृति विहार, गढ़ रोड, भगत सिंह मार्केट, सदर, आबूलेन और बेगमपुल सहित शहर के तमाम बड़े बाजार बंद रहे। जबकि कई मुस्लिम इलाकों में दुकानें खुली देखी गईं। आईएमए ने बंद को समर्थन दिया था। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने बताया कि गुरुवार को सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक करीब 1200 डॉक्टरों की ओपीडी बंद रही। शहर की सड़कों पर बंद का असर देखने को मिला। अधिकांश रास्तों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से सेंट्रल मार्केट सहित शहर के अधिकांश बाजारों में पुलिस और सुरक्षा बल तैनात रहे।



मेरठ का ढाई लाख व्यापारी सेंट्रल

कानूनी तरीके से लड़ेंगे लड़ाई: सेंट्रल मार्केट में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारी नेताओं ने सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों को संबोधित करते हुए दावा किया कि इस लड़ाई में मेरठ का ढाई लाख व्यापारी सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के साथ है। सुप्रीम कोर्ट में सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के साथ हुए अत्याचार को प्रमुखता के साथ सामने रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में पैरवी के लिए सेंट्रल मार्केट के व्यापारी बड़े से बड़ा वकील खड़ा करें। इस मुद्दे को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के सामने भी उठाया जाएगा।

बिजनौर: MBBS छात्र की रैगिंग के आरोप में 11 सीनियर्स सस्पेंड

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: बिजनौर जिले के महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में MBBS छात्र की रैगिंग के आरोप में कॉलेज प्रशासन ने 11 छात्रों को निलंबित कर दिया। साथ ही जुर्माना भी लगाया। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि एक महीने पहले MBBS प्रथम वर्ष के छात्र से रैगिंग का मामला संज्ञान में आया था। दरअसल, बिजनौर जिले के महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में MBBS द्वितीय सत्र में प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। दूसरे जिले और प्रदेश के छात्र भी यहां पढ़ाई कर रहे हैं। यहीं पर सीनियर छात्रों के द्वारा जूनियर छात्रों के रैगिंग का मामला सामने आया था। पीड़ित छात्र ने एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर रैगिंग की शिकायत की। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग के आरोप में MBBS द्वितीय वर्ष के 11 छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की। एक छात्र पर 10 हजार रुपये जुर्माना और छह सप्ताह का निलंबन, एक अन्य पर 10 हजार रुपये जुर्माना और चार सप्ताह का निलंबन, एक छात्र को पांच हजार रुपये जुर्माना और दो सप्ताह का निलंबन और आठ छात्रों को दो सप्ताह के निलंबन की सजा दी गई है। कॉलेज के प्रिंसिपल तुहीन वशिष्ट का कहना है कि छात्र की रैगिंग का मामला एक माह पुराना है। रैगिंग करने वाले छात्रों पर कार्रवाई की जा चुकी है। आरोपी छात्रों के अभिभावकों को बुलाकर काउंसलिंग कराई गई थी। कार्रवाई से पीड़ित छात्र और उनके अभिभावक संतुष्ट हैं।

छात्रों ने प्रशासन से कर दी थी शिकायत

बिजनौर जिले के महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में MBBS के सीनियरों द्वारा जूनियर छात्रों के रैगिंग की गई थी। पीड़ित छात्रों ने एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर रैगिंग की शिकायत कर दी। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग के आरोप में MBBS द्वितीय वर्ष के 11 छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की और उन्हें कुछ हफ्तों के लिए सस्पेंड कर दिया।

दुधवा बाघ अभयारण्य में 25 गिद्धों की संदिग्ध हालात में मौत

मृत कुत्तों के मांस खाने से मौत की आशंका जताई गई है

■ भाषा, लखीमपुर खीरी

File

दुधवा बाघ अभयारण्य के बफर जोन की भीरा रेंज में मंगलवार को 25 गिद्धों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए गुरुवार को गिद्धों के आंतरिक अंगों के नमूने जांच के वास्ते भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान भेजे गए हैं। दुधवा बफर जोन की उप निदेशक कीर्ति चौधरी ने बताया कि लुप्तप्राय प्रजाति के 25 गिद्ध बफर जोन के अंतर्गत आने वाले सेमराई गांव के एक खेत में मंगलवार को मृत पाए गए थे। इन गिद्धों में से अधिकांश हिमालयन ग्रिफिन प्रजाति के माने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उसी खेत में पांच अन्य गिद्ध अचेत अवस्था में मिले थे। उन्हें तत्काल इलाज उपलब्ध कराया गया और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उन्हें जंगल में छोड़ दिया गया है।

चौधरी ने मीडिया को बताया कि उसी खेत में कुछ दूरी पर मृत कुत्ते भी बरामद किए गए, ऐसे में आशंका है कि गिद्धों की मौत कुत्तों के अवशेष खाने से हुई है। उन्होंने बताया कि पशु डॉक्टरों के एक पैनल ने 23 गिद्धों का पोस्टमॉर्टम किया। डीटीआर के क्षेत्रीय निदेशक और मुख्य वन संरक्षक डॉ. एच. राजमोहन के निर्देश पर दो मृत गिद्ध और 23 गिद्धों के विसरा आगे की जांच और विश्लेषण के लिए बरेली स्थित आईवीआरआई भेजे गए हैं। पोस्टमॉर्टम पैनल के सदस्य डॉ. दया शंकर ने बताया कि परीक्षण में यह सामने आया है कि मृत कुत्तों में कोई जहरीला पदार्थ मौजूद था, जिसे खाने के कारण 25 गिद्धों की मौत हो गई और पांच अन्य बीमार पड़ गए।

आयोग आज जारी करेगा UP की फाइनल वोटर लिस्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

File

चुनाव आयोग यूपी की फाइनल वोटर लिस्ट शुक्रवार को जारी करेगा। इसमें वोटर्स की संख्या 13 करोड़ से अधिक रहने की संभावना है। ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल कुछ वोटर्स के नाम जहां नोटिस के बाद हुई सुनवाई में कटे हैं, वहीं नए वोटर्स के भी नाम जुड़े हैं। यही वोटर लिस्ट भविष्य में होने वाले रिवीजन का आधार बनेगी। चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के आधार पर 6 जनवरी को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी जिसमें 2.89 करोड़ नाम कट गए थे। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 12.55 करोड़ वोटर्स के नाम थे। इसमें भी 1.04 करोड़ वोटर की 2003 के एसआईआर से मैपिंग न होने और 2.22 करोड़ वोटर को तार्किक विसंगति के आधार पर नोटिस जारी की गई थी। सूत्रों के अनुसार मैपिंग के आधार पर नोटिस पाने वाले कुछ वोटरों के नाम दस्तावेज के अभाव में कट गए हैं। वहीं, करीब 2.68 लाख से अधिक फार्म 7 नाम काटे जाने के लिए जमा किए गए थे। इनके भी नाम वोटर लिस्ट से बाहर होंगे।

'फाइनल लिस्ट के बाद भी बदलाव के आवेदन'

एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने से लेकर दावे और आपत्तियों के चरण में 86 लाख से अधिक वोटर्स ने नाम जोड़ने के लिए भी आवेदन किया गया था। इन आवेदनों की समीक्षा कर उनके नाम भी सूची में जोड़े गए हैं। फाइनल लिस्ट जारी होने के बाद भी वोटर बनने या किसी अन्य बदलाव के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। शुक्रवार को सभी बूथों पर वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी, इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी मान्यता प्राप्त दलों के साथ बैठक कर उन्हें भी इसकी प्रति उपलब्ध करवाएंगे।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से बीजेपी का सियासी दांव

■ शादाब रिजवी, मेरठ: दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण को भारतीय जनता पार्टी बड़े सियासी मौके के रूप में देख रही है। 14 अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम के जरिए पार्टी एक साथ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली तीनों राज्यों में चुनावी संदेश देने की तैयारी में है। करीब 210 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे को BJP 'विकास के मॉडल' के तौर पर जनता के बीच पेश करना चाहती है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, यह पूरा कार्यक्रम 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

प्रधानमंत्री एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करने के बाद उत्तराखंड जाएंगे। वहां वे डाट काली मंदिर में पूजा करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही रोड शो भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि यह कार्यक्रम उत्तराखंड में मिशन 2027 की शुरुआत का संकेत होगा।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने इसे बड़े उत्सव के रूप में मनाने की बात कही है, जिसमें स्थानीय संस्कृति गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी लोकनृत्य की झलक भी देखने को मिलेगी।

यूपी में योगी की सियासी हुंकार

उधर, जब पीएम मोदी उत्तराखंड में होंगे, उसी समय उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सहारनपुर में जनसभा करेंगे। यह एक्सप्रेस वे गाजियाबाद, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से होकर गुजरता है, इसलिए वेस्ट यूपी में इसका खास असर माना जा रहा है।

सहारनपुर के गणेशपुर में होने वाली इस सभा में सीएम योगी विकास परियोजनाओं का ऐलान भी कर सकते हैं। साथ ही, पश्चिमी यूपी में चल रही जातीय राजनीति के बीच सामाजिक एकता का संदेश देने की भी कोशिश होगी।

दिल्ली में भी सियासी तैयारी: दिल्ली से शुरू होने वाले इस एक्सप्रेस-वे को लेकर वहां भी राजनीतिक हलचल तेज है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उद्घाटन के मौके पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में यूपी के लोग रहते हैं, जिन्हें साधने के लिए इस प्रोजेक्ट को एक बड़े तोहफे के रूप में पेश किया जाएगा।

आंबेडकर जयंती के दिन उद्घाटन

14 अप्रैल को आंबेडकर की जयंती के दिन उद्घाटन होना भी खास माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, BJP इस मौके के जरिए दलित समाज को जोड़ने का संदेश देना चाहती है। पार्टी इस एक्सप्रेस-वे को आंबेडकर को समर्पित कर दलित वोट बैंक में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर सकती है।

मथुरा: आईपीएल मैच में सट्टेबाजी करते 6 अरेस्ट

AI Image

■ NBT न्यूज, मथुरा: थाना सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद से गुरुवार को पुलिस ने IPL मैच में सट्टेबाजी करने वाले 6 लोगों को अरेस्ट किया। ये लोग IPL के मैच में एक स्थान पर बैठकर सट्टेबाजी में बुकी का काम करते थे। पुलिस ने इनके पास से डेढ़ लाख से अधिक की नकदी, कई मोबाइल, लैपटॉप और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद में IPL मैच में सट्टेबाजी कराने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सीओ सिटी आसना चौधरी ने एक गोपनीय टीम बनाई। मुखबिर से औरंगाबाद में एक घर में बैठकर सट्टेबाजी करने वाले गिरोह के बारे में पता चला। पुलिस ने बताए स्थान पर घेराबंदी की और लक्की सैनी नामक व्यक्ति के घर पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से छह लोगों को अरेस्ट किया, जिनमें आदिल, रिजवान, किशोर, मुकेश कुमार, बांके बिहारी और बॉबी शामिल हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए लोगों में बांके बिहारी शर्मा बीजेपी के सदर बाजार मंडल से उपाध्यक्ष हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, चेकबुक और 163530 रुपए नगद बरामद किए हैं।

बुनकर बहुल क्षेत्रों को विकसित बनाएं: योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

File

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। ये क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित हो। योगी ने गुरुवार को हथकरघा विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ें: CM

CM ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' और 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करें। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि होगी। डिजिटल प्लैटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान दें, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके। योगी ने पावरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की जरूरत भी बताई। इस संबंध में हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in